उज्जैन
बुधवार
03
दिसम्बर, 2025
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-31
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



जया बच्चन ने शादी को बताया आउटडेटेड एक्ट्रेस ने कहा- वह नहीं चाहतीं कि मेरी नातिन नव्या शादी करें



# सिंहस्थ मुख्यमंत्री के लिए सबसे बड़ी चुनौती

## आशीष सिंह और रोशन सिंह है सीएम मोहन यादव के नवरत्न

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

संभागायुक्त और सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह के साथ ही कलेक्टर रौशन सिंह भी सीएम डॉक्टर मोहन यादव के नवरत्नों में शामिल है। इनके अलावा अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री नीरज मंडलोई, अपर मुख्य सचिव शिव शेखर शुक्ला, सचिव आलोक सिंह, अपर सचिव डॉ. इलैया राजा टी, अपर सचिव चंद्रशेखर वालिम्बे, राजेश कुमार हिंगणकर, जनसंपर्क आयुक्त दीपक सक्सेना भी शामिल है।

दरअसल, मुख्यमंत्री ने प्रशासनिक गतिविधियों को सुचारू रूप से चलाने के लिए ऐसे अफसरों की टीम बनाई है जो सीएम सचिवालय से लेकर मैदान तक मोर्चा संभाल रखा है। मुख्यमंत्री के नवरत्नों में शामिल ये अधिकारी सीएम डॉ. मोहन यादव की घोषणाओं को अमलीजामा पहनाने में मुख्य भूमिका निभाते हैं। मुख्यमंत्री सचिवालय में बैठकर ये पूरे प्रदेश की प्रशासनिक



व्यवस्था पर नजर रखते हैं। वहीं उज्जैन कलेक्टर रौशन सिंह भी सीएम के नवरत्नों में शामिल हैं। उनके ऊपर सिंहस्थ की भव्य तैयारियों का भार है। यहां बता दें की सिंहस्थ मुख्यमंत्री के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। इसलिए उन्होंने तेजतर्रार अफसरों को उज्जैन में पदस्थ किया है।

उज्जैन संभाग आयुक्त आशीष सिंह मुख्यमंत्री के ये नवरत्न ऐसे हैं जिन्हें प्रशासन में बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती सिंहस्थ है। इसको देखते हुए मुख्यमंत्री ने आशीष सिंह को गृह संभाग उज्जैन का संभागायुक्त बनाया गया है।

### लोगों की मानसिकता को गहराई से समझा और परखा

सरकार उन्हें पहले ही 2028 में होने वाले सिंहस्थ मेले का मेला अधिकारी नियुक्त कर चुकी है। उज्जैन के नए संभागायुक्त आशीष सिंह को सिंहस्थ मेला अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। उज्जैन के पूर्व कलेक्टर और वर्तमान इंदौर जिलाधीश आशीष सिंह की महाकाल की नगरी को सबसे ज्यादा जरूरत थी। उन्होंने उज्जैन के चप्पे-चप्पे, राजनीतिक समीकरणों और लोगों की मानसिकता को गहराई से समझा और परखा है। महाकाल मंदिर से जुड़े विकास कार्य, व्यवस्थाएं और सनातन आस्था से जुड़े कई कठिन निर्णयों के शिल्पकार आशीष सिंह रहे हैं और अपने कार्यकाल में वे इसमें सफल भी रहे हैं। स्पष्ट सोच, प्रैक्टिकल दृष्टिकोण और सख्त निर्णय लेने के लिए जाने जाने वाले आशीष सिंह को उज्जैन में 2028 के सिंहस्थ कुंभ की सफलता के लिए अहम किरदार माना जा रहा है।

# बीएचयू में आधी रात को बवाल-पथराव, 50 घायल

## कैंपस छावनी में तब्दील, पीएसी तैनात



ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाराणसी

बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में मंगलवार आधी रात जमकर बवाल हुआ। शिकायत लेकर पहुंचे छात्रों और सुरक्षाकर्मियों के बीच जमकर कहासुनी हुई। देखते ही देखते मामला बिगड़ गया। बात न सुनी जाने का आरोप लगाते हुए छात्रों ने पत्थरबाजी कर दी। हालात बिगड़ता देख पुलिस बुलाई गई।

थोड़ी ही देर में 5 थानों की पुलिस और पीएसी मौके पर पहुंच गई। छात्रों को हॉस्टल तक खदेड़ा। विश्वविद्यालय हॉस्टल मार्ग को पूरी तरह से बंद किया गया। करीब दो घंटे तक कैंपस में तनाव की स्थिति बनी रही। करीब 50 लोगों को चोटें आई है। इसमें 10 पुलिसकर्मी, 20-25 छात्र, 10-15 प्रॉक्टोरियल बोर्ड के सदस्य शामिल हैं। दरअसल, राजाराम हॉस्टल के पास एक गाड़ी से बिड़ला हॉस्टल के छात्र को धक्का लग गया। इससे नाराज छात्र शिकायत लेकर चीफ प्राक्टर ऑफिस पहुंचे। एक्शन न होने पर सुरक्षाकर्मियों से बहस हो गई। थोड़ी देर में सैकड़ों छात्र मौके पर जुट गए और वीसी आवास के बाहर विरोध करने लगे। प्रॉक्टोरियल बोर्ड और स्टूडेंट्स आमने-सामने हो गए। पत्थरबाजी होने लगी। छात्रों ने आरोप लगाया कि प्रॉक्टोरियल बोर्ड की टीम ने सुरक्षाकर्मियों से छात्रों को पिटवाया। पथराव का एक वीडियो भी सामने आया है। इसमें छात्र पत्थरबाजी करते और सुरक्षाकर्मी उन्हें खदेड़ते नजर आ रहे हैं।

### मैं लालची नहीं हूं पर मुझे नोबेल मिलना चाहिए, मैंने 8 युद्ध खत्म किए

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर से नोबेल पीस प्राइज का मुद्दा उठाया है। ट्रम्प का कहना है कि अगर वे यूक्रेन युद्ध खत्म कर देते हैं तो उन्हें नोबेल पुरस्कार मिलना चाहिए। ट्रम्प ने यह भी कहा कि उन्होंने जिन युद्धों को खत्म किया, उसके लिए भी उन्हें शांति का पुरस्कार मिलना चाहिए था, हालांकि वे इसे लेकर लालची नहीं हैं। ट्रम्प ने दावा किया कि इस साल जिस महिला को नोबेल शांति पुरस्कार मिला है, उसने भी कहा कि यह पुरस्कार ट्रम्प को मिलना चाहिए था। उन्होंने कहा है कि वे यूक्रेन में चल रहे युद्ध को खत्म करने को लेकर काफी आशावादी हैं। व्हाइट हाउस में हुई कैबिनेट बैठक में ट्रम्प ने दावा किया कि वे पहले ही आठ युद्धों को खत्म कर चुके हैं और यूक्रेन का यह युद्ध उनका नौवां होगा।




### संसद का शीतकालीन सत्र, आज तीसरा दिन, सदन बिना हंगामे के चलाने पर विपक्ष राजी

**नई दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र का बुधवार को तीसरा दिन हैं। पहले दिन दोनों सदनों में एसआईआर और वोट चोरी के आरोप के मुद्दे पर विपक्ष ने हंगामा किया। दूसरे दिन भी विपक्ष ने संसद के मकर द्वार के सामने रक्फ़के विरोध में प्रदर्शन किया।इसमें सोनिया गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे भी शामिल हुए। विपक्ष रक्फ़ और वोट चोरी के आरोप पर फौरन चर्चा की मांग पर अड़ा रहा था। दोनों सदनों की कार्यवाही चलने नहीं दी। 'वोट चोर- गद्दी छोड़' के नारे भी लगाए थे। इसके बाद लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने दोनों पक्षों को अपने मीटिंग रूम में बुलाया था। यहां सहमति बनी कि आज सदन बिना किसी हंगामे के चलेगा। बिरला से मुलाकात के बाद कांग्रेस नेता के. सुरेश ने बताया- 9 दिसंबर को इलेक्टोरल रिफॉर्म्स यानी चुनावी सुधारों पर 10 घंटे बहस होगी।

### आतंकवादियों से लड़ना ही असली जिहाद : मदनी

**नई दिल्ली।** जमीयत उलेमा-ए-हिंद के प्रेसिडेंट मौलाना महमूद मदनी ने जिहाद वाले बयान पर सफाई दी है। मदनी ने कहा कि उनके बयान से होने वाले किसी भी कन्फ्यूजन की जिम्मेदारी वे खुद लेते हैं। उनके शब्दों को उनके पूरे कॉन्टेक्स्ट के अलावा गलत समझा गया है। न्यूज एजेंसी को दिए एक इंटरव्यू में मदनी ने कहा कि उनका इरादा जिहाद के पवित्र और ऐतिहासिक मतलब को हाईलाइट करना था। लेकिन वे यह पक्का करने की जिम्मेदारी नहीं निभा सके कि इसका गलत मतलब न निकाला जाए।



### मुस्लिमों को मथुरा-ज्ञानवापी पर दावा छोड़ना चाहिए, ये हिंदुओं के लिए मक्का-मदीना जैसे

**कोझिकोड।** इंडिया आर्कियोलॉजिकल सर्वे के पूर्व रीजनल डायरेक्टर केके मुहम्मद ने कहा है कि मुसलमानों को दो और ऐतिहासिक जगहें छोड़ देनी चाहिए जो मंदिर भी हैं। पहली- मथुरा जो भगवान कृष्ण का जन्मस्थान है। दूसरी- ज्ञानवापी जो भगवान शिव से जुड़ी है। न्यूज एजेंसी से बात करते हुए केके मुहम्मद ने कहा कि ये जगहें मुसलमानों को हिंदू समुदाय को भव्य हिंदू मंदिर बनाने के लिए सौंप देनी चाहिए। मथुरा-काशी हिंदुओं के लिए उतने ही महत्वपूर्ण हैं जितने मक्का और मदीना मुसलमानों के लिए हैं। हालांकि उन्होंने यह सुझाव भी दिया कि हिंदू समुदाय को अयोध्या, वाराणसी और मथुरा के अलावा हर मस्जिद के पीछे नहीं जाना चाहिए।

## अगर यूरोप युद्ध चाहता है तो रूस तैयार है, पूरी ताकत से जवाब देंगे

**मॉस्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने मंगलवार को यूरोपीय देशों को कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि अगर यूरोप ने रूस के खिलाफ युद्ध शुरू किया, तो रूस पूरी तरह से जवाब देने के लिए तैयार है। पुतिन ने कहा कि रूस यूरोप से युद्ध नहीं चाहता, लेकिन अगर यूरोप युद्ध शुरू करता है तो मामला इतना जल्दी खत्म होगा कि बातचीत करने वाला कोई नहीं बचेगा।

## किसानों का रेल रोकने का ऐलान 19 जिलों में 26 जगह पटरियों पर बैठेंगे

**अमृतसर।** शंभू-खनौरी बॉर्डर पर आंदोलन करने वाले किसान मजदूर मोर्चा ने 5 दिसंबर को पंजाब में रेलवे ट्रैक जाम करने का ऐलान कर दिया है। केएमएम के संयोजक सरवण पंधेर ने कहा कि पूरे प्रदेश में 26 जगह ट्रेनें रोकी जाएंगी। यह प्रदर्शन दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक यानी 2 घंटे के लिए किया जाएगा। इस दौरान रोड जाम नहीं होगी। पंधेर ने कहा कि एमएसपी की गारंटी के कानून समेत किसानों की कई मांगों पर केंद्र और पंजाब सरकार की तरफ से फैसला नहीं लिया गया है।

### रक्षा समझौते को रूसी संसद की मंजूरी

# भारत और रूस एक-दूसरे का मिलिट्री बेस इस्तेमाल कर सकेंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मास्को

रूस की संसद के निचले सदन स्टेट ड्यूमा ने मंगलवार को भारत और रूस के बीच हुए एक सैन्य समझौते रेलोस को मंजूरी दे दी है। इसके तहत दोनों देशों की सेनाएं एक-दूसरे के मिलिट्री बेस, फैसिलिटीज और संसाधनों का इस्तेमाल और एक्सचेंज कर सकेंगी।

इनके विमान, वॉरशिप ईंधन भरने, मिलिट्री बेस पर डेरा डालने या अन्य लॉजिस्टिक सुविधाओं का इस्तेमाल कर सकेंगे। इस पर आने वाला खर्च बराबर-बराबर उठाया जाएगा। यह मंजूरी राष्ट्रपति पुतिन के भारत दौरे से दो दिन पहले दी गई है। यह समझौता इस साल 18 फरवरी को भारत और रूस के बीच किया गया था। पिछले हफ्ते रूसी प्रधानमंत्री मिखाइल मिशुस्तिन ने इसे संसद में मंजूरी के लिए भेजा था।



रूसी संसद के स्पीकर ने कहा कि भारत और रूस के रिश्ते बहुत मजबूत हैं और यह समझौता उन रिश्तों को और बेहतर बनाएगा। रूसी सरकार ने भी बताया कि इस समझौते से दोनों देशों की सैन्य साझेदारी और ज्यादा मजबूत होगी और जरूरत के समय एक-दूसरे की मदद करना आसान हो जाएगा। इस समझौते के बाद भारत ऐसा पहला देश बन जाएगा, जिसका अमेरिका और रूस के साथ सैन्य इन्फ्रास्ट्रक्चर साझा करने का समझौता होगा।

## आंध्र प्रदेश में आईएएस अफसर की बेटी ने फांसी लगाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ताडेपल्ली

आंध्र प्रदेश में वरिष्ठ आईएएस अधिकारी चिन्ना रामुडु की 25 साल की बेटी माधुरी साहितिबाई ने अपने मायके ताडेपल्ली में आत्महत्या कर ली। रविवार को माधुरी के बाथरूम से बाहर न निकलने पर परिवार वालों ने दरवाजा तोड़ा। वह फांसी पर लटकी मिली।

जांच में यह सुसाइड का मामला निकला है। माधुरी ने कुछ महीने पहले अपने पति राजेश नायडू पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया था। माधुरी और राजेश ने 5 मार्च 2025 को प्रेम विवाह किया और 7 मार्च को अपने-अपने परिवारों को इसकी जानकारी दी थी। इसके बाद शादी रजिस्टर भी कराई गई थी। प्रेम संबंध के दौरान माधुरी ने बैकलॉग की वजह से अपना बीटेक कोर्स बीच में ही छोड़ दिया था।



## खबर एक नजर...

### पेट्रोल छिड़कर बदमाश ने कार में लगाई आग

**उज्जैन।** नानाखेड़ा क्षेत्र में रात पौने 2 बजे के लगभग बदमाश ने पेट्रोल छिड़कर कार में आग लगा दी। आग की सूचना पर फायर बिग्रेड को दी गई। लेकिन फायर बिग्रेड के आने से पहले आग पर काबू पा लिया गया। कार मालिक ने मामले की शिकायत लिखित में पुलिस को दर्ज कराई है। नानाखेड़ा बस स्टेंड के समीप काम्पलेक्स में रहने वाले किशन राठौर के पास इको कार क्रमांक एमपी 09 सीएक्स 0509 है। प्रतिदिन रात में घर के समीप कॉसमॉस माल के पास कार पार्क करते है। रात में किराये से रहने वाले तन्मय यादव ने किशन राठौर के पुत्र दुर्गेश को कॉल कर बताया कि उनकी कार में किसी ने आग लगा दी है। फायर बिग्रेड को सूचना दी गई है। किशन राठौर बाहर आये और कार के पास पहुंचे। उन्होने फायर बिग्रेड के आने से पहले पानी डालकर आग पर काबू पा लिया। सुबह किशन राठौर ने मामले की लिखित शिकायत नानाखेड़ा थाने पहुंचकर की। पुलिस ने घटनाक्रम का पता लगाने के लिये आसपास लगे कैमरों के फुटेज देखे। जिसमें एक युवक पैदल आता दिखाई दिया, उसके हाथ में पेट्रोल से भरी बोतल थी, कार के पास जाने के बाद उसने पेट्रोल छिड़का और आग लगाकर भाग निकला। बदमाश ने अपना चेहरा छुपा रखा था। पुलिस फुटेज के आधार पर आग लगाने वाले का पता लगा रही है। इस बात की जानकारी भी जुटाई जा रही कि राठौर परिवार की किसी से दुश्मनी या विवाद तो नहीं है।

### भटके युवाओं को राह दिखाने पहल नवजीवन

**उज्जैन।** पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा द्वारा ऑपरेशन मुस्कान में दस्तयाब युवाओं को नई राह दिखाने के लिये दिशा लर्निंग सेंटर के माध्यम से नवजीवन पहल की शुरूआत की है। मंगलवार को पुलिस लाइन परिसर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें दस्तयाब युवाओं को बुलाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आईजी उमेश जोगा, डीआईजी नवनीत भसीन थे। पहल का उद्देश्य युवाओं को सुरक्षित वातावरण सकारात्मक जीवन मार्ग से जोड़ना और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिये प्रेरित करना था। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस पहल के माध्यम से भटके युवाओं को कानूनी संरक्षण के साथ भावनात्मक सहारा और सही दिशा प्रदान करना है। युवाओं से धैर्यपूर्ण संवादात्मक के साथ प्रेरणादायक शैली में संवाद किया गया। कार्यक्रम के दौरान बालक-बालिकाओं ने अपनी गलतियों को स्वीकार और सुधार की राह पर चलने की प्रतिज्ञा ली।

### दो दृष्टिहीन विद्यार्थियों के पास वापस जाने के रुपए खत्म, कलेक्टर ने मदद की

**उज्जैन।** उज्जैन संकुल भवन में चल रही जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर रौशन सिंह ने दो दृष्टिहीन विद्यार्थियों की बात सुनकर तत्काल उनकी मदद की है। कलेक्टर ने आदेश देकर दोनों को अपने घर भेजने की व्यवस्था करवाई है। बनारस हिन्दू विश्व विद्यालय में पढ़ाई करने वाले नीतीश मुरारी और सोनम चौरसिया दोनों दृष्टि बाधित है। ये दोनों श्री महाकालेश्वर भगवान के दर्शन करने के लिए ग्वालियर से उज्जैन आए थे। कलेक्टर सिंह के समक्ष दोनों ने आवेदन दिया कि वे दोनों पूर्ण रूप से दृष्टिहीन हैं और महाकालेश्वर के दर्शन के लिए आए थे। लेकिन उन्हें रुपयों की कमी हो गई और वापस जाने के रुपए भी उनके पास नहीं है। कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल सामाजिक न्याय विभाग के समन्वय से उन्हें रेडक्रॉस के माध्यम से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह के निर्देश पर नीतीश और सोनम को तत्काल आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई। नीतीश ने बताया कि वे उज्जैन में पहली बार आए थे और रुपयों की कमी हो जाने के कारण बहुत परेशान थे। कलेक्टर सिंह द्वारा उपलब्ध कराई गई सहायता राशि से वे पुनः अपने घर वापस बिना किसी असुविधा के जा सकेंगे। दोनों ने कलेक्टर सिंह की सहृदयता पर उनके प्रति आभार व्यक्त किया।

# किसानों की नाराजगी से सीएम का ड्रीम प्रोजेक्ट रुका

## सिलारखेड़ीं-सेवरखेड़ी डेम परियोजना का काम 10 दिन से ठप, जमीन के बदले मुआवजा बढ़ाने की मांग

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

सिंहस्थ कुंभ और सालभर शिप्रा नदी को प्रवाहमान बनाने के लिए बनाई जा रही सिलारखेड़ी-सेवरखेड़ी डेम परियोजना का काम पिछले 10 दिन से अधिक समय से बंद है। किसानों के आक्रोश और प्रदर्शन के बाद ग्रामीणों ने मिलकर यहां काम कर रहे 200 से अधिक अधिकारी, कर्मचारी और मजदूरों को लौटने पर मजबूर कर दिया। किसान डेम के बदले अधिग्रहित की जा रही जमीन के मुआवजे को लेकर विरोध कर रहे हैं।

किसानों का आरोप है कि प्रशासन जमीन का मुआवजा सिर्फ 3 से 6 लाख रुपए प्रति बीघा तय कर रहा है, जबकि जमीन का बाजार मूल्य 50 लाख से 1 करोड़ रुपए प्रति बीघा है।



### सीएम के ड्रीम प्रोजेक्ट पर लगा ब्रेक

शिप्रा नदी को प्रवाहमान रखने के लिए शहर से 17 किमी दूर कल्याणपुरा गांव में सीएम मोहन यादव के ड्रीम प्रोजेक्ट सिलारखेड़ीझसेवरखेड़ी परियोजना का काम मार्च में शुरू हुआ था। डेम निर्माण का लगभग 25% कार्य पूरा हो चुका है। इस परियोजना में सिलारखेड़ी से सेवरखेड़ी तक पाइपलाइन बिछाई जानी है, जिसके लिए 13 गांवों के करीब 300 किसानों की लगभग 400 बीघा जमीन का अधिग्रहण होना है। कल्याणपुरा में डेम का निर्माण शुरू भी हो चुका था, लेकिन मुआवजा राशि कम होने से नाराज किसानों ने 21 नवंबर से काम बंद करवा दिया। किसानों की मांग है कि मुआवजा बढ़ाकर 25 लाख रुपए प्रति बीघा किया जाए।

### किसानों ने सीएम से भी की मुलाकात

किसान नेता दिलीप सिंह सिसोदिया ने बताया कि अगस्त में वे उज्जैन कलेक्टर, कमिश्नर, विधायक, एडीएम और एसडीएम सभी से बात कर चुके हैं, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। 29 नवंबर को किसान मुख्यमंत्री से मिले, जिसके बाद सीएम ने प्रशासन को उचित मुआवजा देने के निर्देश दिए थे। फिर भी प्रशासन 17.50 लाख रुपए प्रति बीघा तक ही देने को तैयार है, जबकि किसान 25 लाख रुपए की मांग पर अड़े हैं।

### परियोजना का काम फिलहाल बंद

डेम के निर्माण का कार्य किसानों के विरोध के चलते पूरी तरह ठप पड़ा है। समाधान न निकलने पर परियोजना की समय सीमा पर भी संकट खड़ा हो गया है।

# दो दृष्टिहीन विद्यार्थियों के पास वापस जाने के रुपए खत्म, कलेक्टर सिंह ने मदद की

## बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के विद्यार्थी महाकाल दर्शन करने आए थे

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

उज्जैन संकुल भवन में चल रही जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर रौशन सिंह ने दो दृष्टिहीन विद्यार्थियों की बात सुनकर तत्काल उनकी मदद की है। कलेक्टर ने आदेश देकर दोनों को अपने घर भेजने की व्यवस्था करवाई है।

बनारस हिन्दू विश्व विद्यालय में पढ़ाई करने वाले नीतीश मुरारी और सोनम चौरसिया दोनों दृष्टि बाधित है। ये दोनों श्री महाकालेश्वर भगवान के दर्शन करने के लिए ग्वालियर से उज्जैन आए थे। कलेक्टर सिंह के समक्ष दोनों ने आवेदन दिया कि वे दोनों पूर्ण रूप से दृष्टिहीन हैं और महाकालेश्वर के दर्शन के लिए आए थे। लेकिन उन्हें रुपयों की कमी हो गई और वापस जाने के रुपए भी उनके पास नहीं है। कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल सामाजिक न्याय विभाग के समन्वय से उन्हें रेडक्रॉस के माध्यम से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।




कलेक्टर सिंह के निर्देश पर नीतीश और सोनम को तत्काल आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई। नीतीश ने बताया कि वे उज्जैन में पहली बार आए थे और रुपयों की कमी हो जाने के कारण बहुत परेशान थे। कलेक्टर सिंह द्वारा उपलब्ध कराई गई सहायता राशि से वे पुनः अपने घर वापस बिना किसी असुविधा के जा सकेंगे। दोनों ने कलेक्टर सिंह की सहृदयता पर उनके प्रति आभार व्यक्त किया।

# अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में वैष्णवी शर्मा की विराटजयी काव्य प्रस्तुति

## कल होगा गीता ऑन व्हील्स नाट्य का मंचन

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

गीता जयंती के पावन अवसर पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के दूसरे दिन दशहरा मैदान पर वैष्णवी शर्मा की विराटजयी काव्य प्रस्तुति से गूँजे भक्ति भाव।

युवा कवयित्री वैष्णवी शर्मा ने अपनी प्रभावशाली काव्य प्रस्तुति विराटजयी के माध्यम से उज्जैन के दशहरा मैदान में उपस्थित श्रोताओं को भगवान श्रीकृष्ण के विराट स्वरूप, कर्तव्य-योग और धर्म स्थापन के संदेश से अभिभूत कर दिया। वैष्णवी शर्मा की ओजस्वी वाणी, सधी हुई प्रस्तुति और गीता के दार्शनिक प्रसंगों का सहज भावात्मक चित्रण दर्शकों के मन में गहरा प्रभाव छोड़ गया। उन्होंने अपने काव्य पाठ में गीता के माध्यम से प्रकट होने वाले समन्वय, शौर्य और विश्वबंधुत्व के संदेश को आधुनिक संदर्भों से जोड़ते हुए प्रस्तुत किया, जिसे उपस्थित विद्वानों, कलाकारों और श्रद्धालुओं ने भरपूर सराहा।



कार्यक्रम के दौरान वैष्णवी शर्मा का राजेश कुशवाह ने पुष्प गुच्छ देकर अभिनन्दन किया। बुधवार 03 दिसंबर को शाम 7 बजे विश्ववंदनीय नाट्य का मंचन किया जाएगा। सलाउद्दीन पाशा द्वारा गीता ऑन व्हील्स नाट्य का मंचन किया जाएगा। महोत्सव में माधव दर्शनम- लघु चित्र शैलियों में चित्रों की प्रदर्शनी लगाई जाएंगी।

# नवजीवन अभियान... बच्चों की समस्याएं सुनी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

घर से भागकर लौटे नाबालिग बच्चों को सबसे ज्यादा कठिनाई उन सवालों और तानों से होती है। चारों तरफ की आलोचना उन्हें दोबारा भटका सकती है। इसी को ध्यान में रखते हुए उज्जैन पुलिस एक अनोखी पहल नवजीवन अभियान चलाएगी, जिसका मकसद सिर्फ बच्चों को घर पहुंचाना नहीं, बल्कि नया जीवन और सुरक्षित माहौल देना भी है।

**पढ़ाई, खेल फिर से शुरू करवाने की माता-पिता से बातचीत**



1 से 30 नवंबर तक चलाए गए मुस्कान अभियान में उज्जैन पुलिस ने 263 लापता बच्चों को ढूंढ़कर उनके परिवारों से मिलाया। इन सभी बच्चों को पुलिस लाइन स्थित लर्निंग सेंटर पर माता-पिता के साथ बुलवाया गया। मंगलवार को 120 बच्चे अपने परिवारों के साथ पहुंचे। यहां आईजी, डीआईजी, एसपी, एएसपी और सीएसपी सहित रेंज के वरिष्ठ अधिकारी बच्चों के बीच बैठे, उनके नाम पूछे, चाय-नाश्ता करवाया और उनकी समस्याएं सुनीं।

### इन बच्चों को स्कूल और मैदान में वापस लाएंगे

इन बच्चों को फिर स्कूल और मैदान से जोड़ने की पहल की गई है। उज्जैन की एक बॉक्सिंग करने वाली बच्ची घर से भागने के बाद मैदान नहीं जा रही थी। अधिकारियों ने उसके माता-पिता और क्लब अध्यक्ष से बात कर दोबारा अभ्यास शुरू कराया। इंगोरिया का एक बच्चा भी घर लौटने के बाद स्कूल नहीं जा रहा था, डीईओ ने उसकी पढ़ाई फिर शुरू कराई। इसी तरह, 8वीं पास एक लड़के की पढ़ाई भी दोबारा शुरू कराई जाएगी। वहीं 17 वर्षीय लड़की अपने परिवार के साथ खुश है।

आईजी उमेश जोगा ने कहा बच्चों की एक गलती पूरे जीवन को प्रभावित न करें, इसलिए बच्चों को सामान्य जीवन की ओर प्रेरित कर रहे हैं। यह मुस्कान अभियान का अगला कदम है। बच्चों से बात कर फिर से पढ़ाई, कार्य शुरू करने को लेकर उनका आत्मविश्वास बढ़ाया जा रहा है।

एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि वर्तमान में हर माह बच्चों को बुलाकर फॉलोअप किया जाएगा। साथ ही स्टडी कर एक डाटा तैयार करना है, जो हमने बच्चों के भागने के कारणों को विस्तृत में बता पाएगा, इससे हम उन कारणों पर कार्य कर बच्चों को ऐसा कदम उठाने से रोक सकते हैं।

उज्जैन
बुधवार
03
दिसम्बर, 2025

दैनिक ब्रह्मास्त्र

आचार्य पुस्तक निवास सहाय वासो।
बाह्या इमे पठन पञ्चगुणा नराणाम्।।

**अर्थः** आचार्य, पुस्तक, निवास, मित्र और वस्त्र ये पाँच बाह्य गुण हैं जो पढ़ने के लिए आवश्यक हैं।

## खबर एक नजर...

### इंदौर में पेस्टिसाइड कारोबारी के ठिकानों पर छापा

**इंदौर।** इंदौर में स्टेट जीएसटी विभाग ने मंगलवार दोपहर बाद पेस्टिसाइड कारोबारी संजय अग्रवाल के निवास, कंपनियों के ऑफिस सहित अन्य ठिकानों पर छापा मारा और घंटों तक छानबीन की। आशंका है कि इन कंपनियों द्वारा लाखों की जीएसटी चोरी की गई है। इसमें बड़ा खुलासा होने की उम्मीद है। दोपहर को स्टेट जीएसटी की अलग-अलग टीमों ने अग्रवाल के संजना पार्क निवास सहित पांच कंपनियों में एक साथ छापा मारकर कार्यवाही शुरू की। जिन कंपनियों में छापा मारा गया उनमें नर्मदा ट्रेडर्स, ग्रो रिच एग्रोटेक, सुशील कॉर्पोरेशन आदि हैं। विभाग की एक बड़ी टीम ने बिचौली मर्दाना स्थित अग्रवाल के निवास पर गहन छानबीन की। छापे की कार्रवाई शुरू होते ही टीम ने सबसे पहले बंगले में सभी की आवाजाही बंद की और वहां मौजूद परिवार के लोगों के मोबाइल एक स्थान पर रखवा लिए। इस दौरान दस्तावेजों, डाटा आदि को लेकर पूछताछ और जानकारी जुटाने के साथ उन्हें जांच में लिया। विभाग की अलग-अलग टीमों ने मुख्य कंपनी के अलावा एसोसिएट कंपनियों और इनके कर्ताधर्ताओं के बैंक खातों, लेन-देन आदि की जानकारी हासिल की। इसके साथ ही कंपनियां कितने प्रकार के पेस्टिसाइड और इससे जुड़े प्रॉडक्ट्स तैयार करती है, इनसे संबंधी दस्तावेज हासिल किए। इन उत्पादों का प्रॉडक्शन इंदौर सहित अन्य स्थानों पर कहां-कहां होता है, उसका पता किया। अनुमान है कि बीते समय में कंपनियों द्वारा बड़े पैमाने पर टैक्स चोरी कर शासन को चूना लगाया।

### युवती से बात करने को लेकर विवादःदोनों पक्ष ने की एक-दूसरे से मारपीट

**इंदौर।** इंदौर के तेजाजी नगर में सोमवार देर रात युवती से बात करने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि मारपीट के साथ फायरिंग तक की नौबत आ गई। पुलिस ने एक पक्ष की शिकायत पर हत्या के प्रयास और हवाई फायरिंग सहित अन्य धाराओं में चार से अधिक लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। तेजाजी नगर पुलिस के मुताबिक, ग्राम मोरोद निवासी राजीव पटेल ने शिकायत की कि श्याम मस्करा, करन मस्करा, जितेंद्र पटेल, बबलू चंदेल और उनके साथी रात में उसे और आशीष को घेरकर मारने लगे। आरोप है कि श्याम के परिवार की एक युवती राजीव से बात करती थी, इसी बात पर आरोपियों में नाराजगी थी। विवाद के दौरान श्याम ने अपनी बंदूक से राजीव को जान से मारने की नीयत से फायर भी कर दिया। हमले में राजीव और आशीष घायल हुए, जिन्हें बाद में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### डरा धमका रहा था,चाकू छीना ओर पीठ में घोपा



**इंदौर।** गौरीनगर में मंगलवार रात एक अन्य घटना में रिकॉर्डधारी बदमाश छोटू उर्फ पीयूष सोनी पर तीन नाबालिग लड़कों ने चाकू से हमला कर दिया। हीरानगर थाना पुलिस के अनुसार, परदेशीपुरा के रहने वाले नाबालिग गौरीनगर क्षेत्र में घूमने आए थे। इसी दौरान पीयूष उनसे उलझ गया और कथित तौर पर उन्हें धमकाने लगा। कहासुनी बढ़ी तो नाबालिगों ने पीयूष के पास रखा चाकू छीन लिया और उसकी पीठ पर वार कर दिया। घायल अवस्था में उसे एमवाय अस्पताल लाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस का कहना है कि पीयूष के खिलाफ भी कई आपराधिक रिकॉर्ड दर्ज हैं।

## पारुल-गौरव मामले में वीर की एंट्री, पुलिस बनकर धमकाने के आरोप, कमिश्नर तक पहुंची शिकायत

# इंदौर की इनफ्लुएंसर का दोस्त से प्रॉपर्टी विवाद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर पारुल अहिरवार और उसके दोस्त गौरव रावल के बीच चल रहा प्रॉपर्टी विवाद खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। मामले में पारुल ने गौरव पर लाखों रुपए की धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए क्राइम ब्रांच में शिकायत की थी।

इसके बाद अब गौरव ने भी पुलिस कमिश्नर और डीसीपी को आवेदन देकर पारुल और उसके साथी वीर शर्मा पर पुलिसकर्मी बनकर धमकी भरा कॉल करने और बदनाम करने का आरोप लगाया है। पारुल और वीर के सोशल मीडिया पर मिलियन में फॉलोअर्स हैं, इसलिए मामला सुर्खियों में है।

**800 वर्ग फीट के मकान को लेकर तनातनी-** पुलिस के मुताबिक, पारुल का कहना है कि वर्ष 2020 में उसने और गौरव ने 800 वर्ग फीट का मकान संयुक्त रूप से खरीदा था। इसके लिए दोनों ने चार-चार लाख रुपए जमा किए थे। गौरव ने इस मकान पर 20



लाख रुपए का बैंक लोन ले लिया था। इस लोन की आधी किस्त 9,000 रुपए पारुल साल 2020 से भरती रही है। इस संबंध में दोनों के बीच एक लिखित एग्रीमेंट भी हुआ था। पारुल का आरोप है कि गौरव ने यह एग्रीमेंट चुरा लिया। फिर मकान की रजिस्ट्री अपने नाम पर करा ली। जून 2025 में पारुल को पता चला कि गौरव मकान को किसी और को बेच चुका है। उसने गौरव को कॉल किया लेकिन फोन स्विच ऑफ था। पारुल ने कई बार गौरव से संपर्क करने की कोशिश की लेकिन बात नहीं हो पाई। आखिरकार पारुल ने गौरव के खिलाफ क्राइम ब्रांच में शिकायत दर्ज करा दी।

### गौरव बोला- मकान मेरे और मां के नाम पर था

- उधर, गौरव रावल द्वारा पुलिस को दी गई शिकायत के मुताबिक, पारुल और उसने मिलकर शुभांजन ओमेक्स वन सिटी में मकान लिया था। इसकी रजिस्ट्री गौरव और उसकी मां के नाम पर थी। समझौते के अनुसार, पारुल को बाद में 5 लाख रुपए देने की बात तय हुई थी। इसके ऐवज में पारुल ने केवल 4 लाख रुपए सीधे बिल्डर के बैंक खाते में जमा कराए थे। पारुल आधे हिस्से में रहने की बात कहकर करीब 18 महीने तक गौरव को मकान का किराया देती रही। गौरव का दावा है कि जब उसने मकान बेचने का मन बनाया तो पारुल ने बिना पूरी रकम दिए इसके एक हिस्से की रजिस्ट्री अपने नाम कराने का दबाव डाला।
- गौरव का आरोप है कि पारुल ने अपने साथी वीर को उसकी बहन ममता के ऑफिस में भेजकर अभद्रता कराई। जिसके बाद ममता की नौकरी चली गई। इसके बाद वीर ने खुद को लसूडिया थाने का पुलिसकर्मी बताकर ममता को कॉल किए। गौरव ने बताया कि उसे अलग-अलग फोन नंबरों से धमकी भरी कॉल आ रही थीं। उसने इनकी दो ऑडियो रिकॉर्डिंग पुलिस को भी सौंपी हैं।

### वकील बोले- गौरव को कोई नोटिस नहीं मिला

- इस विवाद में पारुल पहले ही गौरव के खिलाफ धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज करा चुकी है। अब गौरव ने भी अपने वकील के माध्यम से पारुल और वीर के खिलाफ धमकी देने और धोखाधड़ी करने जैसे आरोपों में कार्रवाई की मांग की है।
- गौरव के वकील पवन राय ने कहा- मेरे मुवक्किल को किसी तरह का नोटिस नहीं मिला है, न ही किसी अधिकारी ने बयान देने के लिए बुलाया है। यदि पारुल और वीर सोशल मीडिया पर गौरव की बदनामी करेंगे तो हम उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराएंगे। ये भी बता दें कि विवाद बढ़ने के बाद पारुल और वीर ने सोशल मीडिया पर एक्टिविटी कम कर दी हैं।

## चमेली देवी कॉलेज में छात्र के खिलाफ जनसुनवाई में शिकायत

# प्रिंसिपल और प्रोफेसरों ने कलेक्टर को बताई अभद्र हरकतें, कॉलेज का कर रहा नुकसान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

चमेली देवी कॉलेज में एक छात्र द्वारा लगातार किए जा रहे विवाद और अभद्र व्यवहार से कॉलेज प्रबंधन व छात्र बेहद परेशान हैं। मंगलवार को कॉलेज के प्रिंसिपल और प्रोफेसर जनसुनवाई में पहुंचे और कलेक्टर शिवम वर्मा को शिकायत सौंपी।

कॉलेज स्टाफ ने बताया कि छात्र न केवल विवाद करता है, बल्कि कॉलेज के सामान को भी नुकसान पहुंचा रहा है। प्रबंधन ने कहा कि उसकी हरकतों से अन्य छात्रों की पढ़ाई पर भी प्रभाव पड़ रहा है। शिकायत पर कलेक्टर शिवम वर्मा ने संबंधित क्षेत्र के पुलिस



अधिकारियों को जांच के आदेश दिए। साथ ही कॉलेज प्रबंधन को भी छात्र के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में ग्राम सनावदिया स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना के नीलगिरी परिसर के रहवासी भी पहुंचे। वे सुरक्षा और मूलभूत सुविधाओं की समस्याओं को लेकर लगातार शिकायतों के बावजूद समाधान न होने से नाराज थे। कलेक्टर उनके पास पहुंचे और समस्याएं सुनकर आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिया। रहवासियों ने बताया कि परिसर में अव्यवस्था, साफ-सफाई और सुरक्षा की स्थिति बेहद खराब है। जनसुनवाई में एक छात्रा ने पढ़ाई और अक कोर्स की फीस के लिए आर्थिक मदद मांगी। उसने बताया कि कोर्स की फीस 60 हजार रुपए है, जिसे वह आर्थिक तंगी के कारण वहन नहीं कर पा रही। कलेक्टर ने रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से छात्रा को तत्काल 50 हजार रुपए की सहायता दिलाई और कहा कि भविष्य में भी पढ़ाई से जुड़ी आवश्यक मदद उपलब्ध कराई जाएगी। मंगलवार को प्रशिक्षु डिप्टी कलेक्टर्स का दल भी जनसुनवाई में मौजूद रहा। उन्होंने आवेदनकर्ता और अधिकारियों के बीच की बातचीत, शिकायतों के समाधान की प्रक्रिया और प्रशासनिक कार्यप्रणाली को बारीकी से समझा।

# इंदौर में कांग्रेस नेता का फोटो लगाकर मांगे पैसे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के एक कांग्रेस नेता का फोटो एक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लगाकर लोगों से पैसों की डिमांड करने का मामला सामने आया है। इस मामले की जानकारी कांग्रेस नेता को भी तब पता चली जब उनके पहचानने वालों ने उन्हें कॉल लगाना शुरू किए। इसके बाद कांग्रेस नेता ने अपनी सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी और लोगों से उनके नाम पर पैसा नहीं देने की गुजारिश की।

ये है इंदौर यूथ कांग्रेस शहर अध्यक्ष अमित पटेल, जिनके साथ ये वाकया हुआ। उन्होंने बताया कि इंस्टाग्राम पर किसी ने उनके फोटो का इस्तेमाल किया है। किसी ने सतीश चौधरी के नाम की प्रोफाइल बनाई है और उस प्रोफाइल पर मेरा फोटो लगा दिया है और उन्हीं के परिचित लोगों से पैसों की डिमांड की जा रही है।

मंगलवार को जब उनके परिचितों के कॉल आने लगे तो वह भी आश्चर्य में पड़ गए। उन्हें लोगों ने कॉल करके पूछा कि पैसों की जरूरत क्यों पड़ गई तो पहले तो वह भी समझ नहीं पाए, जिसके बाद उन्हें इस बारे में जानकारी लगी। उन्होंने इसके स्क्रीनशॉट भी लोगों से बुलवाए, जिसके बाद मामले की थाने में शिकायत करने की बात कही है।

# एमवाय हॉस्पिलटल में महिला के पेट से निकाली 15 किलो की गठानें

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर




दो सालों से भारी भरकम पेट की परेशानी को लेकर खरगोन की एक महिला ने इंदौर के सरकारी एमवाय अस्पताल में दिखाया तो जांच में 15 किलो वजनी जो गठानें पता चली। चौंकाने बात यह कि दोनों गठानों के कारण यूटेरस (बच्चादानी) ही एक बड़ी गठान बन गया था जो जानलेवा था। यहां ढाई घंटे की सर्जरी के बाद यूटेरस सहित दोनों संयुक्त गठान निकाल ली गई। इससे महिला को नया जीवन मिला है।

महिला का नाम मसाली बाई (50) निवासी ग्राम दबिया (खरगोफ) है। उसे दो साल से तकलीफ थी। उसने वहां आसपास के डॉक्टरों को दिखाया तो उन्होंने गठान होने की शंका जताई और महिला को इंदौर के एमवाय अस्पताल में दिखाने की सलाह दी। इस पर परिजन पिछले माह उन्हें इंदौर लेकर आए। एमवायएच में उसकी सारी जांचें हुई तो पता चला कि यूटेरस पर दो बड़ी गठानें हैं जिसके कारण उसे तकलीफ है। उसके यूटेरस से खून बहता था। कब्जियत सहित अन्य तकलीफें भी थी। डॉक्टरों ने अंदेशा जताया कि यह कैंसर संबंधी हो सकती है लेकिन पहले सर्जरी से निकालना होगा। फिर सैंपल बायोप्सी के लिए भेजे जाएंगे। इसकी रिपोर्ट मिलने के बाद ही आगे की स्थिति स्पष्ट होगी लेकिन इसे जल्दी नहीं निकाला तो मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

### हीमोग्लोबिन कम हुआ तो पहले किया नॉर्म

परिजन की सहमति पर महिला को 13 नवंबर को एडमिट किया गया। इसके बाद उसकी फिर से जांच की तो हीमोग्लोबिन कम पाया गया। इस पर दवाइयां शुरू की और सारे पैरामीटर्स नॉर्मल हो गए तो 21 नवंबर को उसकी सर्जरी की गई। यह सर्जरी ढाई घंटे चली। इसमें यूटेरस सहित दोनों गठानें निकाल ली गई। गठानें निकालने से महिला की जान भी बच गई।

### 30 किलो वजन के साथ अब महिला स्वस्थ

खास बात यह कि महिला की उम्र 50 वर्ष है और उसकी चार संतान हैं जो बड़ी हैं। छोटा बेटा ही 26 साल का है। सर्जरी के दौरान महिला का वजन 45 किलो था। इस वजन में 15 किलो की गठानें भी थी। ये निकालने के बाद उसका वजन 30 किलो हो गया।

## खबर एक नजर...

### 11 बटुकों ने किया गीताजी के 15वें अध्याय का पाठ

**उज्जैन।** अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव एवं गीता जयंती पर्व के अंतर्गत क्षिप्रा तट रामघाट स्थित 13/84 श्री कामेश्वर महादेव मंदिर में विशेष अनुष्ठान सम्पन्न हुआ। मोक्षदायिनी एकादशी पर्व पर शासकीय पुजारी पूजा अमृतेष त्रिवेदी द्वारा गीताजी के 15वें अध्याय का पाठ 11 बटुकों से करवाया गया। समारोह का आकर्षण शिवलिंग का वह अलंकरण रहा, जिसमें भगवद्गीता के प्रसिद्ध श्लोक ह्नकर्मण्येवाधिकारस्तेह्न को श्रृंगार के रूप में समर्पित किया गया। यह संदेश कर्म में निष्ठा और फल से विरक्ति, शिव के ध्यानस्वरूप के साथ अद्भुत अनुरणन रचता दिखा। श्रद्धालुओं ने इसे कर्मयोग और शिवत्व की संयुक्त प्रेरणा बताया।

### कलावर्त न्यास का 27वां अंतरराष्ट्रीय कलापर्व 25 दिसंबर से

उज्जैन। प्रदेश की प्रतिनिधि कला संस्था कलावर्त न्यास द्वारा विगत 26 वर्षों से निरंतर आयोजित किया जाने वाला चार दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कला पर्व इस वर्ष 25 से 28 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। न्यास के सचिव पवन गरवाल तथा संयोजिका डॉ. भारती काले ने बताया कि इस वर्ष के इस महती कला उत्सव में नेपाल, बांग्लादेश, मॉरिशस तथा ब्रिटेन के वरिष्ठ कलाकारों के अतिरिक्त कला विद्यार्थियों सहित 200 से अधिक वरिष्ठ चित्रकार एवं देश भर के अनेक विश्वविद्यालयों, कला महाविद्यालय के विद्यार्थी भागीदारी करेंगे। कला जगत की विभिन्न हस्तियों को विशेष अलंकरण से सम्मानित किया जाएगा। गरवाल ने बताया कि कलापर्व में भागीदारी करने वाले सभी कलाकार चार दिन तक कला शिविर के अंतर्गत कला सृजन करते हुवे कलाकृतियों का निर्माण करेंगे।

### दादा गुरु श्री मत्स्येंद्रनाथ समाधि पर अब हर वर्ष होगा महायज्ञ

**उज्जैन।** दादा गुरु श्री मत्स्येंद्रनाथ समाधि पर चल रहे तीन दिवसीय महायज्ञ की पूर्णाहुति 2 दिसंबर को हुई। शासकीय पुजारी अनुराग शुक्ला (शुभम गुरु) ने बताया कि जन कल्याण हेतु आयोजित महायज्ञ यज्ञ आचार्य पं. नलिन शर्मा, भूपेंद्र मिश्रा द्वारा सम्पन्न कराया गया। इस मौके पर गौरव बैंडवाल, सहित बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।



# नुक्कड़ नाटक से छात्राओं ने किया एड्स संक्रमण, रोकथाम के प्रति जागरूक

**पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता में छात्राओं ने किया अपनी संवेदनशीलता का उत्कृष्ट प्रदर्शन**

रैली के माध्यम से एचआईवी/एड्स के जागरूकता से जुड़े संदेशों को आमजन तक पहुंचाया



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

विश्व एड्स दिवस के अवसर पर शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के जूलॉजी और बायोटेक्नोलॉजी डिपार्टमेंट और साइंस कमेटी द्वारा ह्नएड्स एवं संक्रामक बीमारियों की रोकथाम पर जन जागरूकताह्न कार्यक्रम आयोजित किया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि और कीनोट स्पीकर डॉ. सतिंदर कौर सलूजा, गायनेकोलॉजिस्ट थीं। अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रशांत पुराणिक द्वारा की गई। संचालन जूलॉजी और बायोटेक्नोलॉजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. प्रतिभा अखंड द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रशासनिक अधिकारी डॉ. रश्मि भार्गव ने भी छात्राओं को महिला स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. सलूजा ने बताया कि इस साल वर्ल्ड एड्स डे की थीम एचआईवी/एड्स के बारे में जन-जागरूकता फैलाने पर फोकस है। उन्होंने बताया कि एड्स एक लाइलाज बीमारी है, और जागरूकता की कमी के कारण, लोगों में अभी भी कई मिथक और गलतफहमियां फैली हुई हैं। इस दिन को मनाने का मकसद गलत जानकारी को खत्म करना और सही जानकारी फैलाना है। उन्होंने आगे बताया कि हाल के सालों में महिलाओं और युवाओं में एचआईवी/एड्स इन्फेक्शन का खतरा तेजी से बढ़ रहा है। डॉ. सलूजा ने जोर देकर कहा कि अनसेफ सेक्सुअल प्रैक्टिस, इन्फेक्टेड ब्लड ट्रांसफ्यूजन और कंटैमिनेटेड सुइयों के इस्तेमाल से बचकर एड्स को रोका जा सकता है। उनके अनुसार एचआईवी पॉजिटिव व्यक्ति सही दवा और ट्रीटमेंट प्रोटोकॉल फॉलो करके नॉर्मल जिंदगी जी सकता है। उन्होंने एड्स के लक्षणों, ट्रांसमिशन, सही देखभाल और मौजूद ट्रीटमेंट के बारे में भी बहुत जरूरी जानकारी दी। उन्होंने जोर देकर कहा कि एड्स को रोकने का सबसे असरदार तरीका अवेयरनेस है। एड्स के साथ-साथ, डॉ. सलूजा ने महिलाओं में होने वाली आम हेल्थ प्रॉब्लम और कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों पर भी डिटेल में बात की।

# जैन कवि संगम की काव्य गोष्ठी में हुआ प्रतिभा सम्मान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




जैन कवि संगम की मासिक काव्य गोष्ठी में प्रतिभाओं का सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में जैन सोशल ग्रुप इंटरनेशनल फेडरेशन के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष इलेक्ट 1 मनीष कोठारी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कवि संगम के प्रदेश अध्यक्ष सुगनचंद जैन ने की। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में व्यंग्यकार मुकेश जोशी के ह्नप्रेमचंद सृजन पीठह्न के निदेशक के रूप में नियुक्ति पर जैन कवि संगम की ओर से सम्मान किया गया। साथ ही चंदना जैन तथा कुमारी देशना जैन के उज्जैन आकाशवाणी केंद्र में उद्घोषक के रूप में चयन होने पर तथा मास्टर प्रेषित जैन का अंडर 16 क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए चयन होने पर इनका भी सम्मान किया गया। काव्य गोष्ठी का शुभारंभ सुगनचंद जैन की सरस्वती वंदना से हुआ। मेजबान तल्लेरा परिवार द्वारा उपस्थित सभी कवियों का सम्मान किया गया। उपस्थित कवियों में राकेश चौरडिया, संदीप जैन सृजन, अमरीश जैन, सुदीप जैन, राजेंद्र जैन, राकेश खेमसरा, राजेश जैन अजन्ता, योगेंद्र बैनाड़ा, संगीता तल्लेरा, डॉ अर्चना बाफना, अनिल पांचाल सेवक आदि द्वारा प्रभावी काव्य पाठ किया गया। राजेन्द्र जैन एवं संगीता तल्लेरा ने अपनी मालवी रचनाओं से गोष्ठी को ऊंचाई दी। मुख्य अतिथि मनीष कोठारी ने श्री जोशी को निदेशक के रूप में नियुक्ति पर बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की तथा जैन कवि संगम की अद्भुत साहित्य रुचि के लिए प्रशंसा की। सम्मानित हुए प्रेमचंद सृजन पीठ के निदेशक मुकेश जोशी ने भी व्यंग्य पाठ किया। कार्यक्रम का संचालन योगेंद्र बेनाडा ने किया। आभार राकेश चौरडिया ने माना।

# रहवासियों की मांग, 18 मीटर की बजाय 15 मीटर हो चौड़ीकरण

**केटीएम शो रूम से नीलगंगा चौराहा पेशवाई मार्ग के चौड़ीकरण को कम कराने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम दिया ज्ञापन**



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

आगामी सिंहस्थ महापर्व को लेकर उज्जैन शहर के अंदर के विभिन्न मार्गो का चौड़ी करण किया जा रहा है। इसी कड़ी में उज्जैन नगर निगम द्वारा नाना खेड़ा क्षेत्र के केटीएम शो रूम से लेकर नीलगंगा चौराहा पेशवाई मार्ग को भी 18 मीटर चौड़ा करने का प्रस्ताव निगम द्वारा किया गया है। जिसकी चौड़ाई को कम कर 15 मीटर चौड़ा करने की मांग को लेकर समस्त क्षेत्रीय रहवासीगणों द्वारा निगम सभापति कलावती यादव को उनके निवास पर जाकर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नाम ज्ञापन दिया गया।

क्षेत्रीय रहवासियों ने बताया कि नाना खेड़ा क्षेत्र के केटीएम शो रूम से लेकर नीलगंगा चौराहा पेशवाई मार्ग के 18 मीटर चौड़ीकरण से क्षेत्र के बहुत से लोगों के मकान आधे से भी ज्यादा जा रहे हैं जिससे आम लोगों का बहुत नुकसान हो रहा है। 15 मीटर चौड़ाई से लोगों का नुकसान भी कम होगा व क्षेत्र का विकास भी हो जाएगा। इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 35, 46, 47, 48 के समस्त क्षेत्रीय रहवासीगण उपस्थित रहे। ज्ञापन उज्जैन निगम के सिटी इंजिनियर सुनील गुप्ता द्वारा लिया गया। आपने समस्त क्षेत्रीय रहवासीयों की बात को ध्यान से सुन कर कहा कि मैं आप की बातों को उच्च अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियो के समक्ष प्रस्तुत करता हूं और जल्द ही मौका मुआयना कर इस आवेदन पर 2 दिवस में संज्ञान लेकर आप लोगों की समस्या का निराकरण किया जाएगा।

# मित्रता स्थली श्री कृष्ण सुदामा धाम नारायणा में मनाया गीता महोत्सव

**श्रीश्री 1008 शैलेशानंद महाराज के मुखारविंद से भक्तों ने किया गीताजी का रसपान**

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




विश्व में एक मात्र श्री कृष्ण सुदामाजी की मित्रता स्थली नारायणाधाम मन्दिर में गीता महोत्सव धूम धाम के साथ मनाया गया। श्री कृष्ण सुदामा उत्सव समिति के तत्वावधान में आयोजित उत्सव के प्रारम्भ में पुजारीगण दौलतराम शर्मा, आत्माराम शर्मा, डॉ भवानीशंकर शर्मा, प्रेमनारायण शर्मा, संदीप शर्मा, रामेश्वर शर्मा आदि ने मंत्रोच्चार के साथ भगवान की आरती की। तत्पश्चात श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी शैलेशानंद महाराज के श्री मुख से गीताजी का रसपान हुआ।

श्री कृष्ण सुदामा उत्सव समिति परिवार के हीरालाल आंजना, केशर सिंह पटेल, एडवोकेट अंतर सिंह आंजना, डॉ मोहन शर्मा, जिला पंचायत सदस्य जितेन्द्र मंडोरा, संजय आंजना, कैलाश बगाना, केशर सिंह आंजना, जगदीश शर्मा पण्डितजी, सेवाराम आंजना, अशोक आंजना, प्रताप सिंह आंजना, मोतीराम चौधरी, गोपीलाल आंजना, सरपंच भगवान सिंह नारायणा, आसाराम आंजना, ईश्वर शर्मा, अमर सिंह आंजना, कमल सिंह, महेश सोनी, विक्रमसिंह आंजना, मानसिंह चौधरी, गौरव आंजना, कमल आंजना आदि के साथ जिला प्रशासन से महिदपुर एसडीएम अजय हिंगे, तहसीलदार संतुष्टि पाल, झारडां तहसीलदार अनिरुद्ध मिश्रा, पटवारी सुहागमल कुमावत, पंचायत सचिव रघुवीर सिंह उपस्थित रहे। वहीं शाम 7 बजे से मध्य प्रदेश संस्कृति विभाग द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों कि प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के अतिथि पुर्व विधायक बहादुर सिंह चौहान रहे। श्री कृष्ण सुदामा उत्सव समिति परिवार के एडवोकेट अन्तर सिंह आंजना ने संचालन किया। आभार केशर सिंह पटेल ने मानते हुवे कहा कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रदेश में सांस्कृतिक विभाग द्वारा गीता महोत्सव के तहत सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से श्री कृष्णजी के विचारों को जन जन तक पहुंचाया जा रहा है। इस पुनीत कार्य हेतु श्री कृष्ण सुदामा उत्सव समिती मध्यप्रदेश सरकार की आभारी है। सम्पूर्ण आयोजन श्री कृष्ण सुदामा ग्राम नारायणा धाम परिसर में हुआ।

## खबर एक नजर...

### देवव्रत यादव नेशनल कोऑर्डिनेटर नियुक्त

**उज्जैन।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अनिल जय हिंद ने कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की सहमति से उज्जैन के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता देवव्रत यादव को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग का नेशनल कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया गया।

पिछड़ा वर्ग विभाग के शहर प्रवक्ता कृष्ण यादव ने बताया कि उज्जैन से पिछड़ा वर्ग के किसी नेता को पहली बार राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस संगठन में इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी गई। देवव्रत यादव को नेशनल कोऑर्डिनेटर बनाये जाने पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी, विधायक महेश परमार का आभार व्यक्त किया।

### रामघाट पर श्रध्दालुओं के लिए प्रारंभ हुई निःशुल्क गर्म जल सेवा

**उज्जैन।** रामघाट गुरू मंडली एवं प्रधान आरक्षक मोहन सिंह परमार द्वारा शीतकालीन माह के दौरान रामघाट पर पुलिस चौकी के पास निःशुल्क गर्म पानी व्यवस्था प्रारंभ की गई। रामघाट पर गुरू मंडली द्वारा की जाने वाली गर्म जल की व्यवस्था विगत 25 वर्षों से की जा रही है।

निगम सभापति कलावती यादव एवं नगर उपाध्यक्ष सोनल जोशी के आतिथ्य में गर्म जल सेवा श्रध्दालुओं के लिये प्रारंभ हुई। इस दौरान गुरू मंडली एवं मंडल उपाध्यक्ष उत्तम दुबे अंगूठी वाले, आनंद गुरु लौटा वाले, अध्यक्ष सोनू सेन, युवा नेता मोनू नागर, शुभम गुरु डब्बेवाले, मोहन गुरु डंडेवाले, जगदीश गुरु बाल्टी वाले, अमृतेश त्रिवेदी, अजय जोशी कुंडवाले, सोनू गुरु मालावाले, आकाश पंवार, ओम गेहलोत, राजेश गुरु मोरवाले, जगदीश बाल्टीवाला आदि मौजूद रहे। कलावती यादव ने कहा निःशुल्क गर्म जल की सेवा शीतकाल में श्रध्दालुओं को राहत देगी।

### उज्जैन के 5 मिलरों ने सरकार को दिया धोखा, किया करोड़ों का चावल घोटाला

# कागजों पर चल रहा राईस मिल, जिस मिल में मशीने नहीं, वहां चावल आया भी, बनकर जमा भी कर दिया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन शहर के 5 मिलरों ने सरकार के साथ ही धोखाधड़ी कर दी। मामला तब सामने आया जब जबलपुर कलेक्टर ने धान घोटाला पकड़ा और धड़ाधड़ एक के बाद एक 15 एफआईआर दर्ज हुई। जबलपुर में धान घोटाला पकड़ाते ही उज्जैन में करोड़ों का चावल घोटाला सामने आ गया, क्योंकि जबलपुर से ही धान आकर उज्जैन में चावल बनते हैं। लेकिन यहां मामले को गोलमोल किया जा रहा है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. रवि राय ने 7 करोड 83 लाख की 34,000 क्विंटल धान घोटाले में उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

नेता प्रतिपक्ष डॉ. रवि राय ने बताया कि मध्य प्रदेश सरकार की धान/चावल मिंलिग नीति के तहत शासकीय राशन दुकानों पर दिए जाने वाले चावल निर्माण हेतु मध्यप्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के चावल निमार्ता मिलरो को प्रतिवर्ष धान आवंटित किया जाता है। यह नागरिक आपूर्ति विभाग के माध्यम से राइस मिलों को दिया जाता है। जिससे वह गरीबों को दिए जाने वाले राशन के तहत उच्च कोटि का गुणवत्ता पूर्वक चावल का निर्माण कर भारतीय खाद्य निगम एवं खाद्य विभाग मध्य प्रदेश में चावल को जमा कर सके। इसके एवज में सरकार राईस मिलरों को धान लाने ले जाने, लोडिंग का भाड़ा, चावल बनवाने का खर्च भुगतान करती है। परंतु मध्य प्रदेश के मिलरो द्वारा शासन से प्राप्त धान को जबलपुर मार्केट में ही बेच दिया गया। कलेक्टर जबलपुर द्वारा जांच कराई गई जिसमें संपूर्ण मध्य प्रदेश में मिलर द्वारा गड़बड़ी की गई है। उज्जैन के मिलरो श्री कृष्णा राइस एंड पोहा इंडस्ट्रीज, श्री राम एग्रो इंडस्ट्रीज, मे. शिप्रा इंटरप्राइजेस, रुक्मणी राइस एवं पोहा इंडस्ट्रीज, मारुति ट्रेडर्स उपरोक्त फर्म द्वारा लगभग 37000 क्विंटल धान जिसका लागत मूल्य सात करोड़ 83 लाख 35 हजार रुपए अनुमानित है की धान को जबलपुर में ही बेच दिया गया। रवि राय ने कहा कि और उज्जैन में स्थित कारखाने जो लगभग बिना मशीनों के ही पेपर वर्क करते हैं, कागज पर है, उन कारखानों में चावल निर्माण की अधिकतर मशीन नहीं है। उज्जैन के इन मिलरो को जबलपुर कलेक्टर की जांच में इन्हें दोषी पाया गया और सभी के खिलाफ जबलपुर के विभिन्न स्थान पर प्रत्येक पर चार-चार थानों पर धान की हेरा फेरी के प्रकरण दर्ज किए गए। जिसमें से अधिकतर लोग जेल यात्रा कर आ चुके।

कलेक्टर जबलपुर की जांच में स्पष्ट किया जा चुका है कि धान उज्जैन नहीं आया है और जितने भी परिवहन के साधन बताए गए जो नंबर उनके द्वारा दिए गए थे। वह सब कार स्कूटर एवं ट्रक जो उज्जैन नहीं आए। इससे स्पष्ट है कि इनके द्वारा शासन से प्राप्त धान उज्जैन नहीं आया परंतु उनके द्वारा चावल निर्माण किसी धान से किया गया है जबकि उत्पादित धान का नियंत्रण मध्य प्रदेश शासन के नियंत्रण में है। कलेक्टर उज्जैन द्वारा की गई शिकायत के क्रम में जांच कमेटी का गठन 11 अप्रैल 2025 को किया गया जिसमें जांच अधिकारी जिला खाद्य नियंत्रक, उपायुक्त सहकारिता, जिला प्रबंधक सिविल सप्लाइज कॉरपोरेशन, जिला प्रबंधक वेयरहाउसिंग, सहायक आपूर्ति अधिकारी, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी को नियुक्त किया गया परंतु जांचकर्ता अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन 5 अगस्त 2025 में की गई जांच में स्पष्ट किया गया कि मिलरों द्वारा जो चावल जमा किया गया है। चावल का स्रोत स्पष्ट किया जाना संभव नहीं है और मिलरो से लिए गए बयानों को विश्वसनीय नहीं माना है।

परंतु उज्जैन में किए गए घोटाले के संदर्भ में कलेक्टर को पेश रिपोर्ट में किसी प्रकार की कार्रवाई मिलर पर करने संबंधी कोई प्रस्ताव नहीं दिया गया। मुख्यमंत्री के शहर में इतना बड़ा घोटाला जो किया गया है उसकी जांच उच्च स्तर पर होना चाहिए और उपरोक्त 5 मिलर के विरुद्ध अपराधी प्रकरण दर्ज किया जाना चाहिए। जो जांच कर्ता अधिकारी है वह इन्हीं विभागों के हैं इनकी भूमिका के संबंध में भी जांच की जाना चाहिए। नेता प्रतिपक्ष रवि राय ने मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव एवं कलेक्टर उज्जैन से किसी अन्य अधिकारी से जांच कराने हेतु आग्रह किया है।

## महाकाल मंदिर की अव्यवस्था के खिलाफ युवक कांग्रेस करेगी आंदोलन

### बैठक मे युवा कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ ने संवाद कर दिए सुझाव

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन


युवा कांग्रेस की कार्यकारिणी बैठक 2 दिसंबर को शहर कांग्रेस कार्यालय क्षीरसागर पर जिलाध्यक्ष अर्पित यादव के नेतृत्व रखी गई।

बैठक मे सभी युवा कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ ने आगामी कार्य-योजना को लेकर चर्चा की गई। जिसमें मुख्यतः देश भर से आने वाले श्रद्धालुओं को महाकाल मंदिर




दर्शन में होने वाली अव्यवस्था के कारण परेशानी का सामना करना पड़ता है जिसके लिए मंदिर प्रशासक से भेंट करने के उपरांत भी जब उसका कोई निराकरण नहीं हुआ तब युवा कांग्रेस में आंदोलन करने का निर्णय लिया। बैठक मे सभी युवा कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ ने संवाद कर सुझाव दिए। बैठक में मुख्य रूप से शहर अध्यक्ष मुकेश भाटी, देवव्रत यादव, चंद्रभान सिंह चंदेल, नेता प्रतिपक्ष रवि राय, अजय राठौर, सोनिया ठाकुर, प्रदेश सचिव युवक कांग्रेस प्रतीक जैन, प्रदेश महासचिव रेणुका गांधी, संचित शर्मा, अर्पण राठौर, जिला उपाध्यक्ष प्रीतेश शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष यश जैन, जिला महासचिव संदीप पवार, योगेश दायमा, यश पागे, अश्विन लेकोड़ा, आशुतोष आंजना, मनीष किर, मुकेश गौड़, ब्लॉक अध्यक्ष यश चोपड़ा, जिला महासचिव विक्की भदोरिया, जीवन परमार, नंदू भैया, मयूर भाई, पार्षद छोटेलाल मंडलोई, सोनू भैया, अमित विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

## शिक्षिका सुनिता माथुर का सेवानिवृत्ति पर किया सम्मान



### 42 वर्षों तक निरंतर बच्चों को शिक्षित कर संस्कारवान बनाया, छात्रों ने किया सम्मान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

इंगोरिया ग्राम पंचायत क्षेत्र के शासकीय उच्त्तर माध्यमिक विद्यालय की शिक्षिका सुनिता माथुर की सेवानिवृत्ति पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

कुमावत समाज के समाजसेवी बसंत कुमार दौराया ने बताया कि विगत 42 वर्षों से निरंतर बच्चों को शिक्षित कर संस्कारवान बनाने वाली गुरू सुनिता माथुर के सेवानिवृत्ति कार्यक्रम में ग्राम इंगोरिया पंचायत एवं ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले छात्र छात्राओं, पालकगणों के साथ प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं आमजनों ने भी श्रीमती माथुर को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर छात्रों द्वारा पुष्प वर्षा कर उन्हें शाल श्रीफल, पुष्पमाला पहनाकर विदाई दी। छात्र-छात्राओं ने कहा कि सफलता के लिए माता-पिता और अपने सपनों को साकार करने के लिए गुरु शिक्षक सर्वोपरि होता है। शिक्षा ग्रहण कर ही सफलता को पाया जा सकता है। बेहतर सपनों को साकार किया जा सकता है। हमारे शिक्षक गुरु सुनीता माथुर ने करीब 42 वर्ष तक हजारों बच्चों को शिक्षा के माध्यम से हमें सही राह दिखाई एवं शिक्षा के मार्ग की ओर अग्रसर किया, हमें सफलता एवं विजय श्री प्राप्त करना सिखाया। ऐसे गुरु शिक्षक का हम सब सम्मान करते हैं।

## हाथ-ठेला व फुटपाथ व्यापारियों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

महाकाल क्षेत्र के आसपास वर्षों से व्यापार कर रहे हाथ-ठेला एवं फुटपाथ व्यापारियों को बिना किसी पूर्व सूचना हटाए जाने के विरोध में आज हाथ ठेला एवं फुटपाथ व्यापारी संघ ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया और कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा।व्यापारियों ने कहा कि यह कारवाही पथ विक्रेता कानून-2014 का स्पष्ट उल्लंघन है। व्यापारियों ने आरोप लगाया कि कानून लागू हुए 11 वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन आज तक न तो व्यवस्थित सर्वे किया गया और न ही स्थाई संरक्षण या पुनर्वास की प्रक्रिया को पूरा किया गया। इसी कारण छोटे व्यापारियों का जीवन-यापन संकट में पड़ा है।संघ अधयक्ष कालूराम चोहान ने उठाई न्याय की मांग ज्ञापन सौंपने पहुंचे व्यापारी प्रतिनिधि कालूराम चौहान ने कहा कि बिना नोटिस हटाने की कार्रवाई पूरी तरह गलत है। उन्होंने बताया कि सावन से पहले ही इन छोटे व्यापारियों को हटाया गया था, जिसके बाद से व्यापारी लगातार विरोध करते आ रहे हैं। कालुराम चौहान ने मांग की कि व्यापारियों को उनके पुराने स्थान पर पुनः स्थापित किया जाए और अधिकारियों की मनमानी पर कार्रवाई हो। अर्जुन कहार ने भी कहा कि नगर निगम अधिकारी कानून की अनदेखी कर रहे हैं और छोटे व्यापारियों का शोषण हो रहा है।

पार्किंग ठेका विवाद भी शामिल

व्यापारियों ने ज्ञापन में शहर की कई पार्किंग स्थलों की अवधि समाप्त होने के बाद भी उन्हें अवैध रूप से संचालित किए जाने का मामला भी उठाया। जिन पार्किंग स्थलों की ठेका अवधि समाप्त हो चुकी है। संगठन का कहना है कि इन स्थलों पर ठेका समाप्ति के बावजूद पार्किंग संचालित होती रही और अवैध वसूली की गई। फ्ळक प्रकरण का उल्लेख संगठन ने फ्ळक के माध्यम से मांगी गई जानकारी को भी ज्ञापन में जोड़ा। निगम द्वारा जारी पत्र क्रमांक क./नि.कार्या./फ्ळक/2025/284 दिनांक 01.05.2025 के आधार पर मांगी गई टक्व की फाइलों की 19 पृष्ठों की प्रमाणित प्रति हेतु ?38 की राशि चालान क्रमांक 912 दिनांक 06.05.2025 से निगम कोषालय में जमा की गई है। अवैध पार्किंग संचालित करने वालों पर तुरंत कार्रवाई हो पथ विक्रेताओं को कानून के अनुसार संरक्षण दिया जाए। हटाए गए व्यापारियों को पुनः स्थान आवंटित किया जाए।अधयक्ष कालूराम चौहान और व्यापारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो विरोध को और तेज किया जाएगा।

### महाआरती एवं पौधारोपण कर सूरज अंबोलिया का जन्मदिन मनाया

**उज्जैन।** संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज के पाँचवें धाम खाक चौक में सूरज अंबोलिया का जन्मदिन समारोह बड़े हर्षोल्लास और श्रद्धाभाव के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत गुरु महाराज की महा आरती से हुई। इसके बाद समाजजनों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।पौधारोपण करते हुए सभी ने यह संदेश भी दिया कि हर व्यक्ति को अपने शुभ और खुशियों भरे कार्यक्रमों में कम से कम एक पौधारोपण अवश्य करना चाहिए, ताकि पर्यावरण को संवरने और सुरक्षित रखने में हम सभी अपना योगदान दे सकें। कार्यक्रम में पूर्व पार्षद भगवान खांडेकर, कमल कौशल, पवन यादव, राजू चौहान, जितेंद्र डांगरे, संजू कुशवाहा, गोलू पांचाल, विजय चौहान, अब बामनिया, विक्की मालवीय, हेमंत अंबोलिया, रवि पांचाल, रवि मालवी सहित रविदास समाज की युवा टीम ने उपस्थित होकर सूरज अंबोलिया को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।

### विक्रम अवॉर्डी मुन्नालाल मामोडिया खेलो इंडिया युनीवर्सिटी गेम्स में तकनीकी अधिकारी नियुक्त

**उज्जैन।** उपायुक्त सहकारिता जिला उज्जैन में कार्यरत मुन्नालाल मामोडिया (विक्रम अवॉर्डी) खेलो इंडिया युनीवर्सिटी गेम्स 2025 जयपुर में तकनीकी अधिकारी नियुक्त हुए।

राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय निर्णायक मुन्नालाल मामोडिया का चयन जयपुर में आयोजित हो रही खेलो इंडिया युनीवर्सिटी गेम्स में मल्लखंब खेल के तकनीकि अधिकारी के रूप में हुआ है। यह मल्लखंब की प्रतियोगिता 1 से 5 दिसम्बर तक जयपुर राजस्थान में आयोजित हो रही है। श्री मामोडिया पूर्व में भी नेशनल गेम्स, खेलों इंडिया एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में निर्णायक के रूप में अपनी भूमिका निभा चुके है। इनकी इस उपलब्धि पर सहकारिता विभाग के कमिश्नर के. पाटनकर, मल्लखंब संघ के अध्यक्ष सोनू गहलोत, विश्वामित्र पुरस्कार से सम्मानित मोहनलाल धाकड़ एवं दिलीप असरानी (एससीआई) और पूरे सहकारिता परिवार ने हर्ष जताते हुए शुभकामनाएं दी एवं इनके उज्वल भविष्य की कामना की। यह जानकारी विभाग के स्टेनो अशोक चौहान द्वारा दी गई।

## खबर एक नजर...

### शहर कांग्रेस कार्यालय में हुआ नवनियुक्त कांग्रेस पदाधिकारियों का सम्मान

**उज्जैन।** क्षीरसागर स्थित शहर कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर नवनियुक्त कांग्रेस पदाधिकारी और विभीन्न प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। शहर कांग्रेस महासचिव बनने पर अजय राठौर, राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर देवव्रत यादव, राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर पंचायती राज रेणुका गांधी जन समस्या निवारण प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष कृष्णा यादव, बंबाखाना व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष वरुण शर्मा का सम्मान किया गया। साथ ही राहुल लोट को भी जन्मदिन के अवसर पर शुभकामनाएं दी गई। अपनी योग्यता वहां साबित होनी चाहिए जिससे कांग्रेस पार्टी को जनमानस में सम्मान प्राप्त हो और जनमानस से जुड़े। नेता प्रतिपक्ष रवि राय ने कहा कि आप सबके कार्यों की सराहना जनता के बीच होनी चाहिए। इस अवसर पर पार्षद छोटेलाल मंडलोई, महिला कांग्रेस की शहर अध्यक्ष सोनिया ठाकुर, निर्वाचन प्रभारी उज्जैन उत्तर श्याम जटिया, निर्भय त्रिवेदी, लक्ष्मी त्रिवेदी, जीवाजीगंज ब्लॉक प्रभारी चुन्नीलाल, लक्ष्मी नारायण उपाध्याय, आईटी सेल के अध्यक्ष अर्पण राठौर, राजेंद्र राठौड़, दानिश राठी, ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र गोसर, वरिष्ठ नेता चंद्रभान सिंह चंदेल, इंदर सिंह कुशवाह, प्रदेश सचिव असलम लाला, युवक कांग्रेस जिला अध्यक्ष अर्पित यादव, जिला उपाध्यक्ष प्रदेश शर्मा, प्रदेश महासचिव प्रतीक जैन, उज्जैन उत्तर विधानसभा अध्यक्ष यश जैन, दौलतगंज ब्लॉक प्रमुख रहीम लाला, महाराजवाड़ा कार्तिक चौक प्रभारी संचित शर्मा, हिमांशु शुक्ला आदि उपस्थित थे।

### निगम ने गंदगी करते पाए जाने पर 45 हजार से अधिक का जुमार्ना वसूला

**उज्जैन।** नगर निगम के स्वास्थ्य अमले द्वारा शहर की स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए प्रतिदिन जुमार्ने की कार्यवाही की जा रही है। जिसके क्रम में मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा समस्त जोन अंतर्गत कार्यवाही करते हुए 45 हजार से अधिक का जुमार्ना वसूला।

# महापौर मुकेश टटवाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई मेयर इन काउंसिल की बैठक, बिन्दुवार चर्चा

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

मंगलवार को मेयर इन काउंसिल की बैठक महापौर मुकेश टटवाल की अध्यक्षता एवं निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा, एमआईसी सदस्य शिवेन्द्र तिवारी, सत्यनारायण चौहान, प्रकाश शर्मा, रजत मेहता, कैलाश प्रजापत, अनिल गुप्ता, डॉ. योगेश्वरी राठौर, दुर्गाशक्ति सिंह चौधरी, सुगन बाबूलाल बाघेला की उपस्थिति में आयोजित हुई।

बैठक में कार्यसूची के प्रथम प्रकरण मेयर इन काउंसिल सम्मिलन दिनांक 17.10.2025 के कार्यवृत्त की पुष्टि की गई जिसके उपरांत कार्य बिन्दुवार चर्चा की गई।

बैठक में आय व्यय पत्रक (माह अगस्त से अक्टूबर 2025 तक) के संबंध में स्वीकृति, श्री महाकाल लोक परिसर में मंदिर में नवनिर्मित सेतु का नामकरण अशोक सेतु किए जाने के संबंध में अनुशंसा, वीडी मार्केट, तेलीवाड़ा, ढाबा रोड होते हुए छोटी पुलिया तक मार्ग चौड़ीकरण कार्य में प्रभावित भवन को मुआवजा प्रदान किए जाने के संबंध में अनुशंसा, नगर पालिक निगम में आदर्श कार्मिक संरचना के अनुसार वर्ष 2025 - 26 में सीधी भर्ती के रिक्त पदों की पूर्ति कर्मचारी चयन मंडल (ईएसबी) के माध्यम से किए जाने के संबंध में स्वीकृति, नगर पालिक निगम उज्जैन के पेंशनरों / परिवार पेंशनरों को देय पेंशन में महंगाई भत्तों का पुनरीक्षण एवं सातवें



वेतनमान में 55 प्रतिशत दिए जाने एवं एरियर राशि के भुगतान किए जाने के संबंध में अनुशंसा, स्पेशल असिस्टेंट अंतर्गत प्राप्त राशि से क्षिप्रा नदी पर प्रस्तावित ब्रिज निर्माण कार्य की राशि लोक निर्माण विभाग (सेतु) को हस्तांतरित किए जाने के संबंध में अनुशंसा, मुख्यमंत्री नगरीय क्षेत्र अधोसंरचना निर्माण अंतर्गत नगरीय निकायों को अतिरिक्त सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान किए जाने के संबंध में अनुशंसा, मध्य प्रदेश आउटडोर विज्ञापन मीडिया नियम 2017 के प्रावधान अनुसार विभिन्न टाइपोलॉजी के अंतर्गत स्थापित की जाने वाली आउटडोर मीडिया डिवाइस हेतु अनुज्ञप्ति शुल्क की दरों का निर्धारण किया जाने हेतु अनुशंसा प्रदान की गई।

बैठक में अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह, अपर आयुक्त वित्त पुनीत शुक्ला, उपायुक्त योगेन्द्र सिंह पटेल, संजेश गुप्ता, मनोज मौर्य, अधीक्षण यंत्री संतोष गुप्ता एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहें।

### आज होगा कार्तिक मेला एवं प्रदर्शनी का समापन

**उज्जैन।** नगर पालिक निगम उज्जैन द्वारा पुण्य सलिला मां क्षिप्रा नदी के पावन तट पर 4 नवंबर से आयोजित परंपरागत कार्तिक मेला एवं प्रदर्शनी 2025 का समापन समारोह आज दिनांक 03 दिसंबर बुधवार को कार्तिक मेला सांस्कृतिक मंच पर सायं 07 बजे होगा।

## अक्टूबर माह में मंगलनाथ मंदिर को हुई 41 लाख की आय

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

मंगलवार को भगवान श्री मंगलनाथ के मंदिर पर मंगलवार के साथ भोम प्रदोष होने से मंदिर पर प्रातःकाल की आरती पश्चात 7:00 बजे से ही दर्शनार्थी/श्रद्धालुगणों के साथ ही साथ भात पूजन एवं अन्य पूजन के लिए आने वाले यजमानों का आना प्रारंभ हो गया था। मंगलनाथ मंदिर पर आने वाले यजमानों द्वारा मंगलदोष के निवारणार्थ सामान्य भात पूजन, नवग्रह शांति भात पूजन, पंचांग कर्म भात पूजन, तथा जप विधान सहित भातपूजन करवाई गई। इसके अतिरिक्त मंदिर पर आने वाले यजमानों द्वारा अन्य पूजन जैसे कालसर्प पूजन, अंगारक दोष पूजन, कुंभ विवाह पूजन, अर्क विवाह पूजन, श्रापितदोष पूजन तथा अन्य प्रकार के दोष के निवारण के लिए मंदिर के विद्वान पंडितों/आचार्यगणों द्वारा संपूर्ण विधान के साथ यजमानों की पूजन संपन्न करवाई गई। इन पूजनों की 1698 मैन्युअल/कंप्यूटरीकृत शासकीय रसीदें काटी गई। इन रसीदों से मंदिर समिति को राशि रुपए-3,06,550/- (*रुपए तीन लाख छः हजार पांच सो पचास मात्र की आय प्राप्त हुई*)। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि जिन दर्शनार्थियों को समयाभाव अथवा फ्लाइट या ट्रेन अथवा बस से जाने की जल्दी रहती है, ऐसे श्रद्धालुओं के लिए मंदिर प्रशासन द्वारा की गई शीघ्र दर्शन पास की व्यवस्था के तहत कर्मचारीगणों के सहयोग से शीघ्र एवं सुलभता के साथ प्रति श्रद्धालु रुपए 100/- की शीघ्र दर्शन की शासकीय रसीद बनाई जाकर गर्भगृह के सामने से मंगलनाथ भगवान के मुख दर्शन करवाए जाने की व्यवस्था सरल एवं सुगमतापूर्वक करवाए गए। इसके अतिरिक्त मंदिर पर आए हुए दिव्यांग तथा कैंसर अथवा किडनी की रुग्णावस्था वाले दर्शनार्थियों/श्रद्धालुओं को भी मंदिर के आचार्यगणों के सहयोग से कर्मचारियों द्वारा व्हीलचेयर की सेवाएं उपलब्ध कराकर सुगमता के साथ दर्शन करवाए गए।

# विवाह समारोह व जुलूस में स्वागत के दौरान तोप मशीन से रंगीन पन्नियां उड़ाने वालों की अब खैर नहीं

### सड़क पर चिपक रहे हैं पन्नियों के टुकड़े, साफ करने में मशक्कत करना पड़ रही,

### पन्नी उड़ाते पाए जाने पर मशीन जप्तकर कार्रवाई की जाएगी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

विवाह समारोह व जुलूस में स्वागत के दौरान तोप मशीन से रंगीन पन्नियां उड़ाने वालों की अब खैर नहीं नगर निगम ऐसे लोगों के खिलाफ जल्द एक्शन लेने वाला है हालांकि नगर निगम अधिकारी संदेश गुप्ता का कहना है कि बैठक लेकर सबको पहले हिदायत दी जाएगी उसके बाद भी अगर कोई पन्नी के टुकड़ों का इस्तेमाल करते पाया गया तो उसकी मशीन जप्त कर उसके खिलाफ पेनल्टी भी वसूली जाएगी।

शहर को साफ सुथरा बनाने के लिए नगर निगम करोड़ों रुपए खर्च कर रहा है। शहर की हर गली मोहल्ले में डोर टू डोर कचरा उठाया जा रहा है। वही फुटपाथ व सड़कों को साफ रखने के लिए सफाई कर्मी रात दिन सफाई में भिड़े रहते हैं लेकिन शादी ब्याह व जुलूस में स्वागत करने वाले सफाई व्यवस्था पर पानी फेर रहे हैं। पूर्व में नगर निगम ने तोप मशीन से रंगीन पन्नियां उड़ाने पर रोक लगाई थी। लेकिन इसके बावजूद भी शादी व जुलूस सहित अन्य कार्यक्रमों में तोप मशीन से रंगीन पन्नियां उड़ाने का प्रचलन जारी है। लोग स्वागत के दौरान रंग बिरंगी पन्नियों के टुकड़े का इस्तेमाल कर रहे हैं। आपको बता दे की पूर्व में भी निगम आयुक्त ने निर्देश जारी किया था कि जुलूस व धार्मिक आयोजन में स्वागत के दौरान तोप मशीन से रंग-बिरंगी पन्नियों के टुकड़े का इस्तेमाल नहीं किया जाए। क्योंकि पन्नियों के टुकड़े सड़क पर चिपक जाते हैं और सफाई कर्मियों को इन्हें साफ करने में भारी मशक्कत करना पड़ती है। लेकिन लोग फिर भी स्वागत के दौरान इन पन्नियों का इस्तेमाल कर रहे हैं। जिससे शहर की सड़कें खराब हो रही है। वहीं सफाई कर्मचारीयों को भी इन पन्नियों को साफ करने में भारी मशक्कत करना पड़ रही है। इन दिनों शादियों का सीजन चल रहा है जिसमें रंगीन पन्नीयों के छोटे-छोटे टुकडों के छर्रे बनाकर स्वागत-सत्कार हेतु उड़ाया जा रहा है। जिस कारण से सड़कों पर जगह-जगह पर पन्नीयों के टुकड़े फैलकर सड़कों पर चिपक रहे है और सफाई के दौरान सफाई कमीर्यों का अत्यधिक परिश्रम करना पड़ रहा है।

### इन्होंने यह कहा..

नगर निगम के स्वास्थ अधिकारी संदेश गुप्ता ने बताया कि सफाई व्यवस्था देखने सड़क पर निकलते हैं तो सफाई कर्मियों द्वारा भी इस तरह की शिकायत की गई है सड़क पर पन्नी के टुकड़े चिपक जाते हैं इस कारण सफाई कर्मियों को सफाई करना मशक्कत करना पड़ रही है। जल्द ही पन्नीयों का इस्तेमाल करने वालों पर एक्शन लिया जाएगा। एक-दो दिन में सभी को बुलाकर बैठक लेकर हिदायत दी जाएगी की पन्नी के टुकड़ों का इस्तेमाल ना करें। कागज के टुकड़े उड़ाना चाहे तो उड़ा सकते हैं। लेकिन पन्नी ना उड़ाएं।

# निगम आयुक्त ने किया सफाई व्यवस्था का निरीक्षण

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

मंगलवार को नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने निगम अधिकारियों के साथ वार्ड क्रमांक 42 का में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया।

निगम आयुक्त श्री मिश्रा द्वारा नियमित रूप से वार्डों में प्रातः काल सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया जाता है जिसके क्रम में मंगलवार को वार्ड 42 में निरीक्षण किया गया जिसके अंतर्गत सेठी नगर चौराहा, 36 क्वार्टर, नगर निगम कॉलोनी, इत्यादि क्षेत्र में निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान आयुक्त द्वारा सफाई मित्रों की उपस्थिति रजिस्टर जांच करते हुए एवं चर्चा कर निर्देशित किया गया कि कार्य के दौरान ड्रेस पहनकर कार्य करें साथ ही जो माइक्रो प्लान वार्ड का निर्धारित किया गया है। उसी अनुसार कार्य को संपादित करना है। निरीक्षण के दौरान आयुक्त द्वारा वार्ड के रहवासियों से चर्चा करते हुए सफाई व्यवस्था



का फीडबैक लिया गया एवं पूछा कि कचरा गाड़ी समय से आती है या नहीं तब रहवासियों द्वारा सकारात्मक जवाब देते हुए कहा कि वार्ड में सफाई व्यवस्था सुचारू रूप से होती है साथ ही कचरा गाड़ी में हमारे द्वारा गीला एवं सूखा कचरा पृथक पृथक रूप से ही दिया जाता है*

वार्ड में निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर देखने में आया कि संबंधितों द्वारा भवन निर्माण सामग्री सड़कों पर फैला रखी गई है जिसके कारण आवागमन में समस्या होती है साथ ही खुले में भट्टी जलाते पाए गए जिस पर 08 हजार का जुमार्ना लगाया गया।

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त संजेश गुप्ता, सहायक आयुक्त श्री रविकांत मगरदे, स्वास्थ्य अधिकारी श्री कालूराम सोलंकी, पार्षद प्रतिनिधि श्री बालकृष्ण पटेल उपस्थित रहे।

# आयुष विभाग के अधिकारियों ने किया औषधी खेती का निरीक्षण

### पर्यावरण संरक्षण के लिए अति आवश्यक है औषधीय पौधे

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

उज्जैन जिले के ग्राम बेरछा के प्रगतिशील स्वावलंबी कृषक श्री सुरेश नंदेड़ा के औषधीय खेती कर रहे है। इस खेती का निरीक्षण डॉ.ज्योति पांचाल संभागीय आयुष अधिकारी , डॉ.मनीषा पाठक जिला आयुष अधिकारी डॉ.जितेंद्र जैन जिला नोडल अधिकारी ने किया। ग्राम बेरछा में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीण जनों को संबोधित करते हुए डॉक्टर पांचाल ने कहा आयुर्वेदिक औषधीय पौधे औषधीय महत्व के साथ-साथ अधिक मूल्य उपज के होते हैं। औषधीय पौधों की खेती में सुरेश जी ने उल्लेखनीय कार्य कर उज्जैन सहित प्रदेश में अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है।डॉ. मनीषा पाठक ने बताया कि संपूर्ण प्रदेश सहित जिला उज्जैन के 6 ब्लॉकों में आयुष विभाग के प्रयास से किसान अब औषधि पौधों की खेती के लिए प्रेरित हुए हैं। प्रगतिशील कृषक सुरेश जी अश्वगंधा अभियान के ब्रांड एंबेसडर होकर जिले के किसानों के लिए औषधीय पौधों की खेती में लगातार योगदान दे रहे हैं। डॉ.जितेंद्र जैन ने अवगत कराया कि आयुष विभाग की देवरण्य योजना औषधीय पौधों की खेती में किसानों के लिए वरदान साबित हुई है। औषधि गुण युक्त पौधे मनुष्य को स्वस्थ बनाने के साथ-साथ पर्यावरण को भी स्वस्थ बनाते हैं।इस अवसर पर रुद्राक्ष के पौधे का पौधा रोपण किया गया। सुरेश जी ने बताया कि वे पिछले 10 वर्षों से अश्वगंधा,अकरकरा ,कालमेघ , मुलेठी , सहजन आदि औषधीय पौधों की खेती कर रहे हैं ।100 से अधिक प्रजाति के औषधीय पौधों का रोपण उनके उद्यान में किया गया है,जिसे देखने के लिए अन्य स्थानों से भी किसान बंधु आते हैं।

## खबर एक नजर...

### एसपी के निर्देशन में 15 दिवसीय विशेष अभियान चलाया

**अलीराजपुर।** यातायात पुलिस अलीराजपुर द्वारा पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेश के पालन में एव पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंशसिह के निर्देशन में दिनांक 26 नवम्बर से 10 दिसम्बर तक 15 दिवसीय विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके पालन मे उक्त दिनांक से आज दिनाक तक जिला आलीराजपुर के विभिन्न थानो पर समय बदल-बदल कर लगातार वाहन चैकिंग की कार्यवाही की जा रही है जिसमे बिना हेलमेट टु व्हीलर चलाने के 203 चालान व समन शुल्क 60900, एचएसआरपी के 98 चालान समन शुल्क 49 हजार, तेज गति 20 चालान समन शुल्क 36 हजार रुपये, बिना बीमा का 1 चालान एक हजार व मोडिफाईड सायलेंसर के 22 चालान 22 हजार रुपये के बनाये गये व मौके पर ही सायलेंसर खुलवाकर जप्त किये गये जो की आज दिनांक तक कुल 529 चालान बनाये जाकर 2,61,700 रुपये समन शुल्क वसुल किया गया है । साथ ही नानपुर रोड व चांदपुर रोड पर वाहनो की गति को कम करने हेतु स्टापर लगाये गये एवं गति सीमा लिमिट हेतु फ्लेक्स लगाये गये एवं वाहन चालकों को । यातायात थाना प्रभारी सूबेदार अर्जुन वास्केल द्वारा बताया गया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिये इस प्रकार की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी ।

### दुर्गावाहिनी मातृशक्ति ने जनजाति समूह की महिलाओं के साथ गीता जयंती मनाई

**मनावर।** दुर्गावाहिनी मातृशक्ति द्वारा जनजाति समूह की महिलाओं के साथ गीता जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित प्रांत सह संयोजिका ऋतु दीदी ने बताया कि सत्संग क्यों आवश्यक है और संगठन रीति से किस तरह सत्संग किया जाता है बहनों को बताया। एवं वर्ग को लेकर भी चर्चा हुई। साथ ही बढ़ते हुए धर्मान्तरण और लव जिहाद जैसे विश्व पर भी बहनों का अवगत कराया गया। कार्यक्रम का संचालन मातृशक्ति की सोना दीदी द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में रंजना वास्केल विशेष रूप से उपस्थित हुवे।

### कलेक्ट्रेट में हुई जनसुनवाई, अधिकारियों ने सुनी 48 आवेदकों की समस्याएं

**खरगोन ।** प्रत्येक मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई की कड़ी में 2 दिसंबर को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इसमें अपर कलेक्टर श्रीमती रेखा राठौर, डिप्टी कलेक्टर श्री प्रताप कुमार अगास्या ने अन्य अधिकारियों के साथ आवेदकों की सम स्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को उनका त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में 48 आवेदक अपनी समस्याएं लेकर आए थे। इस दौरान अधिकारियों ने प्रत्येक आवेदक की समस्या को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

### सायबर सेल ने ऑनलाइन फ्रॉड का शिकार हुए नागरिक को रुपये वापस करवाए

**बुरहानपुर।** बुरहानपुर सायबर सेल ने एक बार फिर अपनी तकनीकी दक्षता और त्वरित समन्वय का शानदार उदाहरण पेश किया है। टीम ने ऑनलाइन फ्रॉड का शिकार हुए नागरिक की 7 लाख 85 हजार रुपए की राशि सफलतापूर्वक बैंक खाते में वापस करवाई। पीड़ित दीपक कुमार काले ने बताया कि किसी लिंक से फाइल डाउनलोड करने के बाद उनका ऐप हैक हो गया। फ्रॉडस्टर ने ऐप पर पूरा नियंत्रण हासिल कर लिया और एप के माध्यम से खाते से लगातार लेन-देन करते हुए कुल 12 लाख 75 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए।पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार ने तत्काल प्रभाव से कार्रवाई के निर्देश दिए। थाना प्रभारी लालबाग अमित सिंह जादौन और साइबर हेल्प डेस्क के आरक्षक दीपांशु पटेल ने मामले को प्राथमिकता दी और तुरंत नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर वित्तीय धोखाधड़ी का केस दर्ज किया।

# त्रिवेणी मेले में आयोजित होगी विभिन्न खेल प्रतियोगिता

### महापौर ने ली खेल प्रशिक्षकों की बैठक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

नगर निगम द्वारा 11 से 21 दिसम्बर तक आयोजित ग्यारह दिवसीय त्रिवेणी मेले में आयोजित की जाने वाली कुश्ती व अन्य खेल प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन हेतु महापौर प्रहलाद पटेल ने खेल प्रशिक्षकों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

महापौर प्रहलाद पटेल ने आयोजित बैठक में कहा कि खेल भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से त्रिवेणी मेले में कुश्ती व अन्य खेल प्रतियोगिताऐं आयोजित की जा रही है खेल प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन हेतु समस्त तैयारियां समय पूर्व पूर्ण कर ली जाये।

बैठक में तय किया गया कि 15 से 17 दिसम्बर तक कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया जाये तथा पहलवानों का वजन 14 दिसम्बर को त्रिवेणी स्थित मानस भवन में प्रातः 11 से दोपहर 2 बजे तक किया जाये तथा संभाग केसरी के पहलवानों का वजन 16 दिसम्बर को प्रातः 9 से 11 बजे तक मानस भवन में किया जाये इसके अलावा कबड्डी, खो-खो, मलखंभ व व्हॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 15 से 17 दिसम्बर तक मानस भवन उद्यान में किया जाये। शरीर सौष्ठव (बॉडी बिल्डिंग) प्रतियोगिता का



आयोजन 19 दिसम्बर को मानस भवन में सांयकाल किया जाये।

बैठक में महापौर प्रहलाद पटेल ने निर्देशित किया कि विभिन्न खेल प्रतियोगिता के विजेता व उप विजेताओं को समय पर पुरस्कार राशि का वितरण हो इस हेतु खिलाड़ी पंजीयन के समय ही बैंक पास बुक, आधार कार्ड व पेन कार्ड की छायाप्रति अनिवार्य रूप से जमा करावें। इस अवसर पर कुश्ती संयोजक अशोक जैन लाला, नेता पक्ष भगतसिंह भदौरिया, क्षेत्रिय पार्षद अक्षय संघवी, पार्षद परमानन्द योगी, योगेश पापटवाल, बलवंत भाटी, अनुज शर्मा, सोनू यादव, आर.सी. तिवारी, जितेन्द्र धूलिया, भीमसिंह भाटी, महेन्द्रसिंह सोलंकी, दीपेन्द्रसिंह ठाकुर, राहूल श्रीवास्तव, चेतन, मुकेश चन्द्रावत, राजेन्द्र राजू अग्रवाल, जय पहलवान, राजीव रावत, सज्जनसिंह राठौर आदि उपस्थित थे।

## रतलाम शिक्षा विभाग के त्रिभुवनेश भारद्वाज की सेवानिवृत्ति पर दी गई भावभीनी विदाई



ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

जिला शिक्षा अधिकारी रतलाम के वरिष्ठ, कर्मनिष्ट, कर्मचारी नेता, सहायक ग्रेड 1 त्रिभुवनेश भारद्वाज 36 वर्ष की सफल शासकीय सेवा पश्चात गत दिवस सेवानिवृत हुए इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं अन्य हुए सम्मान समारोह आयोजन में उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। समारोह में उनके प्रशंसकों ,मित्रों एवं स्टाफ कर्मचारियों ने साफा बांधकर पुष्पहारों, श्रीफल एवं शाल ओढ़ाकर सम्मान कर विदाई दी। इन अवसरों पर वक्ताओं ने श्री भारद्वाज के शिक्षा जगत में किए गए उल्लेखनीय कार्यों की प्रशंसा कर उन्हें शिक्षा जगत का विशेषज्ञ निरूपित किया। श्री त्रिभुवनेश भारद्वाज के सम्मान समारोह में जिला शिक्षा अधिकारी अनीता सागर, सहायक संचालक राहुल मंडलोई ,प्राचार्य सुभाष कुमावत, क्रीड़ा अधिकारी दीपेंद्र सिंह ठाकुर सहित अनेक शुभचिंतक उपस्थित थे ।कार्यक्रम का संचालन आर सी तिवारी ने किया तथा आभार लोकेश कटारिया ने माना।

## गीता महोत्सव के साथ बड़वानी में हुआ ज्ञान और संस्कृति का संगम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़वानी

अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2025 के अवसर पर पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शहीद भीमा नायक महाविद्यालय बड़वानी के सभागृह में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम ने जिले में श्रीमद् भगवद् गीता के शाश्वत संदेश और मूल्यों के प्रति जागरूकता और सांस्कृतिक चेतना का संचार किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष श्री बलवंतसिंह पटेल और जिला कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह द्वारा पारंपरिक रूप से कन्या पूजन एवं माँ सरस्वती पूजन से किया गया। इस अवसर पर, जिला पंचायत सीईओ सुश्री काजल जावला और अपर कलेक्टर श्री के.के मालवीय सहित जिले के अन्य वरिष्ठ अधिकारी, शिक्षाविद् और गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री बलवंतसिंह पटेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि, श्रीमद भागवत गीता जीवन का सार है, जो हमें कर्मण्यता, कर्तव्यनिष्ठा और धर्मपरायणता का पाठ पढ़ाती है। यह महोत्सव हमें अपने गौरवशाली मूल्यों से जुड़ने का अवसर देता है। उन्होंने युवाओं को गीता के संदेशों को अपने जीवन में उतारने के लिए प्रेरित किया। साथ ही कहा कि आज के आधुनिक युग में भी गीता का ज्ञान उतना ही प्रासंगिक है, जो हमें तनावमुक्त रहकर जीवन के हर संघर्ष में सही मार्ग दिखाता है।

कार्यक्रम में श्रीमद्भगवद्गीता के 15वे अध्याय पर आधारित बुकलेट का वितरण किया गया साथ ही 15वें अध्याय का 1100 गीता पाठियों द्वारा सामूहिक सस्वर वाचन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं और जनमानस को भारतीय संस्कृति और दर्शन की अमूल्य निधि श्रीमद भगवद्गीता से परिचित कराना और उसके नैतिक मूल्यों को समाज में प्रसारित करना रहा।

### स्टेडियम के लिए अतिरिक्त भूमि की है आवश्यकता

**जावरा ।** विधानसभा क्षेत्र के पिपलौदा में स्टेडियम निर्माण किया जाना है,लेकिन शासन की नई नीति के मापदण्ड अनुसार अतिरिक्त भूमि की आवश्यकता है।,जिसके आवंटन होने के पश्चात स्वीकृति दी जाएगी। प्रदेश के खेल व युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने विधायक डॉ राजेन्द्र पांडेय के प्रश्न पर जानकारी दी। विधायक डॉ पांडेय के प्रश्न पर खेल मंत्री सारंग ने कहा कि 10 एकड़ भूमि की आवश्यकता होती है।

## नीमच से हुंकार भरी जीवन सिंह शेरपुर, जन क्रांति न्याय यात्रा का हुआ भव्य शुभारंभ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ पिपलिया मंडी

करणी सेना परिवार के राष्ट्रीय नेतृत्वकर्ता एवं सर्व समाज आंदोलन के प्रमुख ठाकुर जीवन सिंह शेरपुर कल 2 दिसंबर को नीमच से हुंकार भरने हेतु जन क्रांति न्याय यात्रा के तहत नीमच पहुंचे ।

### जन-जन से करेंगे हरदा पहुंचने का आव्हान

करणी सेना जिला अध्यक्ष गिरिराज सिंह चौहान ने बताया कि शेरपुर नीमच में सर्व समाज से 21 दिसंबर को हरदा में होने वाले जन क्रांति न्याय आंदोलन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान करेंगे। यह आंदोलन करणी सेना की 21 सूत्रीय मांगों को लेकर आयोजित किया जा रहा है। इसी जन क्रांति न्याय यात्रा के उद्देश्य को लेकर नीमच प्रवास के दौरान पिपलिया मंडी पहुँचने पर चौपाटी पर करणी सेना तहसील अध्यक्ष लोकेन्द्रसिंह







सोनगरा के नेतृत्व में क्षेत्रीय करणी सेना परिवार द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष जीवन सिंह शेरपुर, सर्व समाज के साथ संगठन के कार्यकर्ताओं ने ढोल बाजे के साथ किया जोरदार स्वागत। तत्पश्चात अपने मत संगठन के साथ नीमच के लिए रवाना हुए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विभिन्न समाजजन उपस्थित थे।

## सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पेंशन रोकने पर होगी सख्त कार्यवाही

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर

जिला स्तरीय जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग एवं सीईओ जिला पंचायत श्री अनुकूल जैन ने 65 आवेदकों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि बिना किसी अधिकृत कारण के किसी भी सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारी की पेंशन नहीं रोकी जाए। पेंशन में अनावश्यक विलंब या रोक लगाने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी भी विभाग में पेंशन की कोई फाइल अथवा केश लंबित नहीं रहना चाहिए




कलेक्टर ने यह भी कहा कि यदि किसी सेवानिवृत्त अधिकारी या कर्मचारी की पेंशन रोकी जाती है, तो सेवानिवृत अधिकारी या कर्मचारी इसकी तुरंत शिकायत जिला स्तरीय जनसुनवाई में करें ताकि त्वरित कार्रवाई की जा सके। जनसुनवाई में कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि आम नागरिकों की समस्याओं का समय पर समाधान किया जाए एवं कोई भी व्यक्ति अनावश्यक परेशान न हो। लोगों को न्याय दिलाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनसुनवाई के दौरान आए विभिन्न प्रकरणों में त्वरित निर्देश जारी किए गए। भानपुरा निवासी लक्ष्मीबाई ने डूब क्षेत्र की कृषि भूमि का मुआवजा राशी दिलवाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर तहसीलदार भानपुरा को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। ढाबला निवासी भारत सिंह ने मंदिर जिर्णोद्वार के लिए राशी स्विकृत करवाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया।

# जया बच्चन ने शादी को बताया आउटडेटेड

## एक्ट्रेस ने कहा- वह नहीं चाहतीं कि मेरी नातिन नव्या शादी करें

एक्ट्रेस और राज्यसभा सांसद जया बच्चन ने हाल ही में शादी के कॉन्सेप्ट को आउटडेटेड बताया है। जया ने यह भी कहा कि वह चाहती हैं कि उनकी नातिन नव्या नवेली नंदा शादी न करें।

'वी द वूमेन' इवेंट में बरखा दत्त को दिए इंटरव्यू में जब जया से सवाल पूछा गया कि अगर नव्या शादी के बाद अपना करियर छोड़ दे तो क्या उन्हें मंजूर होगा, तो एक्ट्रेस ने कहा कि मैं नहीं चाहती कि नव्या शादी करें। वहीं, जब इंटरव्यू में पूछा गया कि क्या वह शादी को आउटडेटेड मानती हैं, तो उन्होंने हां में जवाब दिया।



इसके अलावा, जया ने कहा, आप जानती हैं, मैं अब दादी हूं। नव्या कुछ दिनों में 28 साल की होने वाली है। मुझे लगता है, अब मैं बहुत बूढ़ी हो गई हूं कि आज की लड़कियों को यह बताऊं कि बच्चों की परवरिश कैसे करनी चाहिए। समय बहुत बदल गया है। आजकल के छोटे बच्चे इतने समझदार हैं, वे इतने स्मार्ट हैं कि आपको भी पीछे छोड़ देंगे। जया बच्चन ने शादी की तुलना दिल्ली के लड्डू से करते हुए कहा, जो खा ले वो पछताए, जो न खाए वो भी पछताए। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, बस जिंदगी का मजा लो।



**जया बच्चन ने पैपराजी पर साधा निशाना-** इंटरव्यू में जया बच्चन ने पैपराजी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि उनका असली रिश्ता मीडिया से है, लेकिन पैपराजी से नहीं है। जब जया बच्चन से सवाल पूछा गया कि आपका असली रिश्ता अखबार या मीडिया से क्या है? तो जया बच्चन ने जवाब देते हुए कहा, मेरा मीडिया के साथ रिश्ता बहुत अच्छा है। यह सच है कि मैं खुद मीडिया की ही देन हूं, लेकिन मेरा पैपराजी से कोई रिश्ता नहीं है, वह शून्य है। ये लोग कौन हैं? क्या ये इस देश के लोगों का प्रतिनिधित्व करते हैं? आप इन्हें मीडिया कहते हैं? जया बच्चन ने आगे कहा, मैं तो खुद मीडिया से हूं। मेरे पिताजी पत्रकार थे। मुझे असली पत्रकारों के लिए बहुत सम्मान है, लेकिन जो लोग बाहर कैमरा लेकर घूमते हैं, गंदे तंग कपड़े पहनकर, मोबाइल फोन हाथ में लेकर किसी की भी तस्वीर खींच लेते हैं, वे मीडिया नहीं हैं। उन्हें लगता है कि मोबाइल फोन होने से वे कुछ भी बोल सकते हैं। ये लोग हैं कौन? इनकी पढ़ाई क्या है, बैकग्राउंड क्या है?



## शिकायत दर्ज होने के बाद रणवीर सिंह ने माफी मांगी

### धार्मिक भावनाएं आहत करने के आरोप कांतारा में दिखाई गई देवी को कहा था भूत

एक्टर रणवीर सिंह के खिलाफ हिंदू जनजागृति समिति ने शिकायत दर्ज करवाई है। उन पर धार्मिक भावनाएं आहत करने के आरोप लगे हैं। आरोप है कि रणवीर सिंह ने चावुंडी देवी को एक फिल्म फेस्टिवल में भूत कहा है। शिकायत दर्ज होने के बाद अब रणवीर सिंह ने सार्वजनिक तौर पर माफी मांगी है।

रणवीर सिंह ने माफीनामा जारी कर आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से लिखा है- मेरा इरादा फिल्म (कांतारा) में ऋषभ की शानदार परफॉर्मेंस को उजागर करने का था। एक अभिनेता होने के नाते, मैं जानता हूं कि उस खास सीन को जिस तरह से उन्होंने निभाया, उसके लिए कितनी मेहनत लगती है और इसके लिए मैं उनका अत्यधिक सम्मान करता हूं। मैंने हमेशा हमारे देश की हर संस्कृति, परंपरा और आस्था का गहरा सम्मान किया है। अगर मेरी किसी बात से किसी की भावनाएं आहत हुई हैं, तो मैं दिल से माफी चाहता हूं।

**पणजी में दर्ज हुई है शिकायत-** पीटीआई की रिपोर्ट के अनुसार, हिंदू जनजागृति समिति ने लिखित शिकायत दर्ज करवाते हुए सख्त एक्शन लिए जाने की भी मांग की है। समिति के सदस्य प्रमोद तुवेकर और दिलीप शेट्ये ने पणजी पुलिस में शिकायत करते हुए भारतीय दंड संहिता के तहत कार्रवाई करने की मांग की है। रिपोर्ट में कहा गया कि चामुंडी दैव को तुलु समुदाय का पवित्र कुल-देवता माना जाता है और इस देवता को अपमानजनक तरीके से दिखाना अशांति फैला सकता है और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचा सकता है। एक्टर के खिलाफ एक्शन लिए जाने के साथ-साथ समिति ने यह भी मांग की थी कि रणवीर एक सार्वजनिक माफी जारी करें। संगठन ने कहा कि अभिनेता को यह वचन देना चाहिए कि वह भविष्य में ऐसे बयान या प्रदर्शन नहीं करेंगे। एचजेएस ने इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया के आयोजकों से भी अपील की कि वे एक आचार-संहिता तैयार करें ताकि पुरस्कार समारोहों या सार्वजनिक कार्यक्रमों में किसी भी देवता या आध्यात्मिक परंपरा का मजाक न उड़ाया जाए।



## स्मृति-पलाश 7 दिसंबर को शादी के बंधन में बंधेंगे!

### सोशल मीडिया पर वेडिंग डेट को लेकर दावा क्रिकेटर के भाई ने कहा मुझे कोई आइडिया नहीं

म्यूजिक कंपोजर पलाश मुछाल और भारतीय क्रिकेटर स्मृति मंधाना की शादी की नई डेट को लेकर सोशल मीडिया पर रूमर्स चल रहे हैं। सोशल मीडिया पर दावा किया जा रहा था कि दोनों 7 दिसंबर को शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। इस शादी में केवल दोनों के परिवार वाले ही शामिल होंगे। लेकिन अब इन दावों को स्मृति के भाई ने पूरी तरह से नाकार दिया है।

स्मृति के भाई श्रवण मंधाना ने हिंदुस्तान टाइम्स से बात करते हुए कहा- 'मुझे इन अफवाहों के बारे में कोई जानकारी नहीं है। फिलहाल यह शादी पोस्टपोन है।' बता दें कि पलाश और स्मृति 23 नवंबर को महाराष्ट्र के सांगली में शादी के बंधन में बंधने वाले थे। हल्दी और मेहंदी की रस्में भी हो चुकी थीं। लेकिन शादी वाले दिन स्मृति के पिता श्रीनिवास मंधाना की तबीयत खराब होने के कारण शादी को स्थगित कर दिया गया है। फिर स्मृति ने अपने इंस्टाग्राम से रस्मों की सारी फोटोज हटा दीं, जिसके बाद सोशल मीडिया पर उनके निजी जीवन को लेकर कई अफवाहें फैलने लगीं। पलाश पर कथित तौर पर स्मृति को चीट करने का आरोप लगा। हालांकि, इन अटकलों के बीच दोनों ने अपने इंस्टाग्राम बायो को अपडेट किया और बुरी नजर से बचने के लिए एक नजर इमोजी भी जोड़ा। वहीं, शादी टलने और कथित चीटिंग के आरोपों के बाद सोमवार को पहली बार पलाश पब्लिकली नजर आए थे।

# बिग बॉस-19 से अशनूर के एविक्शन पर भड़कीं सुंबुल तौकीर

पॉपुलर रियलिटी शो बिग बॉस 19 के फिनाले से ठीक एक हफ्ते पहले वायलेंस करने के आरोप में अशनूर कौर को शो से एविक्ट कर दिया गया है। अशनूर के एविक्शन के बाद अब बिग बॉस की पूर्व कंटेस्टेंट रहीं सुंबुल तौकीर भड़क गई हैं। उन्होंने इस फैसले को गलत बताया है।

सुंबुल ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट से एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें तान्या मित्तल अशनूर के साथ धक्का-मुक्की करते हुए नजर आ रही हैं। इस वीडियो के साथ सुंबुल लिखती हैं- बिग बॉस का रूल तो सिर्फ बहाना है, नहीं तो वापस तो अर्चना (गौतम) भी आई थी। लात तो तान्या ने भी मारी थी। अशनूर को धक्का भी तो तान्या ने ही मारा था। तब क्या ये आंखों में पट्टी बांधकर बैठे थे। इसके बाद अगली स्टोरी में सुंबुल ने ये भी साफ किया है कि वो वायलेंस को सपोर्ट नहीं करती हैं, बल्कि वो शो की हिपोक्रेसी के खिलाफ आवाज उठा रही हैं। उन्होंने लिखा, 'इससे पहले कि कोई मुझ पर आए और कहे कि मैं हिंसा को सपोर्ट कर रही हूं, तो सुन लो, अशनूर का एविक्शन तभी फेयर होता अगर हर हाथ उठाने वाले कंटेस्टेंट को बाहर किया जाता। मैं बात कर रही हूं इस पाखंड (हिपोक्रेसी) की। अचानक से नियम इतने प्यारे कैसे हो गए?'

> कहा- रूल सिर्फ बहाना है, तान्या ने धक्का मारा था, तब क्या आंखों में पट्टी बांधकर बैठे थे



**अशनूर पर लगे थे तान्या को मारने के आरोप-** दरअसल, हाल ही में बिग बॉस 19 में टिकट टू फिनाले टास्क रखा गया था। टास्क के अनुसार, हर कंटेस्टेंट को गले में लकड़ी का पल्ला रखना था, जिसमें पानी के दो बर्तन बांधे गए थे। कंटेस्टेंट को वो पानी लेकर ट्रैक पार करना था, जबकि दूसरे कंटेस्टेंट्स को उन्हें रोकने की कोशिश करनी थी। जब अशनूर ट्रैक पर पहुंचीं, तो तान्या मित्तल और शहबाज उनके बर्तन खाली करने की कोशिश कर रहे थे। जैसे ही अशनूर के बर्तन से पानी गिरा, उन्होंने पूरी ताकत के साथ गले पर रखा हुआ लकड़ी का पल्ला तान्या की ओर फेंका, जो उनकी गर्दन पर आकर लगा। तान्या पल्ला लगते ही शॉक हो गईं और ये देखकर वहां मौजूद शहबाज की भी चीख निकल गई। इसके बावजूद अशनूर का बिहेवियर सख्त रहा और उन्होंने कहा कि ये जानबूझकर नहीं किया। शो से टास्क का वीडियो सामने आने के बाद से ही शो के फैंस वायलेंस करने पर अशनूर को एविक्ट किए जाने की मांग कर रहे थे। अशनूर के खिलाफ तुरंत कोई एक्शन नहीं लिया गया, हालांकि वीकेंड का वार एपिसोड में सलमान खान ने ये मुद्दा उठाया और घर का नियम तोड़ने पर अशनूर को शो से बाहर कर दिया।





## वर्ल्ड कप खेलने पर बैटिंग कोच बोले- अच्छा खेल रहे फिर यह सवाल क्यों

# विराट कोहली बोले- मैं सिर्फ वनडे खेलूंगा

ब्रह्मास्त्र ›› रांची



रांची में खेले गए पहले वनडे में भारत ने साउथ अफ्रीका को 17 रन से हराकर सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। इस मैच में विराट कोहली ने 135 रन की शानदार पारी खेलकर टीम को जीत दिलाई। मैच के बाद कोहली ने साफ कहा कि अब उनका पूरा ध्यान सिर्फ वनडे क्रिकेट पर है।

वे पहले ही टी-20 और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं। हाल की टेस्ट सीरीज में भारत की 0-2 से हार के बाद उनकी टेस्ट टीम में वापसी के कयास लग रहे थे, लेकिन रांची में बेहतरीन प्रदर्शन के बाद कोहली ने इन चचाओं को खत्म कर दिया।

कोहली को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उनके बयान के बाद जब उनके वर्ल्ड कप खेलने को लेकर सवाल पूछे गए, तो टीम के बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने कहा- जब वे इतनी अच्छी फॉर्म में हैं, तो ऐसे सवाल उठाने की जरूरत ही क्या है?

मैं मानसिक रूप से मजबूत- कोहली मैच के बाद विराट कोहली ने कहा कि उनकी तैयारी पूरी तरह मानसिक होती है। उन्होंने बताया कि जब तक शरीर की स्थिति ठीक रहती है और वे मानसिक रूप से शार्प महसूस करते हैं, तब तक उन्हें खुद पर भरोसा रहता है। कोहली ने कहा कि वे मैच से पहले एक दिन का ब्रेक लेते हैं, क्योंकि अब 37 साल की उम्र में रिकवरी के लिए समय की भी जरूरत होती है।

उन्होंने कहा- मुझे पता है कब आराम करना है और कब खेलना है। वे 300 से ज्यादा वनडे खेल चुके हैं। कोहली के मुताबिक, अगर आप गेम के टच में हैं और नेट्स पर एक-दो घंटे बल्लेबाजी कर पा रहे हैं, तो आप जानते हैं कि आप सही स्थिति में हैं।

'अपने खेल का लुत्फ लेना चाहता था' कोहली ने अपनी पारी पर कहा- 20-25 ओवर तक पिच अच्छी थी, उसके बाद धीमी हो गई। मैं बस गेंद के मुताबिक खेलना चाहता था और अपने खेल का लुत्फ लेना चाहता था।

**खबर में आगे बढ़ने पहले पोल में भाग लें-** विराट के भविष्य पर सवाल की जरूरत नहीं- बैटिंग कोच टीम इंडिया के बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने कहा- विराट कोहली की फिटनेस और फॉर्म देखकर उनके भविष्य पर सवाल उठाने का कोई कारण नहीं है।

वर्ल्ड कप 2027 में कोहली के खेलने को लेकर जब सवाल पूछा गया, तो कोटक ने कहा, मुझे समझ नहीं आता कि इस पर चर्चा की जरूरत क्यों है। वे बहुत अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं। मुझे नहीं लगता कि हमें उनके भविष्य पर बात करने की जरूरत है। वे जिस तरह खेल रहे हैं और जिस तरह अपनी फिटनेस बनाए रखते हैं, उसमें किसी भी तरह का सवाल उठ ही नहीं सकता।

कोटक ने यह भी कहा कि टीम मैनेजमेंट भविष्य की बहस में नहीं उलझ रहा और फिलहाल वर्तमान पर फोकस है। उनके मुताबिक रोहित और विराट दोनों टीम के अहम खिलाड़ी हैं और मैदान पर अनुभव साझा कर युवा खिलाड़ियों को लगातार गाइड कर रहे हैं।

- **बीसीसीआई अध्यक्ष ने भी विराट-रोहित की तारीफ की-** बीसीसीआई अध्यक्ष मिथुन मन्हास ने रांची में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले वनडे में भारत की 17 रन की रोमांचक जीत की सराहना की। उन्होंने विराट कोहली की पारी के साथ रोहित शर्मा, केएल राहुल और कुलदीप यादव के प्रदर्शन की भी तारीफ की।
- मन्हास ने एक्स पर लिखा कि विराट की शानदार बल्लेबाजी और रोहित-राहुल का मजबूत सहयोग टीम को अच्छी स्थिति में ले गया। कुलदीप और हर्षित राणा के महत्वपूर्ण योगदान से भारत ने सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल की।
- **भारत सीरीज में 1-0 से आगे-** भारत ने साउथ अफ्रीका को 17 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। विराट कोहली की 135 रन की शतकीय पारी के बाद तेज गेंदबाज कुलदीप यादव के चार और हर्षित राणा के तीन विकेट ने भारत की जीत पक्की कर दी।
- कोहली ने 120 गेंद में 11 चौके और 7 छक्के लगाए। रोहित शर्मा के साथ दूसरे विकेट के लिए 136 रन की साझेदारी ने टीम को मजबूत शुरूआत दी। खरउअ स्टेडियम की बल्लेबाजी-फ्रेंडली पिच पर भारत ने 8 विकेट पर 349 रन बनाए।
- कार्यवाहक कप्तान केएल राहुल ने 56 गेंद में 60 रन जोड़े, जबकि रवींद्र जडेजा ने आखिरी ओवरों में 20 गेंद पर 32 रन बनाकर स्कोर को मजबूत करने में अहम योगदान दिया।

# जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप में भारत की दूसरी जीत



## ओमान को 17-0 से हराया, दिलराज ने 4 गोल, मनमीत-अर्शदीप की हैट्रिक

ब्रह्मास्त्र ›› न्यूयॉर्क

भारतीय जूनियर हॉकी टीम ने जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप में शनिवार को ओमान को 17-0 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। मैच मदुरै (चेन्नई) में खेला गया। इस जीत के बाद भारत का कुल गोल अंतर +24 हो गया। टीम ने इससे पहले चिली को 7-0 से हराया था।

इस मुकाबले में दिलराज सिंह ने चार गोल दागते हुए टूर्नामेंट के टॉप स्कोरर के रूप में अपनी स्थिति और मजबूत कर ली। मनमीत सिंह और अर्शदीप सिंह ने हैट्रिक जमाई, जबकि अजीत यादव ने दो गोल किए।

भारत ने 5 गोल किए मैच की शुरूआत से ही भारतीय टीम ने दबदबा बनाया। तीसरे मिनट में अर्शदीप सिंह ने काउंटर अटैक को गोल में बदलकर टीम को बढ़त दिलाई। पहले क्वार्टर में भारत को पाँच पेनल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन ओमान के गोलकीपर अहमद अल नबी ने इन्हें बचाते हुए शानदार प्रदर्शन किया।

इसके बाद मनमीत सिंह ने 17वें और 26वें मिनट में दो गोल करके स्कोर 3-0 कर दिया। 29वें मिनट में अनमोल एक्का ने 11वें पेनल्टी कॉर्नर को ड्रैग-फ्लिक से गोल में बदला। हाफ टाइम से ठीक पहले दिलराज सिंह ने टीम का पाँचवां गोल दागा।

# भारत अंडर17 फुटबॉल टीम ने ईरान को 2-1 से हराया

## एशियन कप 2026 के लिए क्वालिफाई किया



ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

भारत ने अहमदाबाद के ईकेए एरेना में ईरान को 2-1 से हराकर ग्रुप डी के अंतिम मैच में शानदार जीत दर्ज की और एएफसी यू17 एशियन कप 2026 के लिए क्वालिफाई कर लिया। इस जीत के साथ भारत ने टूर्नामेंट में अपनी 10वीं उपस्थिति सुनिश्चित कर ली है।

ईरान को क्वालिफाई करने के लिए ड्रॉ की जरूरत थी मैच से पहले ईरान मजबूत दावेदार माना जा रहा था। उसके पास सात अंक थे और उसे सिर्फ एक ड्रॉ की जरूरत थी। दूसरी ओर, भारत के पास चार अंक थे और उसे ग्रुप से निकलने के लिए हर हाल में जीत चाहिए थी।

हाफ टाइम में स्कोर 1-1 19वें मिनट में ईरान के अमीरेजा वैलीपुर ने गोल कर भारत की मुश्किलें बढ़ा दीं। लेकिन भारतीय टीम ने दबाव में भी हार नहीं मानी। हाफ टाइम से ठीक पहले, अतिरिक्त समय (45+1 मिनट) में मिली पेनल्टी पर दलालमूअन गंगटे ने गोल दागकर स्कोर 1-1 कर दिया।

दूसरे हाफ में भारत का आक्रामक खेल दूसरे हाफ की शुरूआत से ही भारत ने तेज और आक्रामक फुटबॉल दिखाया। 52वें मिनट में ईरान के डिफेंडर की गलती का फायदा उठाते हुए गुनलेबा वांगखैराक्पम ने शानदार गोल कर भारत को 2-1 की बढ़त दिला दी। इसके बाद ईरान ने बराबरी के लिए पूरा दम लगा दिया। फ्री-किक, क्रॉस और लगातार हमलों से गोल बनाने की कोशिश की, लेकिन गोलकीपर राजरूप सरकार और भारतीय डिफेंस मजबूत दीवार बनकर खड़े रहे। सरकार ने कई अहम सेव करते हुए टीम की बढ़त को कायम रखा। अंतिम मिनटों में ईरान ने दबाव बढ़ाया अंतिम मिनटों में ईरान ने दबाव और बढ़ाया, लेकिन भारतीय खिलाड़ी संयमित रहे और समझदारी से खेलते रहे। आखिरकार, जब अंतिम सीटी बजी, भारत की ऐतिहासिक जीत पक्की हो चुकी थी।

## त्रिशा-गायत्री ने सैयद मोदी इंटरनेशनल 2025 का खिताब जीता



ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी ने सैयद मोदी इंटरनेशनल 2025 बैडमिंटन टूनार्मेंट के विमेंस डब्ल्स का खिताब जीत लिया। भारतीय जोड़ी ने रविवार को खेले गए फाइनल फाइनल में जापानी जोड़ी को हराया टाइटल डिफेंड किया।

वर्ल्ड रैंकिंग में 14वें नंबर की इस भारतीय जोड़ी ने लखनऊ के बाबू बनारसी दास इनडोर स्टेडियम में जापान की काहो ओसावा और माई तानाबे को 17-21, 21-13, 21-15 से हराया। यह मुकाबला 1 घंटे 16 मिनट तक चला।

वहीं, पूर्व वर्ल्ड नंबर-1 किदांबी श्रीकांत को मेंस सिंगल्स फाइनल में हांगकांग के जेसन गुणावान के खिलाफ 16-21, 8-21, 22-10 से हार मिली। पहला गेम हारने के बाद जीती भारतीय जोड़ी पहले गेम में त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद इंटरवल तक 11-9 से पीछे थीं और अपना पहला गेम हार गईं। हालांकि, भारतीय बैडमिंटन जोड़ी दूसरे गेम में वापसी करने में सफल रही। इंटरवल पर वे 11-5 से आगे थीं और मैच को तीसरे गेम में ले जाने में सफल रहीं। इसके बाद इस भारतीय जोड़ी ने निर्णायक गेम में शानदार प्रदर्शन करते हुए 11-5 की बढ़त लेने के बाद मैच जीतकर लगातार दूसरी बार सैयद मोदी इंटरनेशनल खिताब अपने नाम कर लिया।

**लोन... लोन... लोन...**
श्रीराम फाइनेंस कंपनी द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154

**आवश्यकता है**
कक्षा प्राइमरी व मिडिल (इंग्लिश मिडियम )के लिए। शिक्षक - शिक्षिकाओं की।
आवश्यकता
विशेष इंग्लिश स्पोकन एवं इंग्लिश मिडियम एवं काउंसलिंग वाले को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार।
अल्मा इंटरनेशनल स्कूल तराना
मो:9893648687

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉन्वेंट मिडिल स्कूल भैरवगढ मे अंग्रेजी माध्यम में कक्षा नर्सरी से 8वी तक अध्यापन हेतु शिक्षक / शिक्षिकाओ की आवश्यकता है। B.ED / D.AD/DEID को प्राथमिकता ऑफिस कार्य हेतु बाई की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार
सम्पर्क: राजेश राव सर
Mo No. 9977588698

**फार्म हाउस**
मात्र 99 रुपये sqfit में फार्मलैंड
साईज 36x100 बकरी, खरगोश पालन, दूध डेरी, सब्जी की खेती, आश्रम के लिए अति उत्तम। इंदौर से मात्र 110km, उज्जैन-आगर रोड से 5 मिनट दूरी पर
9669777899

**आवश्यकता**
मे. प्रथम इन्टरप्राईजेस लुबरिकेन्ट ऑयल मार्केटिंग
सेल्समेन- पद 5 (सैलरी 5 अंकों में)
पता- चिमनगंज मण्डी, हीरो शोरुम, HDFC बैंक के सामने, आगर रोड, उज्जैन (म.प्र.)
CONTACT: 8225022548

**खरीदना है**
मकान या प्लांट पीपलीनाका, जयसिंहपुरा, गऊघाट में साइज 20 बाय 40 या 20 बाय 50 मकान प्लाट दक्षिण मुखी नहीं होना चाहिए मकान के आगे थोड़ा रोड फोर विलय गाड़ी पार्किंग हो सके मकान प्लाट की रजिस्ट्री होना प्लाट मालिक के नाम चाहिए
पंडित रामनारायण शर्मा: 999 3 154947
व्हाट्सएप नंबर: 8959513547

अब आपके इंदौर शहर में... सप्ताह में दिन... सोमवार बुधवार शुक्रवार
श्री गोपाल हाड़ वैद्य
हड्डी रोग दवाखाना उज्जैन वाले
समय दोप. 12:30 से शाम 7 बजे तक
मो. 7000813235
चोंट | मोच | फैक्चर विशेषज्ञ
पता- जवाहर मार्ग 11/5 निहालपुरा गुरुद्वारा के सामने वाली पट्टी लक्ष्मी मेडिकल हाल के पीछे निहालपुरा, इन्दौर

**भूमि बेचना है**
ग्राम मेंढिया तक्षशीला स्कूल के पास इन्दौर रोड़ से अन्दर की ओर पौने चार बीघा भूमि का विक्रय करना है एवं ग्राम चन्दूखेड़ी में बड़नगर रोड़ सिक्स लैन पर साढ़े तीन बीघा भूमि का विक्रय करना है। भूमि क्रय करने के इच्छुक व्यक्ति ही सम्पर्क करें।
सम्पर्क सूत्र मो. नं- 7999080798, 7999512383, 7987874500

**बेचना है**
दो मंजिला स्वतंत्र बंगला कॉर्नर प्लाट
नवलखा चौराहे के पास, मंगलमूर्ति धाम में 911 स्के. फीट प्लाट पर 1650 स्क्वेयर फीट निर्माण
3BHK+2 कार पार्किंग, उत्तर-पूर्व मुखी
9893681399

**किराए से देना है**
1 BHK ke 2 फ्लैट
एक फ्लैट में 2 रुम, 2 लेटबाथ, 1 किचन, एक और फ्लैट में भी सेम यही।
पता: 40 घी मंडी सखीपुरा उज्जैन, (न्यू गीता रोडलाइंस के ऊपर)
मोबाइल: 9425056656 9111175000

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

त्योहारी सीजन और जीएसटी कटौती से

## डीजल खपत छह महीने के उच्च स्तर पर, ऊर्जा मांग में तेज उछाल



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

डीजल की मांग नवंबर में बढ़कर 85 लाख टन पर पहुंच गई, जो छह महीनों का सबसे ऊंचा स्तर है। पीपीएसी के आंकड़ों के अनुसार, इससे पहले लगातार तीन महीनों तक डीजल की मांग घट रही थी, लेकिन अक्तूबर में स्थिति सुधरी और बिक्री 67.9 लाख टन पर पहुंच गई।

त्योहारी मांग और जीएसटी दरों में कमी का सकारात्मक असर ऊर्जा खपत पर साफ दिखाई दिया है। नवंबर में डीजल की मांग बढ़कर 85 लाख टन पर पहुंच गई, जो छह महीनों का सबसे ऊंचा स्तर है। यह मई के बाद डीजल का सबसे मजबूत प्रदर्शन माना जा रहा है। देश में ऑटो ईंधन के रूप में डीजल की हिस्सेदारी सबसे अधिक रहती है, इसलिए इसकी खपत अर्थव्यवस्था की रफ्तार का संकेत देती है।

पीपीएसी के आंकड़ों के अनुसार, इससे पहले लगातार तीन महीनों तक डीजल की मांग घट रही थी, लेकिन अक्तूबर में स्थिति सुधरी और बिक्री 67.9 लाख टन पर पहुंच गई। वहीं, चालू वित्त वर्ष में पेट्रोल की खपत 6.25 प्रतिशत बढ़कर 2.83 करोड़ टन हो गई है।

जेट ईंधन यानी एटीएफ की मांग भी बढ़त बनाए हुए है और नवंबर में 4.7 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 7.83 लाख टन की खपत दर्ज की गई। एलपीजी की बिक्री भी 7.62 प्रतिशत बढ़कर करीब 30 लाख टन हो गई। घरेलू उपयोग में बढ़ोतरी ने इस वृद्धि में बड़ी भूमिका निभाई है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 25 लाख नए परिवारों को शामिल किया गया, जिससे लाभार्थियों की संख्या 10.33 करोड़ से बढ़कर 10.58 करोड़ हो गई है।

स्टील स्क्रैप को विकास का साधान बनाने में कई बाधाएं, इसमें रीसायकलिंग सबसे बड़ी समस्या

# सालाना लगभग 420 लाख टन स्क्रैप की खपत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



स्टील स्क्रैप देश के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की क्षमता रखता है। हालांकि स्टील स्क्रैप को विकास का साधान बनाने में कई बाधाएं है। इसमें रीसायकलिंग सबसे बड़ी समस्या है। आइए विस्तार से जानते हैं।

भारत में लगातार स्टील स्क्रैप की मांग बढ़ रही है। इसका इस्तेमाल ग्रीन इस्पात योजनाओं के लिए प्रमुख इनपुट के रूप में हो रहा है। इस्पात उद्योग का कहना है कि भारत में सालाना लगभग 420 लाख टन स्क्रैप की खपत होती है और मांग में साल दर साल 6 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हो रही है। इसके लिए भारत हर साल लगभग 90 लाख टन स्क्रैप का आयात करता है। इस मांग को पूरा करना एक बड़ी चुनौती बनती जा रही है, क्योंकि भारत में घरेलू स्क्रैप बाजार विविधापूर्ण होने के बावजूद काफी हद तक असंगठित है।

**स्टील को किया जा सकता है**

**रीसाइकिल-** स्टील स्क्रैप देश के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की क्षमता रखता है। मुंबई में हुए एक सम्मेलन में विशेषज्ञों ने कहा कि स्टील एक ऐसी धातु है, जिसकी मजबूती या गुणवत्ता खोए बिना अनगिनत बार इसको रीसायकल किया जा सकता है। इस वजह से यह औद्योगिक विकास के लिए इसे मील का पत्थर माना जा सकता है।

**स्टील स्क्रैप उद्योग के सामने में कई चुनौतियां-** एमजंक्शन सर्विजेजस (ई-नीलामी प्लेटफॉर्म प्रदान करता है) के प्रबंधन निदेशक विनय वर्मा कहते हैं कि स्टील स्क्रैप को विकास का साधान बनाने में कई बाधाएं है। इसमें वाहन में लगे स्टील का स्क्रैप चोरी होने से इसकी खरीदारी की दक्षता कम हो जाती है। कीमतों में लगातार उतार-चढ़ाव का भी प्रभाव पड़ता है। कई छोटे आपूर्तीकर्ताओं को कार्यशील पूंजी की कमी का सामना करना पड़ता है, जिससे उनकी क्षमता सीमित हो जाती है। परिणामस्वरूप अगर संगठित खरीदारों को गुणवत्ता और मात्रा में स्क्रैप घरेलू बाजार से प्राप्त करना है तो यह एक जटिल और चुनौतीपूर्ण काम बना हुआ है।

**सही रीसायकलिंग के हैं कई फायदें-** मेटा मैटेरियल्य सर्कुलर मोर्केट्स के सीईओ नितिन चितकारा कहते है कि वर्तमान समय में देश में कुल 107 स्क्रैपिंग यूनिट हैं, जिसमें से 70 पंजीकृत है। देश में स्क्रैपिंग पॉलिसी के तहत अगर पुराने वाहनों को स्क्रैप किया जाता है तो, हम उचित प्रकार से वाहन या ई-कचरा (जिसमें लैपटॉप, कंप्यूटर स्क्रीन, मोबाइल फोन आते हैं) को स्क्रैप किया जाए तो हम स्टील स्क्रैप के साथ कई रेयर अर्थ एलिमेंट्स को भी एकत्र कर सकते हैं और इसका इस्तेमाल दोबार से ऑटो कंपोनेंट के साथ कई उत्पादों में कर सकते हैं। इससे हमारे देश को स्टील स्क्रैप, रेयर अर्थ एलिमेंट्स पर भी आत्मनिर्भरता बढ़ाई जा सकती है। उन्होंने बताया कि एक कार बनाने में 60 प्रतिशत स्टील, 10 प्रतिशत एल्यूमिनियम, 3 से 5 प्रतिशत प्लास्टिक, जिसमें टायर शामिल, और 2 प्रतिशत ग्लास का इस्तेमाल होता है। वैसे ही लैपटॉप और मोबाइल में चांदी सहित कई ऐसे रेयर मेटेरियल का उपयोग किया जाता है, जिनको रीसाइकल कर उद्योग इस्तेमाल कर सकता है। मेटा मैटेरियल्य के प्रमुख कार्बन, बीयू यशोधन रामटेके कहते हैं, उचित रूप से स्क्रैप किए गए वाहनों से निकला 95 प्रतिशत मेटेरियल रीसाइकल कर उपयोग में लाया जा सकता है, लेकिन असंगठित बाजार में स्क्रैप करने से स्क्रैप मेटेरियल को नुकसान होता है, जिसके बाद रीसाइकल कर उपयोग नहीं कर सकते हैं।

### इस्पात की मांग बढ़ी लेकिन स्क्रैप स्टील की आपूर्ति एक चुनौती

सेल के कार्यकारी निदेशक सैयद जावेद अहमद ने मुंबई में हुए एक सम्मेलन में कहा कि जिस तरह से स्टील कंपनियां नई हरित इस्पात की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अपनी क्षमताओं का विस्तार कर रही हैं। इसके लिए इस्पात की मांग तो बढ़ ही रही है, वहीं स्क्रैप स्टील की आपूर्ति भी एक चुनौती बनी हुई है। उन्होंने कहा कि स्क्रैप सोर्सिंग भारत के लिए एक प्रमुख चिंता का विषय है, क्योंकि इस्पात की मांग लगातार बढ़ रही है।

### देश में रीसाइकलिंग की व्यवस्था मजबूत करने की जरूरत

रेटिंग एजेंसी इक्रा के कॉर्पोरेट सेक्टर रिटिंग्स के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और समूह के प्रमुख गिरिशक कुमार कदम बताते हैं कि भारत में इस्पात की मांग बढ़ रही है। इसकी आपूर्ति करने के लिए इसका आयात किया जाता है। वहीं हरित इस्पात की मांग भी बढ़ी है, इसके लिए स्टील स्क्रैप की मांग में तेजी आई है। इस वजह से भी सरकारी पूंजी व्यय इस क्षेत्र पर 60 प्रतिशत देखा जा रहा है। इसलिए देश में रीसायकलिंग की व्यवस्था को मजबूत करना है, जिससे आयात की निर्भरता को कम किया जा सके।

वैल्यू फंड में

## निवेश पर भारी रिटर्न



### मजबूत कंपनियों में करते हैं निवेश, आईसीआईसीआईसीआई ने बनाया 10 लाख को 4.85 करोड़

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

घरेलू म्यूचुअल फंड उद्योग में वैल्यू फंड्स निवेशकों के लिए शानदार रिटर्न का जरिया बन रहे हैं। शीर्ष फंड हाउसों ने 3 साल में 21% से अधिक मुनाफा दिया है। टिकाऊ बिजनस मॉडल और कम दाम पर उपलब्ध मजबूत कंपनियों पर दांव लगाने की रणनीति ने इन्हें कीमतों के जाल से बचाए रखा है।

घरेलू म्यूचुअल फंड उद्योग में इस समय वैल्यू फंड निवेशकों को जबरदस्त रिटर्न दे रहे हैं। शीर्ष फंड हाउसों ने पिछले तीन वर्षों में 21 फीसदी से ज्यादा फायदा मिला है। इन फंडों का फोकस ऐसी मजबूत कंपनियों को पहचानने पर रहता है जिनका बिजनस मॉडल टिकाऊ है। जिनके मूलभूत संकेतक बेहतर हो रहे हैं और जिनकी प्रबंधन टीम भरोसेमंद है, लेकिन जिनके शेयर अस्थायी रूप से कम कीमत पर उपलब्ध हैं। विश्लेषकों के मुताबिक, ऐसी रणनीति ने अब तक फंड को कीमतों के जाल से बचाए रखा है। उदाहरण के तौर पर आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल का वैल्यू फंड सबसे लोकप्रिय फंडों में से एक बन चुका है। यह एक असली वैल्यू फंड है और उन सबसे बड़े वैल्यू फंडों में गिना जाता है, जो कंपनियों के शेयर पहचानने में लगातार सफल रहा है और जिनकी कीमत उनकी असली वैल्यू से कम पर ट्रेड हो रही होती है। अगस्त, 2004 में शुरू इस फंड में उस समय 10 लाख का निवेश अब 4.85 करोड़ रुपये (20.1 फीसदी चक्रवृद्धि) बन गया है। निफ्टी-50 टीआरआई में यही रकम केवल 2.1 करोड़ रुपये हुई है।

कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर हुआ 10 रुपये सस्ता

# जेट ईंधन की कीमतों में 5.4% की बढ़ोतरी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

जेट ईंधन की कीमतों में सोमवार को करीब 5.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई। वहीं कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 10 रुपये प्रति सिलेंडर की कटौती की गई। वहीं घरेलू रसोई गैस की कीमतें 14.2 किलोग्राम सिलेंडर के दाम 853 रुपये पर अपरिवर्तित रहीं।

एविएशन टरबाइन फ्यूल (एटीएफ) यानी जेट ईंधन की कीमतों में सोमवार को करीब 5.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई। वहीं कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 10 रुपये प्रति सिलेंडर की कटौती की गई। यह बदलाव अंतरराष्ट्रीय बाजार के दामों के अनुरूप मासिक समीक्षा के तहत किया गया है।

**लगातार तीसरे महीने बढ़ें जेट ईंधन के दाम-** सरकारी ईंधन खुदरा विक्रेताओं के अनुसार, दिल्ली में एटीएफ की कीमतें 5,133.75 रुपये प्रति किलोलीटर बढ़कर 99,676.77 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई। यह लगातार तीसरी मासिक वृद्धि है।

**परिचालन लागत में ईंधन का हिस्सा**



**40 प्रतिशत –** बता दें कि 1 नवम्बर को ब्याज दरों में लगभग 1 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी व 1 अक्तूबर को 3.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। नवीनतम वृद्धि से एयरलाइनों पर दबाव बढ़ने की उम्मीद है, जिनके परिचालन लागत में ईंधन का हिस्सा लगभग 40 प्रतिशत है।

**इन शहरों में कितनी बढ़ी कीमतें-** मुंबई में एटीएफ की कीमत संशोधित कर 93,281.04 रुपये प्रति किलोलीटर कर दी गई। वहीं चेन्नई और कोलकाता में कीमतें बढ़ाकर क्रमशः 1,03,301.80 रुपये और 1,02,371.02 रुपये प्रति किलोलीटर कर दी गई। वैट जैसे स्थानीय करों के कारण ईंधन की कीमतें अलग-अलग शहरों में अलग-अलग होती हैं।

### राजधानी दिल्ली में वाणिज्यिक रसोई गैस की कीमतें

इसके अलावा, होटलों और रेस्टोरेंट में इस्तेमाल होने वाले 19 किलो के कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत दिल्ली में घटाकर 1,580.50 रुपये कर दी गई है। यह लगातार दूसरी कटौती है, जिसने अक्तूबर में की गई 15.50 रुपये की बढ़ोतरी की भरपाई कर दी है (1 नवंबर को प्रति सिलेंडर कीमतों में 5 रुपये की कटौती की गई थी)। अप्रैल से अब तक हुई छह कटौतियों के बाद वाणिज्यिक रसोई गैस की कीमतों में कुल 223 रुपये प्रति सिलेंडर की कमी आई है। घरेलू रसोई गैस की कीमतें 14.2 किलोग्राम सिलेंडर के दाम 853 रुपये पर अपरिवर्तित रहीं। आखिरी बार अप्रैल में इसमें 50 रुपये की बढ़ोतरी की गई थी। पिछले साल मार्च में 2 रुपये प्रति लीटर की कटौती के बाद पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर बनी हुई हैं। वर्तमान में दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 94.72 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 87.62 रुपये प्रति लीटर है।

कर्मचारियों के पुनर्वास की कोई योजना नही

# पांच साल में 2 लाख से ज्यादा निजी कंपनियां बंद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

कॉरपोरेट मामलों के राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा की ओर से सदन में दिए गए लिखित उत्तर के अनुसार वर्ष 2022-23 कॉरपोरेट्स की सफाई के लिहाज से सबसे महत्वपूर्ण रहा, इस वर्ष रिकॉर्ड 83,452 कंपनियां बंद हुईं। मंत्री ने आगे क्या कहा, आइए जानते हैं विस्तार से।

भारतीय कॉर्पोरेट जगत के चमचमाते आंकड़ों और स्टार्टअप्स की सफलता की कहानियों के बीच एक दूसरा पहलू भी है, जो सोमवार को संसद के पटल पर सामने आया। सरकार द्वारा लोकसभा में पेश किए गए आंकड़ों के मुताबिक, पिछले पांच वर्षों में देश भर में 2,04,268 निजी कंपनियां बंद हो गई हैं। यह आंकड़ा न केवल बाजार के उतार-चढ़ाव को दर्शाता है, बल्कि सरकार की ओर से 'शेल कंपनियों' या निष्क्रिय संस्थाओं के खिलाफ चलाए गए अभियान की ओर भी इशारा करता है।

कॉरपोरेट मामलों के राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा की ओर से सदन में दिए गए लिखित उत्तर के अनुसार वर्ष 2022-23 कॉरपोरेट्स की सफाई के लिहाज से सबसे महत्वपूर्ण रहा, इस वर्ष रिकॉर्ड 83,452 कंपनियां बंद हुईं। इसका मुख्य कारण मंत्रालय की ओर से निष्क्रिय कंपनियों को हटाने के लिए चलाया गया विशेष 'स्ट्राइक-ऑफ अभियान' था। 2021-22 में 64,054 कंपनियां बंद हुईं। 2020-21 यानी कोविड महामारी के वर्ष में यह संख्या 15,216 थी। चालू वित्त वर्ष (2024-25) में अब तक 20,365 कंपनियां बंद हो चुकी हैं, जबकि पिछले साल (2023-24) यह आंकड़ा 21,181 था। कंपनियों के बंद होने के पीछे केवल घाटा ही वजह नहीं है। मंत्री ने स्पष्ट किया कि इनमें मर्जर, बदलाव, विघटन और कंपनी अधिनियम-2013 के तहत रिकॉर्ड से हटाया जाना भी शामिल है। लाख से अधिक कंपनियों का बंद होना केवल एक सांख्यिकीय घटना नहीं है, बल्कि इसका सीधा असर रोजगार पर पड़ता है। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि जब मंत्री से पूछा गया कि क्या बंद हुई इन कंपनियों के कर्मचारियों के पुनर्वास के लिए कोई नीति है, तो जवाब मिला- सरकार के पास ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

# जनगणना-2027 दो फेज में होगी, पहला चरण अप्रैल 2026 से

## दूसरा चरण फरवरी 2027 में होगा, राहुल गांधी के सवाल का गृह मंत्रालय ने दिया जवाब

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मंगलवार को लोकसभा को बताया कि जनगणना 2027 की प्रक्रिया दो स्टेज में होगी, जिसकी शुरूआत 2026 में घरों की लिस्टिंग और घरों का डेटा इकठ्ठा करने से होगी। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के एक सवाल के लिखित जवाब में विवरण देते हुए गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि पहले चरण में आवास गणना और दूसरे चरण में आबादी की गणना की जाएगी।

पहला फेज अप्रैल से सितंबर 2026 के बीच 30 दिन में पूरा होगा। इसके लिए राज्य और केंद्र शासित प्रदेश टाइमलाइन तय करेंगे। दूसरा फेज जिसमें आबादी की गिनती होगी, वह फरवरी 2027 में होगा। जनगणना 2027 की टाइमलाइन पिछली जनगणनाओं में अपनाए गए तरीकों की तरह ही रखी गई है। मंत्रालय के मुताबिक 1 मार्च 2027 को रात 12 बजे पूरे देश में गिनती के लिए रेफरेंस डेट होगी।

हालांकि लद्दाख और जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के बर्फीले इलाकों के लिए, आबादी की गिनती सितंबर 2026 में की जाएगी। 1 अक्टूबर 2026 को रेफरेंस डेट माना जाएगा। सरकार पहले के जनगणना राउंड से सीखे गए सबक और बेस्ट प्रैक्टिस को शामिल करेगी, जिसमें कुछ राज्यों में किए गए जाति-आधारित सर्वे भी शामिल हैं। प्रोसेस में पहले से ही पिछली एक्सरसाइज से मिली सीख और स्टेकहोल्डर कंसल्टेशन को शामिल किया गया है।

जनगणना के दौरान पूछे जाने वाले सवाल संबंधित मंत्रालयों, यूजर ऑर्गनाइजेशन और सब्जेक्ट एक्सपर्ट के साथ चर्चा के बाद ही फाइनल किए जाते हैं। ऑफिशियल गजट में नोटिफाई किए जाने से पहले ड्राफ्ट क्वेश्चनेयर प्रैक्टिकल हैं या नहीं, यह देखने के लिए फील्ड टेस्टिंग होती है। जनगणना 2027 के लिए देश भर में प्री-टेस्ट 30 नवंबर को खत्म हुआ और फाइनल क्वेश्चनेयर जल्द ही नोटिफाई होने की उम्मीद है। रजिस्ट्रार जनरल और सेंसस कमिश्नर का ऑफिस क्वेश्चनेयर को फाइनल करने के प्रोसेस में है। हाउसलिस्टिंग फेज का पायलट 10 से 30 नवंबर 2025 के बीच किया गया। इस दौरान डिजिटल डेटा कलेक्शन मॉडल को भी टेस्ट किया गया। जवाब देने वालों को 1 से 7 नवंबर 2025 के बीच खुद गिनती करने की परमिशन दी गई।

जनगणना 2027 में जाति की गिनती कैबिनेट कमेटी ऑन पॉलिटिकल अफेयर्स के 30 अप्रैल, 2025 के फैसले के मुताबिक की जाएगी। जवाब देने वाले को अपनी जानकारी या विश्वास के हिसाब से सवालों के जवाब देने होते हैं।

### जनगणना का ज्यादातर काम पेपरलेस होगा

मोबाइल एप, पोर्टल और रियल टाइम डेटा ट्रांसफर से जनगणना बहुत हद तक पेपरलेस होगी। कागज पर लिखी जानकारी पढ़ने के लिए एआई आधारित इंटेलीजेंट कैरेक्टर रिकगनीशन टूल्स होंगे। जीओपीएस टैगिंग और प्री-कोडेड ड्रॉपडाउन मैन्यू की व्यवस्था में गलती की गुंजाइश नहीं रहेगी। आम लोगों की मदद के लिए राष्ट्रव्यापी प्रचार होगा। 2020 से अब तक 2.49 करोड़ राशन कार्ड डिलीटः सरकार ने बताया कि 2020 से अब तक 2.49 करोड़ राशन कार्ड डिलीट किए हैं। मंत्री निमुबेन बाम्भनिया ने बताया कि यह कार्रवाई डुप्लिकेट, अपात्र लाभार्थी, मृत्यु या स्थायी रूप से स्थानांतरण जैसी वजहों से की गई। देश में अभी 20.29 करोड़ राशन कार्ड सक्रिय हैं और 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज दिया जाता है।

# मध्यप्रदेश के भोपाल-इंदौर में पारा 9 डिग्री से नीचे; बिहार में कोहरे से 11 फ्लाइट लेट

## राजस्थान में शीतलहर का अलर्ट, बीकानेर में तापमान 4.7°

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली





पहाड़ी राज्यों में दिसंबर की शुरूआत से बर्फबारी का मौसम बन रहा है। इसके चलते मैदानी इलाकों में सर्दी बढ़ने लगी है। मध्य प्रदेश में कल से तापमान और गिर सकता है। इसका असर इंदौर, ग्वालियर, चंबल, उज्जैन और सागर संभाग में सबसे ज्यादा रहेगा और सर्दी बढ़ेगी। इससे पहले मंगलवार को भोपाल और इंदौर में न्यूनतम पारा 9 डिग्री से नीचे रहा।

राजस्थान में आज से अगले 3 दिन शीतलहर की चेतावनी है। चूरू, झुंझुनूं और सीकर में कोल्डवेव का यलो अलर्ट रहेगा। मंगलवार को सबसे कम तापमान बीकानेर के पास लूणकरणसर में 4.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इधर हिमाचल में कड़ाके की सर्दी पड़ने लगी है। राज्य के 24 शहरों में तापमान 10 डिग्री से नीचे पहुंच गया है। लाहौल स्पीति के ताबो में बीती रात इस सीजन की सबसे ठंडी रिकॉर्ड की गई। यहां का तापमान माइनस 8 डिग्री रहा। उधर बिहार में पटना, गोपालगंज, बेतिया और समस्तीपुर समेत 8 जिलों में कोहरा छाया हुआ है। बेगूसराय में बादल छाए रहे। लो विजिबिलिटी के चलते 11 फ्लाइट लेट रहीं। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में तापमान में 2-3 डिग्री तक की गिरावट दर्ज होगी।

राजस्थान में गुरुवार से तेज सर्दी का दौर शुरू होगा। उत्तर भारत से चलने वाली बर्फीली हवा से राज्य के उत्तर-पूर्वी जिलों में तापमान गिरेगा। शेखावाटी में कड़ाके की सर्दी पड़ने की संभावना है। अगले 3 दिन झुंझुनूं, चूरू और सीकर जिलों में कोल्डवेव का यलो अलर्ट जारी किया गया है। मंगलवार को सबसे कम तापमान बीकानेर के पास लूणकरणसर (4.7 डिग्री सेल्सियस) में दर्ज किया गया। हिमालयी क्षेत्रों में 5 दिसंबर से नया वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होने की संभावना है। मध्य प्रदेश में इसका असर अगले 2 दिन में देखने को मिल सकता है।

# 'अल-फलाह यूनिवर्सिटी में पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगते थे'

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली ब्लास्ट मामले में फरीदाबाद की अल-फलाह यूनिवर्सिटी जांच एजेंसियों के रडार पर है। यहां के एक पूर्व नर्सिंग स्टाफ ने दावा किया है कि यूनिवर्सिटी के मेडिकल कॉलेज-अस्पताल में रोजाना 100 से 150 तक मरीजों की फर्जी फाइलें तैयार की जाती थीं।

यह काम आतंकी मॉड्यूल से जुड़े डॉ. मुजम्मिल शकील और सुसाइड बॉम्बर बने डॉ. उमर नबी के निर्देश पर होता था। जो कर्मचारी इन आदेशों का पालन नहीं करते थे, उन्हें ऐबसेंट दिखाकर सैलरी काट दी जाती थी।

कर्मचारी के मुताबिक, यूनिवर्सिटी में हिंदू स्टाफ के साथ भेदभाव किया जाता था। रात की ड्यूटी में शामिल कश्मीरी मेडिकल स्टाफ और कुछ डॉक्टर अक्सर पाकिस्तान की तारीफ करते थे। कई बार पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे तक लगा देते थे। सूत्रों के अनुसार, डॉ. शाहीन सईद कई बार डॉ. मुजम्मिल के साथ एनआईटी मार्केट से विस्फोटक और संदिग्ध सामान खरीदने जाती थी। जांच एजेंसियां अब इनके मूवमेंट, खरीदे गए सामान और संपर्कों की गहराई से जांच कर रही हैं।

राजस्थान के रहने वाले लक्ष्मण ने साल 2025 में 14 जुलाई को अल-फलाह यूनिवर्सिटी के मेडिकल कॉलेज में जॉइन किया था। लेकिन 25 अक्तूबर को उसने नौकरी छोड़ दी। वह यहां पर नर्सिंग स्टाफ में काम करता था। मेडिकल कॉलेज में उसकी ड्यूटी अस्पताल के आईसीयू में होती थी। लक्ष्मण ने भास्कर से बातचीत में कई खुलासे किए हैं... नकली फाइल बनाने का टारगेटः रात के समय काम करने वाले स्टाफ से नकली फाइलें तैयार कराई जाती थी। हर कर्मचारी को 5 फाइल तैयार करने का टारगेट दिया जाता था। इन नकली फाइलों पर डॉक्टर के साइन पहले से ही होते थे।

फाइलों में दवाइयों का रिकॉर्ड होता थाः फाइल में केवल उनको मेडिकल चार्ट नोट्स बनाने होते थे। इन फाइलों में उन दवाइयों का रिकॉर्ड बनाया जाता, जो यूज ही नहीं होती थी। इन फाइलों को सुबह होते ही डॉक्टर अपने साथ ले जाते थे।

# मदनी बोले- आतंकवादियों से लड़ना ही असली जिहाद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

जमीयत उलेमा-ए-हिंद के प्रेसिडेंट मौलाना महमूद मदनी ने जिहाद वाले बयान पर सफाई दी है। मदनी ने कहा कि उनके बयान से होने वाले किसी भी कन्फ्यूजन की जिम्मेदारी वे खुद लेते हैं। उनके शब्दों को उनके पूरे कॉन्टेक्स्ट के अलावा गलत समझा गया है। एक इंटरव्यू में मदनी ने कहा कि उनका इरादा जिहाद के पवित्र और ऐतिहासिक मतलब को हाईलाइट करना था। लेकिन वे यह पक्का करने की जिम्मेदारी नहीं निभा सके कि इसका गलत मतलब न निकाला जाए। दरअसल, 29 नवंबर को जमीयत प्रेसिडेंट ने भोपाल में नेशनल गवर्निंग बॉडी की मीटिंग के दौरान जिहाद शब्द के बारे में कहा था कि इस्लाम और मुसलमानों के दुश्मनों ने जिहाद को गाली, झगड़े और हिंसा का मतलब बना दिया है।

आज लव जिहाद, लैंड जिहाद, तालीम जिहाद, थूक जिहाद, वोट जिहाद जैसे शब्दों का इस्तेमाल मुसलमानों की आस्था का अपमान करने के लिए किया जाता है। बदकिस्मती से सरकार और मीडिया के लोगों को ऐसे शब्दों का इस्तेमाल करने में कोई शर्म नहीं आती।

अगर आप मेरा पूरा बयान सुनें, तो तीन बातें कही गई हैं। एक यह कि भारत में, जिहाद के कई मतलब हैं। सबसे बड़ा जिहाद अपने मकसद का साफ विजन रखना और खुद पर काम करना है। अगर अन्याय हो, तो उसके खिलाफ आवाज उठाएं; यह भी जिहाद है।

## 'मुस्लिमों को मथुरा-ज्ञानवापी पर दावा छोड़ना चाहिए':ये हिंदुओं के लिए मक्का-मदीना जैसे

# एएसआई के पूर्व अधिकारी की हिंदुओं को भी सलाह

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

इंडिया आर्कियोलॉजिकल सर्वे (अरक) के पूर्व रीजनल डायरेक्टर केके मुहम्मद ने कहा है कि मुसलमानों को दो और ऐतिहासिक जगहें छोड़ देनी चाहिए जो मंदिर भी हैं। पहली- मथुरा जो भगवान कृष्ण का जन्मस्थान है। दूसरी- ज्ञानवापी जो भगवान शिव से जुड़ी है।

न्यूज एजेंसी से बात करते हुए केके मुहम्मद ने कहा कि ये जगहें मुसलमानों को हिंदू समुदाय को भव्य हिंदू मंदिर बनाने के लिए सौंप देनी चाहिए। मथुरा-काशी हिंदुओं के लिए उतने ही महत्वपूर्ण हैं जितने मक्का और मदीना मुसलमानों के लिए हैं।

हालांकि उन्होंने यह सुझाव भी दिया कि हिंदू समुदाय को अयोध्या, वाराणसी और मथुरा के अलावा हर मस्जिद के पीछे नहीं जाना चाहिए। दोनों समुदायों के नेतृत्व को कुछ शर्तों पर सहमत होना चाहिए। केके भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (अरक) के नॉर्थ जोन के रीजनल डायरेक्टर के तौर पर 2012 में रिटायर हो चुके हैं। वे 1976 में बीबी लाल की उस टीम का हिस्सा थे, जिसने बाबरी मस्जिद की खुदाई की थी।

### केके का दावा- कम्युनिस्ट इतिहासकार मुसलमानों के दिमाग में जहर भर देंगे

केके ने कहा कि आपको कम्युनिस्ट इतिहासकारों से इन सब बातों पर बात नहीं करनी चाहिए क्योंकि पहले के मामले में भी इरफान हबीब जैसे कम्युनिस्ट इतिहासकारों और खठव के कुछ लोगों ने ही इस मुद्दे को उलझाया था।

मुस्लिम समुदाय का एक हिस्सा राम जन्मभूमि सौंपने के लिए भी तैयार था क्योंकि मैंने कई लोगों से बात की थी। इसलिए, हमें इन कम्युनिस्ट इतिहासकारों को नहीं लाना चाहिए, वे इस मुद्दे को उलझा देंगे और मुसलमानों के दिमाग में जहर भर देंगे।

73 साल के आर्कियोलॉजिस्ट केके ने राममंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के समय एक इंटरव्यू में बताया था कि उन्हें अक्सर जान से मारने की धमकियों का सामना करना पड़ता है। वे केरल के कोझिकोड में अपने घर पर ही रहते हैं। केके ने बताया था- पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया बैन होने से पहले तक कोझिकोड में बहुत ज्यादा एक्टिव था। जब से केके ने बाबरी मस्जिद से मिले नतीजों के बारे में बताया है, तब से वे खतरे का जीवन जी रहे हैं।

रामलला प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के लिए फैसला सुनाने वाले सुप्रीम कोर्ट के जजों के साथ-साथ आर्कियोलॉजिस्ट केके मोहम्मद को भी निमंत्रण मिला था। लेकिन बीमारी के चलते वे नहीं जा सके थे।

भारत में मंदिर-मस्जिद से जुड़ा विवाद नया नहीं है। इसमें सबसे ज्यादा चर्चा राम मंदिर-बाबरी मस्जिद विवाद की हुई, जो 2019 में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद थम गया। ऐसे में चलिए जानते हैं कि देश में अब भी हैं मंदिर-मस्जिद से जुड़े कौन से 10 विवाद? क्या है इन विवाद की वजह और क्या है मांग? आखिर इन मस्जिदों का इतिहास क्या है?

### पुतिन के भारत दौरे से पहले ऐलान

# भारत-रूस एक-दूसरे का मिलिट्री बेस इस्तेमाल कर सकेंगे:रक्षा समझौते को रूसी संसद की मंजूरी



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मॉस्को

रूस की संसद के निचले सदन स्टेट ड्यूमा ने मंगलवार को भारत और रूस के बीच हुए एक सैन्य समझौते को मंजूरी दे दी है। इसके तहत दोनों देशों की सेनाएं एक-दूसरे के मिलिट्री बेस, फैसिलिटीज और संसाधनों का इस्तेमाल और एक्सचेंज कर सकेंगी।

इनके विमान, वॉरशिप ईंधन भरने, मिलिट्री बेस पर डेरा डालने या अन्य लॉजिस्टिक सुविधाओं का इस्तेमाल कर सकेंगे। इस पर आने वाला खर्च बराबर-बराबर उठाया जाएगा। यह मंजूरी राष्ट्रपति पुतिन के भारत दौरे से दो दिन पहले दी गई है। यह समझौता इस साल 18 फरवरी को भारत और रूस के बीच किया गया था। पिछले हफ्ते रूसी प्रधानमंत्री मिखाइल मिशुस्तिन ने इसे संसद में मंजूरी के लिए भेजा था।

### रूस-भारत एक दूसरे की आसानी से मदद कर सकेंगे

रूसी संसद के स्पीकर ने कहा कि भारत और रूस के रिश्ते बहुत मजबूत हैं और यह समझौता उन रिश्तों को और बेहतर बनाएगा। रूसी सरकार ने भी बताया कि इस समझौते से दोनों देशों की सैन्य साझेदारी और ज्यादा मजबूत होगी और जरूरत के समय एक-दूसरे की मदद करना आसान हो जाएगा।

इस समझौते के बाद भारत ऐसा पहला देश बन जाएगा, जिसका अमेरिका और रूस के साथ सैन्य इन्फ्रास्ट्रक्चर साझा करने का समझौता होगा। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने मंगलवार को भास्कर के सवाल पर इसकी पुष्टि की।

उन्होंने बताया कि रूस के साथ यह समझौता अंतिम चरण में है। इससे अमेरिका-रूस के बीच किसी सैन्य टकराव की नौबत पैदा नहीं होगी।

रेसिप्रोकल एक्सचेंज ऑफ लॉजिस्टिक सपोर्ट को दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी में अब तक के सबसे अहम रक्षा समझौतों में से एक माना जा रहा है। यह एक डिफेंस लॉजिस्टिक्स एक्सचेंज समझौता है।

इसके जिसके तहत भारत और रूस की सेनाएं एक-दूसरे के सैन्य बेस, बंदरगाह , एयरफील्ड और सप्लाई पॉइंट का इस्तेमाल कर सकेंगी। यह उपयोग सिर्फ ईंधन भरने, मरम्मत, स्टॉक रिफिल, मेडिकल सपोर्ट, ट्रांजिट और मूवमेंट जैसे कामों के लिए होगा। भारत ने ऐसे ही समझौते अमेरिका , फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया और कई अन्य देशों के साथ किए हैं। अब रूस भी इसमें शामिल हो रहा है।

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 4 दिसंबर को भारत आ रहे हैं। वे नई दिल्ली में 23वें भारत-रूस वार्षिक सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। पुतिन दिल्ली में सीक्रेट जगह रुकेंगे। इसका ब्योरा सार्वजनिक नहीं किया गया है। 4-5 दिसंबर को दिल्ली मल्टी लेयर सिक्योरिटी के घेरे में रहेगी।

### डिफेंस समझौते पर सबसे ज्यादा फोकस रहेगा

पुतिन की इस यात्रा में सबसे ज्यादा फोकस डिफेंस समझौते पर रहेगा। रूस पहले ही कह चुका है कि वो भारत को अपना रव-57 स्टेल्थ फाइटर जेट देने के लिए तैयार है ।यह रूस का सबसे एडवांस लड़ाकू विमान है। भारत पहले ही अपने वायुसेना बेड़े को मजबूत करने के लिए नए विकल्प तलाश रहा है ।इसके अलावा भविष्य में र-500 पर सहयोग, ब्रह्मोस मिसाइल का अगला वर्जन और दोनों देशों की नौसेनाओं के लिए मिलकर वॉरशिप बनाने जैसी योजनाओं पर बातचीत होने की उम्मीद है।



राजधानी के ज्यादातर इलाकों में स्वात टीम, एंटी टेरर स्क्वॉड, क्विक एक्शन टीम्स तैनात रहेंगी। रूस की एडवांस सिक्योरिटी और प्रोटोकॉल टीम के 50 से ज्यादा मेंबर दिल्ली पहुंच चुके हैं।

# पुतिन बोले-अगर यूरोप युद्ध चाहता है तो रूस तैयार है:पूरी ताकत से जवाब देंगे, उनकी ऐसी हार होगी कोई बचेगा नहीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मॉस्को

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने मंगलवार को यूरोपीय देशों को कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि अगर यूरोप ने रूस के खिलाफ युद्ध शुरू किया, तो रूस पूरी ताकत से जवाब देने के लिए तैयार है।

पुतिन ने कहा कि रूस यूरोप से युद्ध नहीं चाहता, लेकिन अगर यूरोप युद्ध शुरू करता है तो मामला इतना जल्दी खत्म होगा कि बातचीत करने वाला कोई नहीं बचेगा।

पुतिन ने दावा किया कि यूक्रेन में रूस पूरी तरह युद्ध नहीं लड़ रहा है, बल्कि सर्जिकल ऑपरेशन जैसी सीमित कार्रवाई कर रहा है। उन्होंने कहा कि अगर यूरोप के साथ सीधा युद्ध हुआ तो हालात अलग होंगे और रूस पूरी ताकत से जवाब देगा।


यूक्रेन युद्ध को शुरू हुए चार साल हो चुके हैं। यह सेकेंड वर्ल्ड वॉर के बाद बाद यूरोप का सबसे बड़ा संघर्ष है। रूस अभी तक पड़ोसी यूक्रेन पर पूरी तरह कब्जा नहीं कर पाया है। यूक्रेन को यूरोपीय देशों और अमेरिका का मजबूत समर्थन मिल रहा है।

यूरोपीय देशों और यूक्रेन का कहना है कि अगर पुतिन यूक्रेन युद्ध जीत जाते हैं तो वे किसी नाटो देश पर हमला कर सकते हैं। हालांकि पुतिन इस दावे को बार-बार बकवास बता चुके हैं।

जर्मनी के विदेश मंत्री योहान वेडफुल ने 25 नवंबर को दावा किया रूस अगले चार साल में किसी ठअळड देश पर हमला कर सकता है। वेडफुल ने बताया कि जर्मन खुफिया एजेंसियों के मुताबिक रूस 2029 तक ठअळड के खिलाफ युद्ध की तैयारी कर रहा है। उनका कहना है कि रूस की महत्वाकांक्षा सिर्फ यूक्रेन तक सीमित नहीं है। उसने पिछले कुछ सालों में अपनी सैन्य ताकत और हथियार उत्पादन काफी बढ़ाया है।

उन्होंने कहा कि रूस ने अपनी अर्थव्यवस्था और समाज को काफी हद तक युद्ध के हिसाब से ढाल दिया है। साथ ही, रूस जरूरत से ज्यादा सैनिकों की भर्ती कर रहा है। लगभग हर महीने एक नई डिविजन तैयार की जा रही है।

### पाकिस्तान में 200% बढ़े एड्स के मामले, एक साल में आए 48,000 नए केस



**इस्लामबाद।** पाकिस्तान में पिछले 15 साल में एड्स के मामलों में 200% का इजाफा हुआ है। पाकिस्तानी अखबार डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक 2010 में लक्श्र के नए केस 16,000 थे। 2024 में ये बढ़कर 48,000 हो गए।यह जानकारी वर्ल्ड एड्स डे पर WHO से जुड़ी UNAIDS ने दी है।

ग्रुप ने कहा कि पहले HIV सिर्फ कुछ हाई-रिस्क ग्रुप तक सीमित था, लेकिन अब यह बच्चों, पत्नियों और आम लोगों तक पहुंच रहा है। इसकी वजह खून चढ़ाने के दौरान लापरवाही, इंजेक्शन का असुरक्षित इस्तेमाल, अस्पतालों में संक्रमण रोकने के नियमों का ठीक से पालन न होना, गर्भवती महिलाओं की HIV जांच में कमी, असुरक्षित यौन संबंध आदि हैं।

### मौत की अफवाहों के बीच इमरान खान से मिलीं बहन

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की बहन उज्मा खान ने मंगलवार को रावलपिंडी की अडियाला जेल में उनसे मुलाकात की। जेल से बाहर आकर उज्मा ने बताया कि भाई इमरान पूरी तरह ठीक हैं। दोनों के बीच करीब 20 मिनट तक मुलाकात हुई। उज्मा ने बताया इमरान खान की सेहत बिल्कुल ठीक है, लेकिन वे बेहद गुस्से में हैं। उन्हें मेंटली टॉर्चर किया जा रहा है और इस सब के लिए आसिम मुनीर जिम्मेदार हैं। उनकी बाहरी दुनिया तक कोई पहुंच नहीं है। उन्होंने कहा कि वे आगे की जानकारी अपनी दोनों बहनों अलीमा खान और नौरीन खान से बातचीत के बाद शेयर करेंगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मुलाकात से पहले भी उज्मा ने अलीमा खान से काफी देर तक बातचीत की थी।

## पाकिस्तान ने श्रीलंका को एक्सपायर्ड राहत सामग्री भेजी



### बाढ़ राहत के लिए भेजे गए फूड पैकेट की तस्वीर वायरल, इस पर एक्सपायरी डेट अक्टूबर 2024 लिखा

पाकिस्तान ने श्रीलंका को एक्सपायर्ड राहत सामग्री भेज दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक श्रीलंका में आए साइक्लोन दितवाह से निपटने के लिए पाकिस्तान ने मदद भेजी थी, लेकिन उन फूड पैकेट पर एक्सपायरी डेट अक्टूबर 2024 थी।

पाकिस्तान ने पानी, दूध पाउडर और आटे सहित कई पैकेट भेजे थे। पाकिस्तान हाई कमीशन श्रीलंका ने 30 नवंबर को सोशल मीडिया  पर इससे जुड़ा एक पोस्ट किया था। इसमें राहत सामग्री की तस्वीर भी जारी की गईं, जिसमें एक्सपायरी डेट लिखी नजर आ रही है। ये पोस्ट वायरल हो रहा है, कई यूजर्स पाकिस्तान की आलोचना कर रहे हैं। हालांकि अब तक पाकिस्तान का रिएक्शन सामने नहीं आया है।

श्रीलंका साइक्लोन दितवाह की वजह से भारी बाढ़ का सामना कर रहा है। इससे 390 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। 370 लोग लापता हैं। देश में 11 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं। वहीं, लगभग 2 लाख लोग घर छोड़कर शेल्टर होम में रह रहे हैं।

इससे पहले भी पाकिस्तान रिलीफ मटेरियल को लेकर विवादों में रह चुका है। साल 2022 में तुर्किये में 7.8 तीव्रता का भूकंप आया था। इस दौरान पाकिस्तान ने तुर्किये को उसी



का भेजा रिलीफ मटेरियल वापस पैक करके भेज दिया था। दरअसल, साल 2021 में पाकिस्तान में बाढ़ के बाद तुर्किये ने मदद भेजी थी। तुर्किये ने इस हरकत के लिए पाकिस्तान को फटकार भी लगाई थी। तुर्किये और सीरिया में भूकंप से 47 हजार लोगों की मौत हुई थी।

भारत ने तूफान दितवाह से प्रभावित श्रीलंका के लिए राहत सामग्री ले जा रही पाकिस्तान की फ्लाइट को अपने एयरस्पेस से गुजरने की मंजूरी दी। यह मंजूरी सिर्फ 4 घंटों के अंदर दी गई।

सरकार की तरफ से जारी एक बयान में कहा गया कि पाकिस्तान ने सोमवार दोपहर लगभग 1 बजे भारतीय एयरस्पेस के ऊपर से उड़ान भरने की रिक्वेस्ट की थी। इसका मकसद श्रीलंका को मानवीय मदद देना बताया गया। इसे देखते हुए भारत ने बहुत तेजी से रिक्वेस्ट प्रोसेस की।

वहीं, पाकिस्तानी मीडिया ने पहले दावा किया था कि भारत ने पाकिस्तान के लिए एयरस्पेस खोलने से इनकार कर दिया है। भारत ने इन दावों को खारिज कर दिया।

## अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

## वर्ग पहेली




### बाएं से दाएं

1. पैगंबर, खुदाई रहनुमा-2
4. कारगुजारी, करिश्मा-4
7. दौड़ना (अंग्रेजी-2)
8. पासे फेंक कर भविष्य जानने की विद्या-3
9. गहराई-2
10. राय, वोट-2
12. आलीशान, उदार-3
14. नकारना, इंकार करना-2, 3
15. चोरी करना-2, 3
17. राशन, खाद्य सामग्री-3
19. गन्ना-2
21. हर रोज, प्रतिदिन-2
23. वाद्य बजाने वाला-3
24. शारीरिक ऊंचाई-2
25. जहां ताजिए दफ्न करते हैं-4
26. महीन व मूल्यवान कपड़ा-4

### ऊपर से नीचे

1. हमेशा, हर पल, सदैव-4
2. जनता, लोक-2
3. द्रव पदार्थ-3
4. नागपुर के पास का एक कस्बा जहां जापान के सहयोग से भव्य बौद्ध मंदिर बना है-4
5. और, एवं-2
6. मन भटकाना-4
11. झगड़ा, कहासुनी-4
13. कोमलता-4
14. राजी करना-3
15. सहखिलाड़ी-4
16. चौकीदार, प्रहरी-4
18. कीचड़-4
20. नगद राशि-3
22. पानी से सराबोर-2
24. थोड़ा, जरा-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 145 | | 31 | | 32 | | 50 | = | 94 |
| | | | | | | | | |
| 60 | | 30 | | 20 | | 25 | = | 25 |
| | | | | | | | | |
| 50 | | 44 | | 24 | | 15 | = | 15 |
| | | | | | | | | |
| 10 | | 5 | | 40 | | 15 | = | 25 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 45 | | 40 | | 36 | | 25 | = | 59 / 16 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सु | रा | मा | त | र | र | अ | ट | गु | क | वि |
| दी | बी | सू | ह | का | ल | जी | दि | ल | को | ज |
| वा | र | ल | द | अं | त | त | मा | मो | ल | य |
| सं | वि | दा | जा | ल | क | वा | हा | ह | व | म |
| रा | ज | न | प | व | म | डे | डी. | म्स | सी | वें |
| दि | व | य | स | जि | स्क | क | इ | द | म | ट |
| बे | ह | बु | मां | या | म | र | ह | र | जा | श |
| श | जा | व | ला | ज | र | सी | डी. | ट | फ | धी |
| मों | रे | त | सू | ह | रे | दा | बे | जे. | र | र |
| मि | ल | व | त्त | र | ट | क | वें | न | गां | थ |
| या | र | म | न | लां | वा | इ | र | म्हे | ह | धी |


## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | | 3 | 5 | 1 | |
| 2 | 32 | 4 | 39 | 7 | 34 | 4 |
| | 1 | | 4 | | 5 | 2 |
| | 30 | 3 | 38 | 6 | 31 | |
| 1 | 2 | | 6 | | 7 | |
| 3 | 27 | 2 | 25 | 1 | 31 | |
| | 6 | 1 | 4 | | 3 | 5 |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजों...





## रंग भरकर चित्र बनाओ



# भारत को क्यों नहीं मिल रहा रूस से सस्ता तेलः अमेरिका, सऊदी और UAE से खरीद बढ़ी;

## ट्रम्प की धमकी या कोई और वजह



**भारत ने 4 साल में पहली बार रूस से तेल खरीदना कम कर दिया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की रिपोर्ट के मुताबिक सितंबर 2024 में रूस का शेयर 41% था जो सितंबर 2025 में घटकर 31% रह गया। इसकी एक बड़ी वजह भारत पर अमेरिका का 25% एक्स्ट्रा टैरिफ है।**

राष्ट्रपति ट्रम्प का कहना है कि भारत, रूस से कम कीमत में कच्चा तेल खरीद कर बेच रहा है। इससे पुतिन को यूक्रेन जंग जारी रखने में मदद मिल रही है। हालांकि ये सिर्फ अकेली वजह नहीं है, जिससे भारत रूसी तेल खरीदने से परहेज कर रहा है। पिछले एक साल में अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियां तेजी से बदली हैं।

### अमेरिकी टैरिफ से रूसी तेल का फायदा घटा, नुकसान ज्यादा

अप्रैल 2022 से जून 2025 तक भारत ने रूस से रोजाना 17-19 लाख बैरल रूसी क्रूड ऑयल खरीदा। इससे भारत को 17 अरब डॉलर की बचत हुई। भारतीय कंपनियों को भी करोड़ों रुपए का फायदा हुआ, लेकिन रूसी तेल खरीदने की वजह से ट्रम्प ने अगस्त में भारत पर 25% टैरिफ लगा दिया। इंडिया टुडे की एक रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रम्प के एक्स्ट्रा टैरिफ से भारतीय निर्यात को लगभग 37 अरब डॉलर का नुकसान हो सकता है और ग्रोथ रेट 1% तक गिर सकती है।

### रूसी कंपनियों पर प्रतिबंध से भारत को नुकसान

अमेरिका ने नवंबर में रूस की दो सबसे बड़ी तेल कंपनियों 'रॉसनेफ्ट' और 'लुकोइल' पर कड़े प्रतिबंध लगा दिए। ये दोनों कंपनियां भारत को रूस का लगभग 60% तेल सप्लाई करती थीं। इससे भारत को रूसी तेल की डायरेक्ट सप्लाई मुश्किल हो गई।


जैसे ही अमेरिकी प्रतिबंध लागू हुए, इन कंपनियों से किसी भी तरह का भुगतान, बैंकिंग लेनदेन, बीमा या शिपिंग करना गैरकानूनी हो गया। इसका सीधा असर भारत पर पड़ा, क्योंकि भारतीय रिफाइनरियां इन्हीं दो कंपनियों पर सबसे ज्यादा निर्भर थीं।

प्रतिबंध लागू होने के तुरंत बाद भारतीय बैंकों ने रूस की इन कंपनियों को पेमेंट रोक दिया। पेमेंट रुकते ही भारतीय ऑयल कंपनियों ने भी खरीद ऑर्डर वापस लेने शुरू कर दिए।

### रूस ने डिस्काउंट देना कम किया

यूक्रेन युद्ध के बाद रूस ने 20-25 डॉलर प्रति बैरल सस्ता क्रूड ऑयल बेचना शुरू किया। तब अंतरराष्ट्रीय मार्केट में कच्चे तेल की कीमत 130 डॉलर प्रति बैरल थी, ऐसे में ये छूट भारत के लिए किफायती थी।

हालांकि अब अंतरराष्ट्रीय मार्केट में कच्चे तेल की कीमत 63 डॉलर प्रति बैरल हो गई है। रूस ने भी अपनी छूट घटाकर 1.5 से 2 डॉलर प्रति बैरल कर दी है। इतनी कम रियायत में भारत को पहले जैसा फायदा नहीं मिल रहा, ऊपर से रूस से तेल लाने में शिपिंग और बीमा खर्च भी ज्यादा पड़ता है। इसी वजह से भारत अब दोबारा सऊदी, वअए और अमेरिका जैसे स्थिर और भरोसेमंद सप्लायर्स से तेल खरीद रहा है, क्योंकि अब कीमत में पहले जैसा बड़ा अंतर नहीं बचा।




### रूस रुपए में भुगतान लेने को तैयार नहीं

पिछले दो साल में भारत ने रूस से बहुत ज्यादा क्रूड ऑयल खरीदा है। जबकि भारत ने रूस को काफी कम एक्सपोर्ट किया है। इस असंतुलन की वजह से रूस के पास काफी ज्यादा भारतीय रुपया जमा हो गया है।


रूस इसे आसानी से डॉलर में एक्सचेंज नहीं कर सकता है और न ही इसे बाकी देशों के साथ व्यापार में इस्तेमाल कर सकता है।

इसकी वजह ये है कि रुपया इंटरनेशनल लेवल पर अभी ऐसी करेंसी नहीं है जिसे दुनिया के ज्यादातर देश आसानी से स्वीकार कर लें या जिसे ग्लोबल मार्केट में आसानी से एक्सचेंज कर सकें। ऐसे मे रूस रुपए को कहीं इस्तेमाल नहीं कर पाता है। लिहाजा वो इसमें पेमेंट लेने से बचता है।

इसके अलावा रूस से सस्ता तेल खरीदने के बाद सबसे बड़ी परेशानी पेमेंट की आती है। अमेरिका और यूरोप ने रूस पर कई तरह के आर्थिक प्रतिबंध लगाए हैं। इस वजह से अंतरराष्ट्रीय बैंक रूस से जुड़े लेन-देन को लेकर बेहद सतर्क रहते हैं। भारत जब रूस को पेमेंट भेजता है तो कई बार ट्रांजैक्शन रुक जाते हैं या मंजूरी देने में बहुत समय लगता है।


डॉलर में पेमेंट करने पर अमेरिकी दबाव और सैंक्शन का खतरा रहता है, इसलिए कई बार किसी तीसरे देश के बैंक के जरिए पैसा भेजना पड़ता है, जिससे प्रोसेस और उलझ जाता है। इन सब का असर भारतीय तेल कंपनियों पर पड़ता है। तेल भले सस्ता हो, लेकिन पेमेंट रुकने से शिपमेंट भी देर से पहुंचता है।

रूस ने कहा है कि वह जानता है कि अमेरिका की तरफ से भारत पर रूसी तेल न खरीदने को लेकर दबाव बनाया जा रहा है। लेकिन वह भारत और अमेरिका के रिश्तों में दखल नहीं देगा। यह बात क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने मंगलवार को कही।




### एव ने रूसी तेल से बने प्रोडक्ट लेने से इनकार किया

यूरोपियन यूनियन (एव) ने एक नया नियम बनाया है, जिसके तहत 21 जनवरी 2026 के बाद वह भारत, तुर्किये और चीन जैसे देशों से ऐसा डीजल, पेट्रोल या जेट फ्यूल नहीं खरीदेगा जो रूसी कच्चे तेल से बना हो। यह नियम रूस पर आर्थिक दबाव डालने के लिए लाए गए यूरोप के 18वें सैंक्शन पैकेज का हिस्सा है। अभी तक भारत सस्ता रूसी तेल खरीदकर उसे रिफाइन करके यूरोप को बेचता था, लेकिन अब यह रास्ता लगभग बंद हो जाएगा। भारत ने रूसी तेल से बने प्रोडक्ट का करीब आधा हिस्सा यूरोप को बेचा था, इसलिए नया नियम भारत पर सीधा असर डालता है। एव यह भी चाहता है कि बेचने वाले देशों को सबूत देना पड़े कि उनके फ्यूल में रूसी तेल नहीं है। इसके लिए रिफाइनरी को अपनी क्रूड स्ट्रीम अलग रखनी होगी या 60 दिनों तक रूसी तेल का इस्तेमाल बंद करके दिखाना होगा। अगर शक हुआ तो बैंक भी फाइनेंसिंग रोक सकती है।



■ वर्ष-12 अंक-31 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बुधवासरः 03 दिसम्बर, 2025

## सुभाषितानि

तैलाद्रक्षेत् जलाद्रक्षेत् रक्षेत् शिथिल बंधनात्।
मूर्खहस्ते न दातव्यमेवं वदति पुस्तकम्॥

**भावार्थ** : पुस्तक कहती है, तेल से मेरी रक्षा करो, जल से मेरी रक्षा करो, मेरे बंधन को ढीला मत होने दो, और मुझे मूर्ख के हाथों में मत डालो।

दानानां च समस्तानां चत्वार्येतानि भूतले।
श्रेष्ठानि कन्यागोभूमिविद्या दानानि सर्वदा॥

**भावार्थ** : कन्यादान, गोदान, भूमिदान और विद्यादान सभी दानों में सर्वश्रेष्ठ हैं।

## आरएसएस-सङ्घस्य परमं लक्ष्यं सम्पूर्णसमाजस्य संगठनं भवति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

सः मन्यते यत् आरएसएस-सङ्घस्य परमं लक्ष्यं सम्पूर्णसमाजस्य संगठनं भवति, न तु केवलं संकीर्णविचारधारायां राष्ट्रवादीभावनाः प्रेरयितुं। एतत् वचनं राजनैतिकविश्लेषकाणां विपक्षस्य च तीक्ष्णप्रतिक्रियाः आकर्षयितुं शक्यन्ते। यद्यपि आरएसएस-समर्थकाः एतत् वचनं भारतीयराष्ट्रवादस्य आरएसएस-उदारप्रतिबिम्बस्य च गहनबोधं प्रतिबिम्बयति इति मन्यन्ते तथापि विपक्षदलाः प्रश्नं कर्तुं शक्नुवन्ति यत् एकं राष्ट्रं, एकसंस्कृतिः इति विचारे सर्वदा बलं दत्तवती आरएसएसः कथं सहसा घोषयितुं शक्नोति यत् भारते राष्ट्रवादः मुद्दा नास्ति इति। समीक्षकाः तर्कयन्ति यत् एतत् कदमः आरएसएस-सङ्घस्य स्वस्य कट्टरराष्ट्रवादीप्रतिबिम्बं मृदुकरणाय अधिकं समावेशीरूपेण प्रतीयमानस्य प्रयासः भवितुम् अर्हति, विशेषतः यस्मिन् काले देशे।

## सम्पादकीयम्

### मुख्यमन्त्री प्रश्नः

आसनसाझेदारीवार्ता आरब्धमात्रेण तेषां कृते निष्कर्षं प्राप्तुं कठिनं जातम्। आसन-साझेदारी-घोषणा-समयः वारं वारं स्थगितः अभवत्। प्रथमं नामाङ्कनस्य अन्तिमा तिथिः, ततः नामाङ्कनस्य निवृत्तेः अन्तिमा तिथिः अपि अतीता, सहमतिः प्राप्तुं आशा च अपूर्णा एव आसीत् न्यूनतया एषा एव कथा आसीत् निर्वाचनस्य प्रथमचरणस्य। मुख्यमन्त्री प्रश्नः - रोचकं तत् अस्ति यत् निर्वाचनानन्तरं कोऽपि मुख्यमन्त्री भविष्यति इति प्रश्नः शिबिरयोः व्याकुलः अस्ति। ग्राण्ड एलायन्स् इत्यस्मिन् आरजेडी इत्यस्य आग्रहस्य अभावेऽपि काङ्ग्रेस-पक्षः अद्यापि सी.एम.-मुखं घोषयितुं न सहमतः अस्ति। अस्मिन् गठबन्धने अपि महत्त्वपूर्णः मित्रः अस्ति। सा आरजेड-नेता टेजाशवी-यादव-इत्यस्य आधिकारिकरूपेण नामकरणं कर्तुं अपि नकारितवती अस्ति, परन्तु सा निश्चितरूपेण तस्य नामस्य समर्थनं कुर्वती अस्ति। अपरपक्षे एनडीए-नगरे प्रथमसङ्घस्य गृहमन्त्री अमितशाहः ततः एलजेपी-नेता चिरग पसवा- पुनः पुनः अवदत् यत् विधायकाः निर्वाचनपरिणामानां बहिः गमनानन्तरं मुख्यमन्त्रीं निर्णयं करिष्यन्ति इति। तदनन्तरं जेडीयू-प्रवक्ता अवदत् यत् मुख्यमन्त्री केवलं नितिषकुमारः एव भविष्यति। विरोधाभासियों का प्रभावः वर्तमान में, ग्राण्ड गठबन्धन में विरोधाभासियों को केवल कुछ आसनों तक सीमित प्रतीत हो सकता है, जहाँ 'अनुकूल युद्ध' की चर्चा हो सकती है अर्थात् परस्पर सहमति से निर्वाचनों को प्रतिस्पर्धित करना।

भारत-दक्षिण-आफ्रिका-योः मध्ये बहुप्रतीक्षिता

## एकदिवसीयश्रृङ्खलायाः पूर्वं कप्तानः के.एल.राहुलः प्रमुखं स्वीकारं करोति




ब्रह्मास्त्र ▸▸ रांची

भारत-दक्षिण-आफ्रिका-योः मध्ये बहुप्रतीक्षिता त्रि-क्रीडा-एकदिवसीय-श्रृङ्खला श्वः नवम्ब-मासस्य ३० दिनाङ्के रांची-नगरे आरभ्यते। टेस्ट्-श्रृङ्खलायाः समाप्तेः अनन्तरं इदानीं सीमित-ओवर-क्रिकेट्-क्रीडायां द्वयोः दलयोः सामना भविष्यति। परन्तु अस्य मेलस्य पूर्वमेव भारतीयशिबिरे बल्लेबाजानां प्रदर्शनस्य विषये गम्भीरचिन्ता वर्तते। आहतस्य शुब्मनगिल इत्यस्य अनुपस्थितौ दलस्य नेतृत्वं कुर्वन् अनुभवी बल्लेबाजः के.एल.राहुलः मैचस्य पूर्वमेव आयोजिते पत्रकारसम्मेलने गृहपिचेषु निरन्तरं स्पिन-गेन्दबाजीविरुद्धं भारतीयबल्लेबाजानां संघर्षस्य संवेदनशीलविषये मुक्ततया उक्तवान्, सः स्वीकृतवान् यत् एषः विषयः टीम इण्डिया-सङ्घस्य कृते गहनचिन्तनस्य विषयः अभवत्।

के.एल.राहुलः भारतीयक्रिकेटस्य पारम्परिकस्य सामर्थ्यस्य विषये चिन्ताम् प्रकटितवान् यत् अधुना तस्य बृहत्तमं दुर्बलतां जातम्। एकस्मिन् पत्रकारसम्मेलने राहुलः स्वीकृतवान् यत् विगतकेषु सत्रेषु विशेषतः गृहे स्पिनविरुद्धं भारतीयबल्लेबाजानां प्रदर्शनं निराशाजनकम् अस्ति। सः स्पष्टतया अवदत् यत्, गतकेषु ऋतुषु वयं स्पिन-गेन्दबाजी-क्रीडायाः विरुद्धं उत्तमं प्रदर्शनं कर्तुं न शक्तवन्तः। सत्यं वक्तुं शक्यते यत् अहं न जानामि यत् पूर्वं कथं एतावत् सुन्दरं क्रीडामः, अधुना किमर्थं कष्टं प्राप्नुमः। मम स्पष्टं उत्तरं नास्ति। कप्तानस्य प्रवेशेन स्पष्टं भवति यत् एषा समस्या न केवलं दलप्रबन्धनस्य चिन्ताजनकः, अपितु तत्कालं समाधानस्य आवश्यकतां जनयति इति भ्रमः अभवत्।

समस्यां स्वीकृत्य राहुलः अपि अवदत् यत् इदानीं दलेन तस्य विषये गहनतया विचारः करणीयः इति। सः अवदत् यत्, अस्माभिः केवलं अवगन्तुं आवश्यकं यत् वयं कथं सुधारं कर्तुं शक्नुमः, व्यक्तिगतरूपेण, बल्लेबाजीसमूहरूपेण च। सः दलस्य बल्लेबाजान् आग्रहं कृतवान् यत् ते स्वकीयानि समाधानं अन्विष्य स्वस्य तकनीके अधिकं परिश्रमं कुर्वन्तु येन स्पिनविरुद्धं पूर्वलाभं निपुणतां च पुनः प्राप्तुं शक्नुवन्ति। परम्परागतरूपेण भारतीयाः बल्लेबाजाः सर्वदा स्पिन-गेन्दबाजी-क्रीडायाः सर्वोत्तमाः क्रीडकाः इति मन्यन्ते, परन्तु अधुना तेषां बृहत्तमः अकिलेस्-पार्ष्णिः अभवत्।

समस्या रात्रौ एव निराकृता न भविष्यति कप्तान राहुलः अपि स्पष्टं कृतवान् यत् एषा तान्त्रिक-मानसिक-समस्या रात्रौ एव समाधानं कर्तुं न शक्यते। सः अवदत् यत् एतानि वस्तूनि रात्रौ एव न निश्चिन्ताः भविष्यन्ति। अस्माभिः धैर्यं धारयितव्यं, कुत्र सुधारस्य आवश्यकता अस्ति इति पश्यितव्यम्। तस्य ध्यानं आगामिषु आव्हानेषु वर्तते।

केवलं जनसमूहं स्तब्धं कृतवान्

## ईडी-अधिकारिणां मते खच्चर-खातेः उपयोग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

अवैधव्यवहारस्य अन्वेषणे अयं प्रकरणः विशेषतया गम्भीरः अस्ति यतोहि अस्मिन् खातेन सह सम्बद्धं धनं उदयपुरे विवाहादिकं भव्यकार्यक्रमाय उपयुज्यते स्म गुजरातराज्यस्य एकः युवा राजनेता सम्मिलितः अस्य व्ययस्य सम्यक अन्वेषणं क्रियते, तत्र सम्बद्धस्य राजनेतुः अपि प्रश्नः भविष्यति इति संभावना वर्तते। ईडी-अधिकारिणां मते खच्चर-खातेः उपयोगः नकली-केवाईसी-दस्तावेजानां उपयोगेन अज्ञातस्रोताभ्यां च धनं स्थानान्तरयितुं कृतः। अयं सम्पूर्णः प्रकरणः अवैधसट्टेबाजी-धनशोधनजाले संलग्नतायाः परिमाणं परिमाणं च स्पष्टतया प्रकाशयति।

एतत् प्रकाशनं न केवलं जनसमूहं स्तब्धं कृतवान् अपितु अवैधधनशोधनजालानि नित्यव्यक्तिनां लघुलेखानां च उपयोगेन कोटिरूप्यकाणां व्यवहारं कथं कर्तुं शक्नुवन्ति इति अपि प्रदर्शितवान्। अन्वेषणस्य अग्रिमे चरणे ईडी उदयपुरे रैपिडो चालकस्य विवाहस्य, तत्सम्बद्धानां निधिव्यवहारस्य च सम्यक परीक्षणं कुर्वन् अस्ति। अधिकारिणः इदं सुनिश्चितं कर्तुम् इच्छन्ति यत् अस्य धनशोधनजालस्य सर्वेषां संयोजनानां लाभार्थीनां च पहिचानः भवति। रैपिडो चालकस्य खाते निक्षिप्ता एषा महती राशिः उदयपुरविवाहे व्ययितराशिः च सूचयति यत् खच्चरखातानां उपयोगः बृहत्परिमाणेन अवैधव्यवहाराय कथं क्रियते। ईडी इत्यस्य अन्वेषणं निरन्तरं तीव्रं भवति, आगामिषु सप्ताहेषु अधिकानि महत्त्वपूर्णानि प्रकाशनानि अपेक्षितानि सन्ति। अस्मिन् प्रकरणे अपि स्पष्टं जातं यत् सामान्यनागरिकाणां अवगमनात् परं, ऑनलाइन-सट्टेबाजी-धनशोधनयोः माध्यमेन बृहत्-प्रमाणेन अवैध-धनव्यवहारः भवति अधिकारिणः वदन्ति यत् अन्वेषणस्य समाप्तेः अनन्तरं सर्वेषां सम्बद्धानां व्यक्तिनां लेखानां च विषये।

## राशिफल

**मेष** : जो लोग किसी रिलेशन में हैं, उनके लिए आज की एनर्जी पार्टनर के साथ आपके रिश्ते में फिर से रोमांस जगा सकती है।

**वृषभ** : स्वास्थ्य अच्छा है। अगर आप आज डेट पर नहीं जा रहे हैं तो ज्यादा स्ट्रेस न लें। मेंटल हेल्थ पर गौर करें।

**मिथुन** : आज स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। आज सेहत ठीक रहेगी लेकिन अपने रूटीन को जरूर फॉलो करें।

**कर्क** : अपने पार्टनर की गुड क्वालिटीज पर फोकस करें, जिससे आपका रिलेशन मजबूत बना रहेगा।

**सिंह** : आपको परेशानियां पसंद हैं क्योंकि वे आपको मजबूत बनाती हैं। प्रेम-संबंधी समस्याओं को सुलझाएं।

**कन्या** : उन पदों के बारे में सोचें, जिनके लिए रिसर्च, योजना या अन्य लोगों के साथ काम करने की आवश्यकता होती है।

**तुला** : आपका प्रेम जीवन अधिक गंभीर हो सकता है। सिंगल लोग दफ्तर या जिम में अपनी डेट से मिल सकते हैं।

**वृश्चिक** : आप अपने साथी को संतुष्ट और खुश रखने के लिए प्रेम संबंधों में समस्याओं का समाधान करेंगे।

**धनु** : प्रोफेशनल रूप से अपनी योग्यता साबित करने के लिए ऑफिस में चुनौतियों पर विजय पाएं।

**मकर** : कपल्स को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे एक हेल्दी लाइफस्टाइल पाने की दिशा में काम करें।

**कुंभ** : अपने पार्टनर के साथ टाइम बिताते हुए प्रेमी को खुश रखें। वहीं आपकी हेल्थ भी आज सही रहेगी।

**मीन** : आज इमोशनल संतुलन को प्रभावित करने वाले पिछले मुद्दों से निपटने का एक अच्छा समय है।

卐 卐 卐 **ज्योतिष/वास्तु** 卐 卐 卐

# गुरु गोचर से बदलेगा इन 3 राशि वालों का भाग्य, 6 महीने तक मिलेंगे मनचाहे परिणाम

गुरु वक्री अवस्था से गोचर कर मिथुन में अपना स्थान लेंगे, इसलिए कुछ राशियों पर इसका गहरा और विशिष्ट असर पड़ सकता है। इससे जातकों के निर्णयों लेने की क्षमता में बदलाव, करियर-कारोबार में कामयाबी, मान-सम्मान की प्राप्ति सहित कई अन्य मनचाहे परिणाम मिल सकते हैं। आइए इन लकी राशियों को जानते हैं।

ख४स्र३१९ ळ१ल्ल२३८ल्ल त्रील्ल 2025: 4 दिसंबर 2025 को गुरु का राशि परिवर्तन होने वाला है। वह रात 8 बजकर 39 मिनट पर वक्री अवस्था में कर्क से मिथुन राशि में एंट्री करेंगे। उनके इस गोचर का प्रभाव सभी राशियों सहित देश-दुनिया के कार्य व यात्राओं पर पड़ने वाला है। गुरु ज्ञान, भाग्य, धर्म और संतान के कारक ग्रह है। कुंडली में उनका स्थान जातकों के वैवाहिक जीवन और शिक्षा पर खास प्रभाव डालता है। इसके अलावा गुरु जब भी अपनी चाल में बदलाव करते हैं, तब उनका असर सामान्य से कई गुना बढ़ जाता है। अब चूंकि गुरु वक्री अवस्था से गोचर कर मिथुन में अपना स्थान लेंगे, इसलिए कुछ राशियों पर इसका गहरा और विशिष्ट असर पड़ सकता है। इससे जातकों के निर्णयों लेने की क्षमता में बदलाव, करियर-कारोबार में कामयाबी, मान-सम्मान की प्राप्ति सहित कई अन्य मनचाहे परिणाम मिल सकते हैं। आइए इन लकी राशियों को जानते हैं।



**वृषभ राशि–** गुरु गोचर से वृषभ राशि वालों के भाग्य में वृद्धि होगी। आपको संतान सुख, वैवाहिक सुख और शिक्षा में अच्छे परिणाम मिलेंगे। सेल्स, मार्केट व लेखन के क्षेत्र से जुड़े लोगों को आगे बढ़ने के नए मौके प्राप्त होंगे। इस समय जीवन में समृद्धि और स्थिरता आएगी। गुरु के प्रभाव से लंबे समय से अटके कार्यों को गति मिलेगी। परिवार में वाणी की तारीफ होगी। कोर्ट के मामले हल होते नजर आएंगे। निवेश में अच्छी धन राशि मिलने से नया काम जमा सकते हैं। घर और बाहर रिश्तों में मिठास होने से स्वयं को भाग्यशाली महसूस करेंगे।

**मिथुन राशि–** मिथुन राशि वालों के लिए समय बदलावों से भरा रहेगा। यह अवधि भाग्य को अधिक मजबूत करेगी। गुरु के प्रभाव से आपके ज्ञान में बढ़ोतरी होगी। शिक्षा में मनचाहे अंक मिलने से करियर को नई दिशा देंगे। इस समय मनचाहा कॉलेज, कोर्स या कोई काम आपको प्राप्त होगा। व्यापार को लेकर भी जो प्रयास करेंगे, उसका फल अपेक्षानुसार आपको मिलेगा। इस समय जीवन में खुशियों का आगमन होने के संकेत हैं। नए लोगों के मिलने से कुछ बदलाव महसूस होंगे। जीवन जीने के नए मार्ग भी आपके मिलेंगे।

**सिंह राशि–** सिंह राशि वालों को सेल्स, मीडिया, कोचिंग और संगीत जैसे फील्ड में बंपर लाभ मिलेगी। इस समय आपके प्रयासों के चलते भी आपकी मनचाही सक्सेस तय है। गुरु गोचर से कोई बहुप्रतीक्षित मनोकामना पूर्ण होने से मन प्रसन्न रहेगा। यदि आप अविवाहित हैं, तो विवाह के योग बनेंगे पैतृक संपत्ति से जुड़े विवाद दूर होंगे और स्थायी संपत्ति में वृद्धि होगी। पुराने मित्रों और प्रिय लोगों से मुलाकात संभव है। कुल मिलाकर समय आपके भाग्य को बदलने वाला रहेगा। जिस भी क्षेत्र में अपना पैर रखेंगे, आपको सफलता की प्राप्ति हो सकती हैं।

## खबर एक नजर...

### कचरा गाड़ी ने बाइक सवार को मारी टक्कर

**उज्जैन।** मक्सीरोड उद्योगपुरी क्षेत्र में कचरा गाड़ी क्रमांक एमपी 13 जीए 8646 के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाकर बाइक पर सवार महेश पिता बद्रीलाल जादम निवासी शिवपुरा कायथा हाल मुकाम विजयागंज मंडी को टक्कर मार दी। बाइक चालक घायल हो गया, जिसे उपचार के लिये अस्पताल भेजा गया। पंवासा थाना पुलिस ने सूचना मिलने पर मामला जांच मे लिया और घायल के बयान दर्ज किये। मंगलवार को कचरा गाड़ी चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है।

### दीवार बनाने की बात पर 2 भाईयों में विवाद

**उज्जैन।** ग्राम केसरपुर निपानिया में मकान की दीवार बनाने की बात पर राहुल पिता मोकमसिंह चौहान का अपने छोटे भाई रामकिशोर चौहान के साथ विवाद हो गया। पहले दोनों में कहासुनी हुई, जिसके बाद मामला मारपीट और जान से मारने की धमकी देने तक पहुंच गया। मामला तराना थाने पहुंचने पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि दोनों भाई साथ रहते है, उनके मकान का काम चल रहा है। दोनों का एक-दूसरे से कहना था कि दीवार तुझे बनवाना होगी।

### विवाद हुआ सास-बहू का, फावड़ा मारा पत्नी को

**उज्जैन।** तराना के ग्राम देवली की रहने वाली रीनाबाई को मायके स्थित ग्राम डेलची में रहने वाले परिजन उपचार के लिये चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। रीनाबाई के सिर में गहरी चौंट लगी थी। परिजनों ने बताया कि रीना का मकान खेत पर बना हुआ है, जीवनसिंह से शादी हुई है। दोपहर में कपड़े धोने की बात पर सास कंचनबाई से विवाद हो गया था। दोनो के बीच काफी कहासुनी हुई थी। कुछ देर बाद जीवनसिंह घर लौटा तो मां कंचनबाई ने बहू द्वारा विवाद करने की शिकायत की। जीवनसिंह नशे की हालत में था, उसने खेत पर रखे फावड़े से रीना पर हमला कर दिया। तराना पुलिस के अनुसार मामले में रीना के रिश्तेदार सज्जनसिंह मोंगिया निवासी ग्राम डेलची माकडोन की शिकायत पर रीना से मारपीट करने वाले पति पर धारा 296 बी, 115 (2), 351 (3), 3 (5) बीएनएस का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया है।

### चालक की लापरवाही से हुई थी महिला की मौत

**उज्जैन।** राघवी थाना क्षेत्र के ग्राम धौंसला में 5 नवम्बर को राधाबाई पति मांगीलाल जोशी 40 साल निवासी ग्राम बमनई झारड़ा को पैदल जाते समय पीछे से आये चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी थी। राधाबाई की दुर्घटना में मौत हो गई थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया था। 25 दिन बाद पुलिस ने चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाकर महिला की जान लेने का प्रकरण धारा 106 (1) में केस दर्ज किया है। चालक को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय में पेश किया जायेगा।

### तलवार के साथ पकड़ाया बेटे पर हमला करने वाला

**उज्जैन।** बेटे पर चाकू से हमला कर चुका पिता तलवार के साथ पुलिस हिरासत में आ गया। बड़नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि आरोपी बनेसिंह पिता रामचंद्र कीर 48 साल निवासी ग्राम सुकलाना है। बेटे पर हमला करने के मामले में फरार था। उसके खिलाफ पूर्व में कई मामले दर्ज है। तलवार जप्त होने पर आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया है। वहीं बेटे पर हमले के आरोप में भी गिरफ्तारी की गई है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 456-5 | 246-2 |
| मेन बाजार | 137-1 | 167-4 |
| मिलन डे | 249-5 | 128-1 |
| मिलन नाइट | 128-1 | 580-3 |

4 5 8

## 50 कैमरों के देखे फुटेज, तीन गिरफ्तार 2 की तलाश

# मौसरे भाई ने सुपारी देकर कराया जानलेवा हमला

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

ऑनलाइन क्लीन सर्विस सेंटर संचालित करने वाले युवक पर चाकू से हमला करने वाले 3 बदमाशों को 14 दिन बाद गिरफ्तार कर लिया गया। बदमाशों को हमला करने की सुपारी मिली थी। जो घायल के मौसेरे भाई ने दी थी। पुलिस अब मौसेरे भाई के साथ एक अन्य की तलाश कर रही है।

शांतिनगर में रहने वाला अमन पिता जगदीश प्रजापत 25 साल मुनीनगर क्षेत्र में ऑनलाइन क्लीन सर्विस सेंटर का ऑफिस संचालित करता है। 17 नवम्बर की सुबह 11.30 बजे उसके ऑफिस में आये तीन बदमाशों ने ताबातोड़ चाकू से हमला किया था और भाग निकले थे। नानाखेड़ा थाना पुलिस ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ जानलेवा हमले का प्रकरण दर्ज किया था। वहीं चाकूबाजी में घायल हुए अमन ने शंका जताई थी कि हमला उसकी मौसी के लड़के रवि प्रजापत ने कराया है। पुलिस ने मुनीनगर क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे थे। जिसमें हमला करने वाले 3 बदमाश दिखाई दिये थे, लेकिन घायल ने जिस पर शंका जताई थी वह नहीं दिखा था। फुटेज देख घायल ने तीनों हमलावरों को भी नहीं पहचाना था। एसआई अनिल ठाकुर ने बताया कि बदमाशों का पता लगाने के लिये आगे की कैमरों को खंगाला गया, जिसमें पता चला कि हमला करने वाले एक अन्य बाइक सवार के साथ भागे है। 14 दिनों में करीब 50 कैमरों को देखने के बाद हमला करने वाले शंकर राव उसके भाई कान्हा राव निवासी जयसिंहपुरा और पवन नाथ निवासी भूखी माता रोड को गिरफ्तार किया गया। जिनसे चाकू बरामद कर तीनों को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ भेजा गया है।




### हमले के लिये रवि ने दिये थे 10 हजार

जानलेवा हमला करने वाले आरोपियों के गिरफ्त में आने पर पूछताछ के दौरान सामने आया कि उन्हे हमला करने के लिये रवि प्रजापत ने 10 हजार रुपए दिये थे। रवि भी क्लीन सर्विस सेंटर का काम करता है और अमन प्रजापत का भाई है। दोनों के बीच काम को लेकर प्रतिस्पर्धा बनी हुई थी। जिसके चलते रवि ने हमला कराया था। एसआई ठाकुर के अनुसार रवि प्रजापत का नाम हमलावरों से सामने आने पर उसके खिलाफ भी प्रकरण दर्ज किया गया है। वहीं हमले के बाद तीनों आरोपी जिस बाइक चालक के साथ भागे थे, उसकी भी गिरफ्तारी की जायेगी। फिलहाल रवि और बाइक चालक फरार है।

### पहले साथ करते थे काम

बताया जा रहा है कि रवि प्रजापत और अमन प्रजापत पहले दोनों साथ में ऑनलाइन क्लीन सर्विस का काम करते थे। लेकिन कुछ महिनों पहले अमन ने अलग मुनिनगर में ऑफिस खोल लिया था, उसने अपना काम भी काफी अच्छा जाम लिया था। वहीं अमन के अलग होने पर रवि का काम मंदा पड़ गया था। जिसके चलते उसने साजिश रची और सुपारी देकर हमला कराया।

## गिरफ्त में नाबालिग के अपहरण में शामिल 3 आरोपी



ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

नाबालिग के अपहरण मामले में फरार चल रहे 3 आरोपियों को 46 दिन बाद गिरफ्तार कर लिया गया। नाबालिग के अपहरण के बाद दुष्कर्म करने वाले मुख्य आरोपी पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका था। मामले में बड़नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि 14 अक्टूबर को कस्बे की रहने वाली 16 वर्षीय बालिका के अपहरण का मामला परिजनों की शिकायत पर दर्ज किया गया था। बालिका को 6 नवम्बर को इंदौर से दस्तयाब कर लिया था। बालिका के साथ शंकर पिता भगवानसिंह चौहान निवासी ग्राम गुरला उन्हेल द्वारा दुष्कर्म किया गया था। जिसे गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। बालिका के बयान में सामने आया था कि अपहरण में शंकर का साथ कृष्णासिंह उर्फ कान्हा पिता रतनसिंह पंवार ग्राम नावदा, गोपालसिंह पिता रतनसिंह पंवार और अमरसिंह पिता हटेसिंह पंवार ने दिया था। मामले में तीनों के खिलाफ भी अपहरण का प्रकरण दर्ज कर तलाश की जा रही थी। घटना के 46 दिन बाद तीनों आरोपियों को नवादा से गिरफ्तार कर लिया गया। उनकी निशानदेही पर अपहरण में प्रयुक्त कार क्रमांक एमपी 09 एएफ 0464 जप्त की गई है। मंगलवार तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। तीनों को गिरफ्तार करने में एसआई चांदनी पाटीदार, प्रधान आरक्षक राहुलसिंह राठौर, रामनारायण चौहान, आरक्षक स्वरूप, अश्विनी पाठक के साथ टीम की भूमिका रही।

## राजस्थान के ड्रायवर पर चढ़ा ट्रक, दबने से मौत

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

कंट्रक्शन कंपनी में काम करने वाले राजस्थान के ड्रायवर पर मंगलवार सुबह ट्रक चढ़ गया। पहिये के नीचे दबने से ड्रायवर की मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने ट्रक जप्त कर चालक को हिरासत में लिया है।

नरवर थाना प्रभारी बल्लू मंडलोई ने बताया कि ग्राम दताना में ग्वालियर की कंपनी द्वारा पाइप लाइन डालने के साथ कंट्रक्शन का काम किया जा रहा है। कंपनी के साथ मिलकर ड्रायवरी करने वाला शेरसिंह पिता कालूसिंह रावत 31 साल निवासी ग्राम नयागांव अजमेर राजस्थान सुबह 7.30 बजे के लगभग पैदल सड़क पार कर चाय-नाश्ता करने जा रहा था। उसी दौरान देवास की ओर से लोडिंग ट्रक क्रमांक एमपी 09 एचजे 2233 अचानक आ गया। शेरसिंह ट्रक से टकरा गिरा और उसके ऊपर अगला पहिया चढ़ गया। पहिये के नीचे दबने से शेरसिंह की मौके पर मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पहुंच गई थी। मृतक के परिजनों को सूचना दी गई और शव को पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल भेजा गया। मौके से ट्रक को जप्त कर चालक को हिरासत में लिया गया है। ट्रक में पाइप भरे हुये है। मामले में मर्ग कायम कर दोपहर में मृतक के परिजनों के आने पर पोस्टमार्टम कराया गया है। परिजन शव अपने साथ राजस्थान लेकर गये है।



### कार-ट्रेक्टर की हुई भिड़ंत

नरवर थाना क्षेत्र के गरोठ ब्रिज पर मंगलवार शाम कार और ट्रेक्टर के बीच भिड़ंत हो गई। कार में अभिषेक पिता धनंज्य 30 साल निवासी लाभा रेसीडेंसी मूसाखेड़ी इंदौर सवार था, दुर्घटना में वह घायल हुआ है। नरवर थाना प्रभारी मंडलोई के अनुसार घायल कार सवार को उपचार के लिये अस्पताल भेजा गया है। चालक ट्रेक्टर छोड़कर भाग निकला है। घायल के संबंध में जानकारी सामने आई कि वह ज्यूडिशल विभाग से जुड़ा है। उसके बयान दर्ज कर मामले की जांच शुरू की जायेगी।

# भाई ने दिया था 50 हजार रुपये की लूट को अंजाम

### वारदात के बाद घायल बहन को देखने पहुंचा था अस्पताल

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

हीरामिल की चाल क्षेत्र में सोमवार को हुई आयुर्वेदिक कॉलेज से सेवानिवृत्त महिला के साथ 50 हजार की लूट में भाई शामिल होना सामने आया है। मंगलवार रात पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर रुपए बरामद कर लिये है। फिलहाल पूछताछ की जा रही है। आज पूरे मामले का खुलासा किया जा सकता है।

अंकपात मार्ग पर रहने वाली संपत्तबाई पति स्व. भैरूलाल 65 साल के साथ सोमवार को हीरामिल की चाल क्षेत्र में 50 हजार की लूट होना सामने आया था। संपत्तबाई के साथ गंभीर मारपीट भी हुई थी। जिसके चलते देवासगेट थाना प्रभारी अनिला पाराशार ने उपचार के लिये चरक अस्पताल में भर्ती कराया था। मामले में बयान दर्ज कर अज्ञात के खिलाफ लूट का मामला दर्ज करने के बाद सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गये थे और एसआई राधेश्याम आवलिया के साथ आरोपी का पता लगाने के लिये टीम बनाई थी। 24 घंटे बाद पुलिस ने मामले में मंगलवार रात आरोपी देवीलाल पिता नानूराम दमामी निवासी मंगलनगर को गिरफ्तार कर लिया। जो लूट का शिकार घायल संपत्तबाई का भाई होना सामने आया है। बताया जा रहा है कि पुलिस ने कैमरों के फुटेज देखे थे, उस दौरान देवीलाल की मौजदूगी वारदात स्थल के आसपास दिखाई दी थी। उसने पीछे से आकर वारदात को अंजाम दिया था, जिसके चलते संपत्तबाई उसे पहचान नहीं पाई थी। वारदात के बाद वह काफी घबरा गई थी वहीं गंभीर जगह चोंट लगने पर सूधबुध खो बैठी थी। बताया जा रहा है कि पुलिस ने आरोपी भाई को हिरासत में लेने के बाद रात में उसके घर मंगलनगर से 50 हजार रुपए भी जप्त कर लिये है। वहीं बैंक से निकालने के दौरान संपत्तबाई द्वारा भाई को दिये साढ़े तीन लाख रुपए भी आरोपी भाई के घर से मिले है। मामले में थाना प्रभारी अनिला पाराशर का कहना था कि आरोपी से पूछताछ कर पता लगाया जा रहा है कि उसने वारदात की साजिश कैसे रची और कैसे अंजाम दिया। पूछताछ पूरी होने पर बुधवार को खुलासा किया जायेगा।



### वारदात के बाद पहुंचा था अस्पताल

संपत्तबाई के साथ हुई चाकू की नोंक पर लूट और मारपीट के बाद आरोपी भाई शाम को घायल बहन को देखने चरक अस्पताल भी पहुंचा था, उसके चेहरे पर वारदात करने का खौफ भी नहीं था। वह ऑपरेशन थियेटर के बाहर ही घूम रहा था। उस दौरान उसका कहना था कि बहन को मकान बनाने के लिये रुपयों की जरूरत थी, दिन में बहन के साथ चिमनगंज एसबीआई बैंक गया था। जहां से 4 लाख रुपए निकले थे। बहन ने साढ़े तीन लाख देखकर घर भेजा था और 50 हजार रुपए लेकर अकेली बाजार से खरीददारी करने चली गई थी। वह रात में भी अस्पताल में रहा। लेकिन उसे पता नहीं था कि कानून के हाथ लम्बे है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com